खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

लखनऊ, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 291 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 27 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



130वें संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा पेज 2



एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को हरी झंडी खेल टाइम्स



खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत सम्पादकीय



भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार:जयशंकर पेज 12

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन, बद्रीनाथ-गंगोत्री हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में गुरुवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर 2 किमी दूर बह रही है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है। यमुनोत्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। इधर, गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। जूनागढ़ जिले में 12 घंटों में 331एमएम बारिश हुई। एनडीआरएफ ने पोरबंदर जिले के एक स्कूल में फंसे 46 बच्चों और 4 टीचर्स को बचाया।

### भ्रामक विज्ञापन देने पर रैपिडो पर 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यहां गुरुवार को रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने यह कार्रवाई उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए किया है। सीसीपीए ने इसके साथ ही ऑनलाइन कैब व बाइक राइड बुक करने वाले प्लेटफॉर्म रैपिडो को यह सुनिश्चित करने को भी कहा है कि 5 मिनट में ऑटो या 50 रुपये प्राप्त करें ऑफर वाली योजना में शामिल उपभोक्ताओं को वायदे के मुताबिक अगर 50 रुपये मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्हें बिना किसी देरी के पूरी राशि दी जाए।

### सतीश गोलचा दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सक्षम अधिकारी की मंजूरी से श्री गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी होगी। श्री गोलचा को श्री एसबीके सिंह के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गई है। होम गार्ड के महानिदेशक श्री सिंह को इसी महीने एक तारीख को दिल्ली पुलिस के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री गोलचा 1992 बैच के पुलिस अधिकारी हैं और अभी महानिदेशक (जेल) के पद पर कार्यरत हैं।

### NIAने तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने 2019 के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित पीएफआई आतंकी संगठन से संबंधित एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा दिखता है

## देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अनुभव साझा किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अपने अनुभव को अविश्वसनीय बताते हुए गुरुवार को कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है।

यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा घर के खाने को मिस किया। उन्होंने देश के बच्चों के लिए संदेश भी दिया कि उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिए कि वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं। श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह वास्तव में अविश्वसनीय था। प्रशिक्षण के दौरान आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन वास्तविक अनुभव अलग होता है। उन्होंने बताया कि यह बेहद सफल मिशन रहा और सारे उद्देश्य पूरे हो गए। वायुसेना में टेस्ट पायलट शुक्ला ने अपने 18 दिन के प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में सात तरह के प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान काफी कुछ जानने और सीखने को मिला, जो देश के गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में जाने के बाद पहले तीन-चार दिन अच्छा नहीं लगा, लेकिन उसके बाद सामान्य लगने लगा। तीसरे -शेष पृष्ठ दो पर



■ शुभांशु शुक्ला का बच्चों को संदेश- खुद पर भरोसा रखें वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं

### राजनाथ सिंह से मिले ग्रुप कैप्टन शुक्ला

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनके साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव तथा उपलब्धियां साझा की।

श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को बधाई दी और उनके सफल मिशन को भारत के अंतरिक्ष में मानव मिशन की यात्रा में मील का पत्थर बताया। रक्षा मंत्री ने अंतरिक्ष स्टेशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोगों की सफलता का उल्लेख करते हुए भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ मुलाकात के बाद एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

### असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा

**दिसपुर।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं हैं, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे।

# न्यायिक आतंकवाद से बचें कोर्ट

## राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के मामले में सीजेआई की बेबाक टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने के मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक सक्रियता, न्यायिक आतंकवाद नहीं बनना चाहिए।

सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन मामले की सुनवाई की। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर शामिल हैं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोगों को काफी अनुभव होता है और उसे कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। इस पर सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा है। मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए। तुषार मेहता ने अपने सबमिशन में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया, जिसमें राज्यपालों की शक्तियों पर बात की गई। इस मामले पर सुनवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोग सीधे तौर पर जनता का सामना करते हैं। अब लोग जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हैं। 20-25 साल पहले हालात अलग थे। अब मतदाता जागरूक हैं और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्यपाल के पास मंजूरी रोकने का पूरा अधिकार है, जो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 200 से मिला हुआ है।



हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए

### राज्यों को बातचीत करके विवाद निपटाने चाहिए: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो राज्यों को कोर्ट की बजाय बातचीत से हल निकालना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान अदालतें नहीं हो सकतीं। लोकतंत्र में संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे यहां दशकों से यही प्रथा रही है। मेहता ने आगे कहा कि मान लीजिए कि राज्यपाल विधेयकों पर विचार नहीं कर रहे हैं, तो राजनीतिक समाधान हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है। ऐसा हर जगह नहीं होता कि मुख्यमंत्री अदालत की ओर दौड़ पड़ते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां बातचीत होती है, मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलते हैं, वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलते हैं और समाधान निकल आता है।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग (संवर्धन एवं नियमन) विधेयक 2025 को गुरुवार को राज्यसभा ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गई है। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को इसी तरह हंगामे के बीच बिना बहस के पारित कर दिया था।

राज्यसभा में पहले स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे कार्यवाही पुनः शुरू हुई थी। विपक्षी दलों के सदस्यों और हंगामे के बीच ही उप सभापति हरिवंश की अनुमति से इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखा। सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने और इसके कुछ उपबंधों में संशोधन के कुछ विपक्षी सदस्यों के प्रस्तावों को नामंजूर करते हुए इसे बिना बहस के ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीठ से शिकायत की -शेष पृष्ठ दो पर



■ सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने के प्रस्तावों को किया नामंजूर

### संसद का मानसून सत्र खत्म, कुल 21 बैठकें हुईं

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हुआ। यह सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। वहीं राज्यसभा में 41 घंटे चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 15 बिल पास हुए। सबसे चर्चित बिल गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। सीएम सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का वीआईपी सिक्योरिटी ग्रुप करेगा।

यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है। दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खमिजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था।

■ 20+ हथियारबंद सीआरपीएफ जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे

# खत्म होगा 12 व 28 % जीएसटी स्लैब

## केंद्र सरकार के प्रस्ताव को जीओएम ने किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** सरकार जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) प्रणाली को और सरल बनाने की तैयारी कर रही है। हाल ही में जीओएम की बैठक हुई, जिसमें केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी स्लैब को रिजनेबल बनाने के लिए सहमति बन गई है।

इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने मौजूदा चार स्लैब को घटाकर केवल दो स्लैब रखने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि अब 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे और केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब रहेंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बनी इस छह सदस्यीय मंत्रिसमूह ने यह फैसला किया है कि जीएसटी की दरों को केवल दो स्लैब में बांटा जाएगा। इसमें अच्छी और आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत की दर लागू होगी, जबकि अधिकांश मानक वस्तुओं और सेवाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया जाएगा। इसके अलावा लग्जरी वस्तुएं 40 प्रतिशत के स्लैब में रहेंगी। इस फैसले के बाद लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं जो पहले 12 प्रतिशत की दर पर थीं, अब 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

■ कांग्रेस का दावा नेता विपक्ष राहुल गांधी के दबाव के चलते सरकार ने लिया फैसला

# सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

श्री रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पीसी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। श्री मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। श्री रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया। प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। चुनाव में श्री रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान 9 सितम्बर को होगा और मतों की गिनती उसी दिन शाम को कराई जाएगी।

■ उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितम्बर को होगा मतदान

# मानव रहित मिशन साल के अंत तक होगा लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा, जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है। व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। डा. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवतः दिसम्बर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बने। वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गए थे। उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किए और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी।



■ भारत के अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा, 2027 में जाएंगे अंतरिक्ष यात्री

### इसरो के वैज्ञानिकों ने बचाई थी अंतरिक्ष यात्रियों की जान

**नई दिल्ली।** एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग से पहले ऐन वक्त पर यदि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने हस्तक्षेप नहीं किया होता, तो यह 'विनाशकारी' हो सकता था और मिशन में शामिल सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों की जान जा सकती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने जारी किया मेडिकल छात्र की मौत पर नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा कि उसने 9 अगस्त 2025 को कानपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 25 वर्षीय एक मरीज की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने अपने एक बयान में कहा कि उसने घटना पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मीडिया में आई खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि अस्पताल और पुलिसकर्मियों के कुप्रबंधन के कारण समय पर और उचित उपचार के अभाव में युवक की मृत्यु हुई।

### श्रमिकों के अनाथ बच्चों के लिए मॉक टेस्ट कराएगा विभाग

**लखनऊ।** श्रम विभाग पहली बार अटल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले श्रमिकों और कोविड में अपने मां बाप को खोने वाले बच्चों के लिए सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट कराएगा, जिससे समय से पहले ही बच्चे अपना आंकलन कर परीक्षा की तैयारी कर सकें। प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। इन विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे व कोविड के दौरान अपने मां बाप को खो चुके बच्चे पढ़ते हैं।

### भाजपा सरकार ने देश को पीछे धकेला

**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि केन्द्र की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार देश का न सिर्फ बंटाधार करने में लगी है, बल्कि देश को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया गया है।

# व्हाट्सएप के जरिये लंबित चालानों का नोटिस भेजेगा परिवहन विभाग

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग अब वाहन कर्मियों को चालान नोटिस भेजने के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा (8005441222) का सहारा लेगा। इसके ज़रिए से प्राप्त किसी भी ई-चालान नोटिस की जांच कर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

अधिकारियों की मानें तो फिलहाल परिवहन विभाग ने 2024-25 के लिए लंबित चालानों का भुगतान करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। चूंकि कुल लंबित चालानों में से एक-तिहाई से ज्यादा ऐसे हैं, जिनमें वाहनों के पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर या तो गलत हैं या गायब हैं। इसलिए विभाग ने मालिकों को सलाह दी है कि वे परिवहन-जीओवी-इन पोर्टल

**■ विभाग ने जारी किया 8005441222 नंबर**

पर अपने वाहनों के चालान की स्थिति स्वयं देखें और कड़ी सज़ा से बचने के लिए समय पर अपना भुगतान करें। विभाग अपनी व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा के माध्यम से वाहन मालिकों के मोबाइल नंबरों पर अधिकतम 36 लाख ई-चालान नोटिस भेज सकता है।

यह सेवा ब्लू टिक सत्यापित है और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित है। यह सेवा 2022-23 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए है। केवल 2024-25 के लिए ही 14 लाख से ज्यादा नोटिस भेजे जाएंगे। सबसे बड़ी संख्या उनकी है, जिन्होंने वाहन पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर नहीं दिए हैं या गलत नंबर दिए हैं।

### संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा

**लखनऊ।** संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किनारा कर लिया है। उन्होंने बिल को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताते हुए कहा है कि इसका दुरुपयोग सत्ताधारी पार्टियां अपने लाभ, स्वार्थ व देश के लिए करेंगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने लिखा- केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टत: लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। इसका सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है।

# हंगामे के बावजूद 15 विधेयक दोनों सदनों में पारित

**नई दिल्ली, वार्ता**

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के साथ ही संपन्न हो गया लेकिन एक महीने तक चला सत्र मुख्य रूप से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया हालांकि दोनों सदनों में हंगामे और बहिर्गमन के बीच 15 विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा में पेश किए गए 14 विधेयकों में से 12 को सदन की मंजूरी मिल गई, जबकि उच्च सदन में 15 विधेयक पारित किए गए। किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी और तीस दिन की हिरासत की स्थिति में उन्हें पदमुक्त समझे जाने के



**■ बिहार में मतदाता सूची के विरोध को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा**

प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों को लोकसभा ने समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे की चर्चा हुई और लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जबकि राज्यसभा में गृह मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन यह विपक्ष के हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी। सत्र की पूरी अवधि के दौरान एकजुट विपक्ष ने सरकार को बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा उसे वापस लेने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से घेरा और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में कार्यवाही में निरंतर व्यवधान डाला। विपक्ष ने सत्र के पहले दिन से ही ऑपरेशन सिंदूर और मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी थी। सत्र के दूसरे सप्ताह में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद विपक्ष ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों में कार्यवाही नहीं चलने दी।

### आयोग का ध्यान नाम हटाने पर नहीं जोड़ने पर हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर फिर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान मतदता सूची से नाम हटाने पर नहीं बल्कि तथ्यों की जांच परख कर नाम जोड़ने पर होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए आयोग जो काम कर रहा है उसका मकसद मतदाता सूचियों को स्पष्ट और पारदर्शी बनाना नहीं बल्कि लोकतंत्र को नष्ट करना ज्यादा है।जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के ठीक बाद बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने सर्वेक्षण कराया और कहा कि मतदाता सूचियां पहले से ही 'लगभग पूर्ण सटीक' पर हैं, लेकिन कागजी कार्यवाही और जागरूकता की कमी के कारण कई पात्र मतदाताओं का नामांकन नहीं हो पाया है।

## डबल इंजन सरकार की तारीफ करते हुए बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस ने केवल अपना विकास किया

**एटा, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सत्ता के लिए सबका साथ लिया, मगर विकास सिर्फ अपने अपने परिवारों का किया है।

एटा में 750 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एक सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के



**■ एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ सीमेंट प्लांट**

प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या समा. जवादी पार्टी, इनकी नीयत कभी सबके विकास की नहीं रही। इन्होंने साथ तो सबका लिया, लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। इनके समय में न व्यापारी सुरक्षित था, न बेटी सुरक्षित थी। यही वजह रही कि देश और प्रदेश पिछड़ते चले गए। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार और डबल इंजन की यूपी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी। गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी। यही स्थिति तब थी। लेकिन आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

### हजारों लोगों को काम का अवसर मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधारशिला। सीएम योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था, जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता। योगी ने कहा कि भारत 17वीं-18वीं सदी में दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था था। 1947 से 1960 तक छठे स्थान पर रहा, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नीतियों ने इसे 2014 तक 11वें स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र दिया और आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले दो वर्षों में यह तीसरे स्थान पर होगा। दुनिया के सामने भारत का नया गौरवशाली चेहरा उभरेगा।

# अखिलेश के दावों की जांच करने में जुटा चुनाव आयोग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और चुनाव आयोग के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कुछ दिन पहले ही हलफमानों को लेकर अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरा. ेप लगाया था। अब आयोग ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

अखिलेश के शपथ पत्रों के दावे को नकारते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि आयोग को उत्तर प्रदेश या यादव से कोई हलफनामा नहीं मिला है। इस बीच अब आयोग ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में अनियमितताओं के बारे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की शिकायत की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के बाद, निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को

**■ सपा सुप्रीमो ने कुछ दिन पहले ही लगाए थे आरोप**

मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कथित तौर पर गलत तरीके से नाम हटाए गए हैं। कासगंज, जौनपुर, बाराबंकी और लखनऊ के जिलाधिकारियों ने अपनी जांच पूरी कर ली है और यादव के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है। सपा प्रमुख ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों को हलफनामे की प्रतियां वितरित कीं थी। यादव ने कहा कि ईसीआई में हलफनामे दायर किए गए हैं, जिनमें 2022 के विस चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।



**सेंसेक्स** 82000.71
**निफ्टी** 25083.75



**सोना रु.** 99147
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 112690
प्रति किलो



# छठे दिन सेंसेक्स 82 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**

आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 142.87 अंक (0. 17 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 33.20 अंक यानी 0.13 फीसदी ऊपर 25,083.75 अंक पर पहुंच गया। दोनों सूचकांक फिलहाल चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर हैं। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच कुल मिलाकार बाजार की धारणा आज कमजोर रही मझौली और छोटी कंपनियों से निवेशकों ने पैसे निकाले। सेंसेक्स 362.62 अंक की बढ़त में 82,220.46 अंक पर खुला और एक



समय 82,231.17 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में अचानक यह 200 अंक से ज्यादा की तेजी गंवाता हुआ 82,000 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का निचला स्तर 81,921.22 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 91.45 अंक चढ़कर 25,142 अंक पर खुला। यह नीचे 25,054.90 अंक और ऊपर 25,153.65 अंक तक गया। निफ्टी-100 सूचकांक में भी 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में हालांकि बिकवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.46 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,068 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,503 में तेजी रही, जबकि 1,475 के शेयर फिसल गए। वहीं 90 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निजी बैंक के साथ आईटी, रियलिटी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे, जबकि एफएमसीजी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सरकारी बैंक जैसे सेक्टरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर टूट गए। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.09 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.90, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.86 और एलएंडटी में 0.76 फीसदी की तेजी रही। बीईएल, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक भी बढ़त में रहे। पावर ग्रिड में 1.51 फीसदी, इटरनल में 1.47 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.08 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 0. 95 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 201 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी 1,496 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,985 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 26,673 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी पहले स्थान पर, रजिस्ट्रेशन में भी आगे

**लखनऊ, वार्ता**

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब देश में अग्रणी राज्य बन गया है। प्रदेश ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन में भी आगे है।

अक्षय ऊर्जा दिवस पर सोलर ऊर्जा को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश ने जुलाई 2025 माह में 27,771 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं प्रति दिन इंस्टॉलेशन में भी हम अब पहले नंबर पर हैं। ऊर्जा मंत्री ने आगे लिखा कि अब तक के कुल 196,327 इंस्टॉलेशन

**■ अक्षय ऊर्जा दिवस पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दी जानकारी**

के साथ, यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। जल्द ही शीर्ष राज्य बनने की ओर हम अग्रसर है। एके शर्मा ने कहा है कि पंजीकरण में भी हम पहले से ही प्रथम स्थान पर थे। उन्होंने 2017 से 2025 तक के आंकड़ों को शेयर करते हुए लिखा है कि यूपी में कुल सौर ऊर्जा क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2017 में जहां ऊर्जा क्षमता 389 मेगावाट थी। वहीं 2022 में 2,244 मेगावाट और 2025 में 5,157 मेगावाट हो गई है। शर्मा ने कहा कि बायो ऊर्जा परियोजनाओं में भी हम अग्रणी राज्य बन रहे हैं। 230 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता के साथ हम कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन में देश में नंबर एक पर हैं।

### किसानों से ठगी-बेइमानी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि खाद और बीज के व्यापार में किसानों के साथ ठगी और बेइमानी करने वालों से सरकार कड़ाई से निपटेगी। चौहान अपने मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वृहद 'कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' का आयोजन राजधानी में पूसा में आयोजित किया गया था। कृषि मंत्री ने कहा कि नकली खाद-बीज और कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बेइमानों को हम छोड़ेंगे नहीं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत आज...**

दिन आईएसएस पर पहले से मौजूद नासा की एक अंतरिक्ष यात्री उनके पास आई और पूछा कि क्या वह देखना चाहेंगे कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। नासा की अंतरिक्ष यात्री ने आईएसएस में बनी खास खिड़की से श्री शुक्ला को भारत दिखाया। भारत के गगनयान मिशन के संभावित क्रू सदस्यों में से एक श्री शुक्ला ने बताया कि उस समय धरती पर रात थी। पहले दक्षिण में हिंद महासागर के ऊपर पूरा अंधेरा दिखा और फिर अचानक लगभग त्रिकोणाकार भारत दिखा, जो रौशन था। यह काफी अद्भुत रहा। उन्होंने कहा कि उसके बाद उन्होंने कई बार भारत को देखा, लेकिन पहली बार का दृश्य उनके दिल में उतर गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा दिखता है।'

**ऑनलाइन...** कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। इसके बाद वह मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने का प्रयास करने लगे, तो श्री हरिवंश ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। उप सभापति ने कहा कि विधेयक पर चर्चा हो रही हो, तो कोई और बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री ने पीठ की अनुमति से बोलते हुए श्री खड़गे की बात पर आपत्ति जताई और कहा कि पीठ पर प्रश्न उठाना ठीक नहीं है। विपक्ष के नेता विषय पर तो बोलते नहीं हैं और पीठ पर सवाल उठाने लगते हैं। विपक्ष ने पूरे मानसून सत्र में कार्यवाही चलाने में सहयोग नहीं किया। उपसभापति ने सदन में तख्ती लेकर आने के विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद जताते हुए कहा कि तख्ती लाना सदन की परंपरा के विपरीत है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (130वां) संशोधन विधेयक और उसके साथ लोकसभा में प्रस्तुत दो विधेयकों की समीक्षा कर उस पर सिफारिश के लिए लोकसभा द्वारा प्रस्तावित संयुक्त समिति में शामिल होने और इसके लिए राज्य सभा के दस सदस्यों को उप सभापति द्वारा नामित किए जाने के प्रस्ताव को रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही उप सभापति ने सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# प्रदेशभर में पूरी 360 तहसीलों पर कांग्रेस बनाएगी न्याय योद्धाः अजय राय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मा0 श्री अजय राय जी, पूर्व मंत्री ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण विषय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर श्री आसिफ रिज़्वी रिंकू एवं विधि विभाग के प्रदेश चेयरमैन श्री नितिन कुमार मिश्रा, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत जी शामिल रहे। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मा0 श्री अजय राय जी, पूर्व मंत्री ने कहा कि योगी सरकार में जिस तरह सच बोलने पर तथा सरकार की कुनीतियों का विरोध करने पर फर्जी मुकदमे लादे जा रहे हैं। उसमें न सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता बल्कि पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता भी पिस रहे हैं। हम अपने विधि विभाग का नए सिरे से पुनर्गठन कर न्याय योद्धा बनाएंगे। श्री अजय राय ने बताया कि यह न्याय योद्धा सरकारी तानाशाही के शिकार लोगों को कानूनी रूप से न्याय दिलाएंगे और सच और इंसाफ की लौ जलाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि विधि विभाग के सिपाही वोट चोरी और चुनाव आयोग के भ्रष्ट मॉडल के खिलाफ जननायक श्री राहुल गांधी जी के आंदोलन को और धार देने का काम करेंगे। इतना ही नहीं वोटर लिस्ट में हो रही धांधलियों को उजागर कर जिनके भी नाम काटे जा रहे हैं उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर श्री आसिफ रिज़्वी रिंकू ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार ने लगभग 1719 मुकदमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर राजनीतिक प्रतिशोध के चलते दर्ज कराएं हैं। श्री आसिफ रिज़्वी ने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराने के लिए संघर्ष किया जाएगा। कचहरियों में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए व्यवस्था हेतु प्रयास किया जाएगा। जूनियर अधिवक्ताओं को (पांच साल तक) स्टाइपेन्ड दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। वकीलों का 1000000/-(दस लाख रुपये) तक का बीमा कराए जाने का वादा योगी सरकार द्वारा किया गया था जिससे वह बाद में हमेशा की तरह मुकर गई। सरकार पर दबाव बनाकर अधिवक्ताओं की इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा कराया जाएगा इसके साथ ही मृतक अधिवक्ताओं के परिजनों को 2000000/-(बीस लाख रुपये) की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की जाएगी। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के चेयरमैन श्री नितिन कुमार मिश्रा ने कहा कि हम समय-समय पर अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं और आगे भी जारी रखेंगे।





हम अधिवक्तागण सरकार द्वारा की जा रही तानाशाही के खिलाफ मोर्चा लेने के लिए संकल्पित हैं। हम कांग्रेस के विधि विभाग में अपने न्याय योद्धाओं के जरिए इंसाफ की आस को बनाए रखेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मा0 श्री अजय राय जी के समक्ष उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी विधि विभाग जनपद कानपुर के चेयरमैन श्री प्रतीक शर्मा के नेतृत्व में जनपद कानपुर से मयंक वर्मा, मनीष पोरवाल, रोहन मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, अमित यादव, अजीत अग्निहोत्री, आनंद तिवारी, वैभव शुक्ला, आस्तिक तिवारी, जितेन्द्र कुमार, शिवेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता गणों ने कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए आज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने सभी के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी श्री नितिन शर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शरद मिश्रा जी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## छत पर ग्रामीण डाक सेवक का शव मिला

**लखनऊ।** महानगर स्थित पोस्ट ऑफिस की छत पर बने एक कमरे में गुरुवार सुबह ग्रामीण डाक सेवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान हरियाणा निवासी अंकित के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पोस्ट ऑफिस परिसर में हड़कंप मच गया। शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। कुछ सूत्रों के अनुसार मृतक कार्यस्थल पर दबाव से परेशान बताया जा रहा था, हालांकि इस पहलू की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और स्पष्ट कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही सामने आएगा।

# 130वें संविधान संशोधन बिल पर मायावती ने जताई कड़ी आपत्ति

### विपक्ष के स्वर में मिलाया सुर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने संसद में हाल ही में भारी हंगामे के बीच पेश किए गए एक सौ तीसवें संविधान संशोधन बिल को लेकर कड़ा विरोध दर्ज किया है।

उन्होंने अपने ट्वीट में साफ कहा कि यह बिल लोकतंत्र को कमजोर करने वाला प्रतीत होता है और सत्ता में रहने वाली पार्टियां अपने-अपने स्वार्थ और लाभ के लिए इसका दुरुपयोग करेंगी। मायावती ने लिखा कि देश में पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह के राजनीतिक हालात बने हैं, उन्हें देखते हुए जनता की यह आशंका वाजिब है कि इस बिल का सही इस्तेमाल कम और दुरुपयोग अधिक होगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी इस बिल से किसी भी हालत में सहमत नहीं है और सरकार को इसे लोकतंत्र एवं संविधान के हित में अवश्य पुनर्विचार करना चाहिए। संसद में इस बिल को लेकर विपक्षी दलों ने जोरदार हंगामा किया और सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने जहां इस बिल का विरोध किया, वहीं मायावती भी अब विपक्ष की ही पंक्ति में खड़ी दिखाई दीं।

आम तौर पर विपक्ष से दूरी बनाए रखने वाली मायावती का यह कदम राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार इस बिल के जरिए लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर रही है। अब मायावती ने भी समान चिंता जताकर विपक्षी दलों के सुर में सुर मिलाते हुए यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र के हित में इस बिल को पारित करना सही कदम नहीं होगा।

# पुण्य तिथि पर स्व. कल्याण सिंह को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रख्यात जननायक स्वर्गीय कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने कल्याण सिंह जी की नगर निगम लखनऊ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रालोद उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, राघवेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव अशोक तिवारी, तराई क्षेत्र अध्यक्ष पी के पाठक, जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश तिवारी मौजूद रहें। उनके योगदान को याद करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने कहा कि कल्याण सिंह जी वास्तव में चौधरी चरण सिंह जी के सच्चे अनुयायी थे। उन्होंने हमेशा किसानों, गरीबों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज़ बुलंद की।



अपने कार्यकाल में उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को मज़बूत और चुस्त-दुरुस्त रखा। उनकी प्रशासनिक कार्यशैली का एक उल्लेखनीय पहलू यह था कि अधिकारियों की नियुक्ति और प्रमाशन पूरी तरह से योग्यता के आधार पर किया जाता था, जिससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास कायम हुआ। यहां तक कि उनके नेतृत्व में 90 दिन तक प्रदेश की विधानसभा बिना किसी व्यवधान के निरंतर चली, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड था। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि कल्याण सिंह जी केवल एक राजनेता ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता के प्रबल पक्षधर भी थे। वे हमेशा सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर चलने की बात करते थे और समाज को जोड़ने वाली राजनीति का प्रतीक बने।

आज की राजनीति में भी हमें कल्याण सिंह जी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने दिखाया कि ईमानदारी, पारदर्शिता और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का संकल्प ही असली राजनीति है। मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की तरह स्वर्गीय कल्याण सिंह जी ने भी किसानों और गरीबों की आवाज़ को प्राथमिकता दी और इसी वजह से वे लोगों के दिलों में आज भी अमर हैं।

# गांवों से झलकेगा उत्तर प्रदेश का पर्यटन

## सात जिलों के पैंतीस गांव बनेंगे 'टूरिस्ट विलेज': जयवीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आज़ादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में ग्रामीण पर्यटन की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि अब पर्यटन केवल ऐतिहासिक स्थलों या शहरों तक सीमित नहीं रहेगा,

बल्कि गांव भी पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान बनाएंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्रामीण पर्यटन कॉन्क्लेव-2025 का शुभारंभ करते हुए मंत्री ने कहा कि बदलती जीवनशैली में लोग प्रकृति के करीब रहना चाहते हैं। यही कारण है कि ईको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, होमस्टे और फॉर्म स्टे को सरकार विशेष प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सात जिलों के पैंतीस गांवों को 'टूरिस्ट विलेज' के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब घरेलू पर्यटन में पहले स्थान पर है और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बेहतर कानून व्यवस्था, उच्चस्तरीय कनेक्टिविटी और नए अवसरों के कारण गांवों में होमस्टे व फॉर्म स्टे संचालकों को रोजगार और व्यवसाय का लाभ मिलेगा, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे गांव केवल कृषि के केंद्र नहीं हैं, बल्कि समृद्ध संस्कृति, लोककला और हस्तशिल्प के भी जीवंत उदाहरण हैं। ग्रामीण पर्यटन इन्हीं परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए युवाओं के लिए रोज़गार सृजन का बड़ा माध्यम बनेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने कहा कि हमारे गांव ही देश की आत्मा हैं और गंवई संस्कृति मनुष्य को मनुष्यता की ओर ले जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के दो सौ चौंतीस गांवों का चयन किया गया है। पर्यटन से जुड़ी इकाइयों को सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। कॉनक्लेव में विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, पद्मश्री रामशरण वर्मा, आयुक्त सहकारिता योगेश कुमार, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रमुख सचिव बी.एल. मीणा सहित अनेक विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री ने चालीस फॉर्म स्टे संचालकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया।

## अवैध असलहों के साथ दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाकर मोहल्ला बागवानी टोला निवासी नुसरत अली पुत्र साबित अली को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ विभिन्न स्थानों पर आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इधर सन्दना थाना पुलिस ने ग्राम तेरवा निवासी सुरेंद्र पुत्र मोलहे को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

# सीएम दरबार में जहर खाकर पहुंचे रिटायर्ड फौजी, बोले विधायक नंदकिशोर गुर्जर से खतरा

### तो विधायक ने बताया अपराधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब लोनी (गाजियाबाद) के रहने वाले 65 वर्षीय रिटायर्ड फौजी सतबीर गुर्जर जहर खाकर पहुंच गए। उन्होंने मंच पर मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर उन पर अत्याचार कर रहे हैं और गाजियाबाद-लोनी क्षेत्र में 'नंदू टैक्स' के नाम पर करोड़ों की वसूली कर रहे हैं। फौजी ने अपनी जान को खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री से सुरक्षा मांगी।

हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। वहीं विधायक नंदकिशोर गुर्जर का बयान भी इस बीच सामने आया है। विधायक ने ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पलटवार किया। उन्होंने सतबीर को अपराधी करार दिया और कहा कि उसके खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि उसने अपने भाई की संपत्ति पर भी अवैध कब्जा कर रखा है और अपराध कर फोन पर फरार रहने की आदत है। उनका कहना था कि एक अपराधी खुद को पीड़ित बताकर मुख्यमंत्री दरबार में नाटक कर रहा है। इस विवाद ने पुराने प्रसंगों को भी ताजा कर दिया है। नंदकिशोर गुर्जर का राजनीतिक जीवन लगातार विवादों से जुड़ा रहा है। कभी उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि भाजपा शासन से तो सपा-बसपा का शासन बेहतर था, तो कभी किसान आंदोलन के दौरान राकेश टिकैत से उनकी नोकझोंक सुर्खियों में रही। एक बार वे फटे हुए कुर्ते में लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाते दिखाई दिए थे।

# न चलेगी हकमारी, न मतमारीः अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने चुनाव आयोग और प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से पीडीए समाज के वोट के साथ हेरा-फेरी की,

लेकिन सच सामने आने से नहीं रोका जा सकता। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी द्वारा दिये गये अठारह हज़ार हलफ़नामों में से अभी तक केवल चौदह पर ही चुनाव आयोग और प्रशासन आधी-अधूरी और निराधार सफाई दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि भले इन चौदह को घटा भी दिया जाए, तब भी सत्रह हज़ार नौ सौ छियासी का हिसाब अभी बाकी है और यही है हक़ का असली गणित। अखिलेश यादव ने कहा कि न हक़मारी चलेगी,

न मतमारी, अबकी बार पीडीए समाज पूरी ताक़त से भाजपा को सत्ता से हटाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार भाजपा ने पीडीए समाज का वोट कटवाकर उसका हक़ छीना था, लेकिन अब यह समाज ठान चुका है कि अपना वोट का असली हक पाना हैं, भाजपा को हमेशा के लिए हटाना है।

## अमेठी में डबल मर्डर से मची सनसनी

# चाचा ने अपने सगे भतीजे व भाभी को कुल्हाड़ी से काट डाला

**राम धीरज यादव**

**अमेठी।** जिले में गुरुवार की सुबह मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में हुए डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। हमलावर और मृतक सगे चाचा भतीजा हैं।

वारदात की सूचना मिलते ही मुसाफिरखाना पुलिस ने अपने उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुए तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गई। मां बेटा दोनों को पुलिस अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पूरा अस्पताल पुलिस बल और ग्रामीणों से छावनी तब्दील हो गया। आनन फानन में एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक, एएसपी और सीओ भी अस्पताल पहुंच गए और मृतक के रिश्तेदारों से घटना की पूरी जानकारी ली। उधर वारदात को अंजाम देने वाला हमलावर चाचा अपने पूरे परिवार के साथ फरार हो गया है। एसपी ने कहा कि हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिए टीम बना दी गई है और जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के रुदौली गांव की रामावती और उनके बेटे आकाश अपने खेत में दवा छिड़कने गए थे। रामावती के पति उदयराज की मौत लगभग 18 साल पहले हो चुकी थी।



बताया जाता है कि जिस खेत में मां बेटे दवा छिड़कने गए थे उसका विवाद ढाई तीन साल से चल रहा था लेकिन ग्राम प्रधान के हस्तक्षेप और समझाने पर आकाश के सगे चाचा रामराज और उनके परिजन मान गए थे जिससे लग रहा था कि विवाद समाप्त हो गया है लेकिन चाचा रामराज और उनके परिजन अंदर ही अंदर उस पर अपना कब्जा करने की नीयत बना रखे थे। चूंकि रामराज के भाई की मौत हो ही चुकी थी इसलिए कहीं न कहीं चाचा रामराज के मन में ये चल रहा था कि भाभी और इकलौते भतीजे को रास्ते से हटा दिया जाए तो उनकी जमीन उन्हें मिल सकती है। इसी मानसिकता के आधार पर आज गुरुवार को सुबह मा बेटे जब अपने खेत में दवा छिड़कने गए तो मौका देखकर चाचा रामराज के अदंर का शैतान जाग उठा और अपने परिजनों संग खेत में पहुंचकर कुल्हाड़ी से वारकर दोनों को मौत के घाट उतारकर परिवार सहित फरार हो गया। डबल मर्डर की घटना को जानकर लोगों के होश उड़ गए। जो जहां था वहीं से घटनास्थल और सीएचसी मुसाफिरखाना की तरफ दौड़ पड़ा। मृतक आकाश के बचपन के जिगरी दोस्त ने रोते हुए बताया कि आकाश जब छ माह का था तभी उसके पिता की मौत हो गई थी। दोनों का बचपन साथ बीता और दोनों सगे भाई की तरह से रहते थे। उसने बताया कि अभी रक्षा बंधन पर उसकी बहन से उसने राखी बंधवाई थी। आकाश को याद कर रोते हुए कहा कि घटना कारित होने के थोड़ी देर पहले वे दोनों मोबाइल देख रहे थे तभी अचानक आकाश ने कहा था कि खेत में दवा छिड़कने जाना है, उसके बाद फिर आता हूं।उसके आने में देरी हुई तो उसने उसको फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा।

# हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा स्कूल मर्जर आदेश, एक सितम्बर तय अगली तारीख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तरी प्रदेश में सरकारी स्कूलों के मर्जर को लेकर चल रही कानूनी जंग गुरुवार को फिर अदालत की चौखट पर गूंजी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि स्कूलों के मर्जर संबंधी जो नया आदेश जारी किया गया है, उसकी प्रति रिकॉर्ड पर लाना अनिवार्य है। अदालत ने यह निर्देश सुनवाई के दौरान सामने आई उन विसंगतियों को देखते हुए दिया, जिनमें आदेशों और दलीलों के बीच फर्क पाया गया। गुरुवार की कार्यवाही में न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सरकार को सख्ती से हिदायत दी कि अगले दिनांक तक बिना किसी चूक के पूरा आदेश कोर्ट में प्रस्तुत किया जाए। अदालत ने यह भी दोहराया कि मामले में अभी तक जो यथास्थिति बनी हुई है, वही आगे भी बरकरार रहेगी। इसका मतलब यह है कि फिलहाल किसी भी स्कूल को जबरन मर्जर की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष जून माह में कम नामांकन वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को आपस में जोड़ने का आदेश दिया था। इसका विरोध करते हुए कई याचिकाएं दाखिल हुई, जिन पर पहले अदालत ने सरकार को राहत दी थी। किंतु बाद में अपीलों की सुनवाई के दौरान यह पाया गया कि नीतिगत आदेशों और पेश किए गए दस्तावेजों में मेल नहीं बैठ रहा। इसी पृष्ठभूमि में अदालत ने जुलाई माह में यथास्थिति का आदेश पारित कर दिया था। अब ताज़ा आदेश के साथ अदालत ने मामले को एक नई दिशा दे दी है। यह स्पष्ट हो गया है कि जब तक सरकार अपने आदेशों की प्रति कोर्ट में दाखिल नहीं करती, तब तक आगे की कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी। इस मामले की अगली सुनवाई एक सितम्बर को निर्धारित की गई है।

## कलक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें कृषि विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन पदाधिकारी और कई किसान उपस्थित बैठक में उप कृषि निदेशक ने पिछली शिकायतों के निस्तारण की जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने नंद बाबा दुग्ध विकास योजना पर प्रकाश डाला। किसानों ने यूरिया की कमी की शिकायत रखी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 35 प्रतिशत यूरिया सहकारी समितियों पर और 65 प्रतिशत प्राइवेट प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध कराया जाएगा। डीएपी और एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की।

# लखनऊ में सपा महिला सभा की हुंकार, वोट चोरी के खिलाफ सड़क से सदन तक लड़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में गुरुवार को समाजवादी पार्टी की महिला सभा ने बड़ा प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च किया। पूरे रास्ते में 'वोट चोर गद्दी छोड़' और 'लोकतंत्र पर हमला बंद करो' जैसे नारों की गूंज सुनाई देती रही। डीएम कार्यालय पहुंचकर महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि वोट चोरी की साजिश पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन और व्यापक होगा। समाजवादी महिला सभा का आरोप है कि 'एसआईआर' नामक सॉफ्टवेयर के जरिए मतगणना में गड़बड़ी की जा रही है और यह चुनाव प्रक्रिया को अविश्वसनीय बना रहा है।

जूही सिंह ने कहा कि वोट की चोरी केवल किसी दल के खिलाफ अन्याय नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और जनता के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने इसे व्यापार और सत्ता के बीच की साठगांठ बताते हुए कहा कि जनता के वोट का सौदा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदर्शन के दौरान महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सत्ता पर तीखा प्रहार किया। कई स्थानों पर ट्रैफिक बाधित रहा और आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके, कार्यकर्ता अपनी आवाज बुलंद करते रहे। महिला सभा की पदाधिकारियों ने साफ कहा कि यदि शासन-प्रशासन वोट चोरी पर कार्रवाई नहीं करता तो समाजवादी पार्टी इस आंदोलन को गांव-गांव तक ले जाएगी। यह आंदोलन केवल चुनावी धांधली के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनमत की रक्षा के लिए उठाया गया कदम है। समाजवादी पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता की कुर्सी खरीद-फरोख्त का सौदा नहीं बनने दी जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जम्मू में सूखी नदी में गिरी बस, एक श्रद्धालु की मौत

## टायर फटने से हुआ हादसा, 39 श्रद्धालु हुए घायल, रुखालू गांव में मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। श्रद्धालुओं को लेकर वैष्णो देवी जा रही बस के सूखी नदी में गिरने के कारण एक श्रद्धालु की मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू से 18 अगस्त को एक बस वैष्णो देवी दर्शन करने के लिए गई थी। बस में करीब 60 लोग सवार थे। जैसे ही बस रात्रि करीब 2:35 बजे लखनपुर बॉर्डर से आगे श्रद्धालुओं को शिवकोड़ी दर्शन के लिए ले जा रही थी। तभी लखनपुर बॉर्डर से थोड़ी दूरी पर एक मोड़ पर चालक को नींद की झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर सूखी पड़ी नहर में पलट गई। जिससे बस में बैठे श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। जिसमें रुखालू निवासी 30 वर्षीय इकबाल पुत्र हरवंश की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर



पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परि. जनों द्वारा बताया गया कि मृतक इकबाल के परिवार में पत्नी गीता के अलावा दो बेटी एवं एक बेटा है। जिनका रो रोकर बुरा हाल है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। और माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए गया था। फिलहाल परिजन शव लेने के लिए रवाना हो गये हैं।घायलों में बच्चे महिलाएं एवं पुरुष हैं । जिनकी संख्या 39 है। जिनमें घायल फूल कुमार, ओमकला, रूम सिंह, बाला, काजल, राकेश, पुष्पा,ओमपाल, मानसी, नेमवीर, जयपाल, शोभाराम, रीना, सूरज, मुकेश, आरती, रामवती, रिंकू, उदल, निर्मल, अशोक, कौशल, दुष्यंत, जितेंद्र, छाया, त्रिवेणी, निखिल, यशपाल, सुरेंद्र, जितेंद्र, राजू, शारदा घायल है। जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि पुष्पेंद्र,भगवान सहाय, खूबचंद, जिराज, बिजेंदर, पूनम तथा बस चालक राजेंद्र निवासी खुर्जा बुलंदशहर को एम्स रेफर किया गया है। उधर हादसे के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है। हर कोई अपने-अपने परिजनों का हाल-चाल जानने में लगा है।



हसनपुर। हादसे में युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।




हसनपुर। नदी में पलटी बस।

### जम्मू हादसे पर सांसद ने जताया दुख



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। जम्मू में हुए सड़क हादसे पर सांसद कंवर सिंह तंवर ने गहरा दुख जताया। उन्होंने वहां के लोकसभा सांसद जुगल किशोर से वार्ता की तथा श्रद्धालुओं की घर वापसी की व्यवस्था कराई। हसनपुर क्षेत्र के गांव रूखालू के 40-50 लोग जम्मू स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिये गये थे। इनकी बस पुल से नीचे गिर गई। जिसमें इकबाल पुत्र जुगल किशोर की मौत हो गई। घायल श्रद्धालुओं को एम्स में भर्ती कराया गया है। सांसद ने घटना पर गहरा दुख जताया तथा घायलों के बेतर इलाज की व्यवस्था कराने साथ उनकी घर वापसी की भी व्यवस्था की। श्री तंवर ने कहा कि दुख की इस घड़ी में मृतक तथा घायलों के परिवार के साथ है।

# शादी का झांसा देकर महिला से करता रहा बलात्कार

## पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी का झांसा देकर गैस सिलेंडर के डिलिवरी ब्वाय ने विवाहिता के साथ शारीरिक संबंध बनाये तथा अश्लील फोटो भी खींच लिये। जब विवाहिता ने शादी का दबाव बनाया तो युवक मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रेम प्रसंग में रेप से जुड़ा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां रहने वाला युवक फैजान घर-घर रसोई गैस की डिलीवरी का काम करता है। पास के मोहल्ले में ही एक विवाहिता रहती है जो दो बच्चों की मां है। बताया जा रहा है फैजान अक्सर विवाहिता के घर पर भी सिलेंडर पहुंचाने जाता था। करीब एक साल पहले फैजान ने विवाहिता को अपने प्रेम जाल में फांस लिया। इसके बाद दोनों के बीच मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। पति से छिपकर विवाहिता फैजान के बताए ठिकानों पर बेझिझक जाने लगी। आरोप है कि शादी करने का वादा कर नजदीकी बढ़ाने वाले फैजान ने विवाहिता के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। इसके बाद दोनों अलग-अलग जगह पर मिलते रहे, उसी दौरान फैजान ने धोखे से विवाहिता का अश्लील वीडियो बना लिया, आपत्तिजनक हालत में उसके फोटो भी खींच लिए। विवाहिता ने जब शादी करने का दबाव बनाया तो वह अपने वादे से मुकर गया। अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए उसने विवाहिता को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। बदनामी के डर में पीड़िता पैसे देती रही, इस तरह फैजान ने करीब 25 हजार रुपये ऐंठ लिए। परेशान होकर बुधवार को शहर कोतवाली पहुंची पीड़िता ने तहरीर दे दी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज आरोपी युवक फैजान को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। मेडिकल के बाद कोर्ट में पीड़िता के बयान करा दिए हैं। मामले की जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# भीमराव अम्बेडकर का चित्र लगाने पर बवाल

## राजकीय महाविद्यालय की घटना, काफी देर तक अखाड़ा बना रहा कालेज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भीमराव अम्बेडकर का चित्र कालेज में लगाये जाने को लेकर हंगामा हो गया। कालेज स्टाफ व छात्रों में नोकझोंक होने से बवाल हो गया। पुलिस ने छात्रों को समझाकर शांत कर दिया।

गुरुवार को एक छात्र ने राजकीय महाविद्यालय में संविधान निर्माता बाबा साहब बाबा भीमराव अंबेडकर का चित्र प्राचार्य के ऑफिस के बाहर लगा दिया गया। इसको लेकर छात्रों एवं महाविद्यालय स्टाफ के बीच नोकझोंक होने लगी। कॉलेज में हंगामा होने की सूचना मिलने पर भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष मोनू सागर व बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी भी कॉलेज पहुंच गये। कुछ ही देर में कॉलेज में बवाल मचने लगा। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उत्तेजित छात्रों का कहना था कि कॉलेज स्टाफ द्वारा बाबा साहब के चित्र को लगाने नहीं दिया जा रहा था। पुलिस ने उत्तेजित छात्रों ने समझा कर उन्हें शांत कर दिया। उसके बाद बाबा साहब का चित्र प्राचार्य के कार्यालय के बाहर लगवा दिया गया। भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष मोनू सागर ने बताया की प्राचार्य के कार्यालय के बाहर गैलरी में बाबा साहब का चित्र लगा हुआ था। कॉलेज स्टाफ का

**पुलिस ने छात्रों को समझाकर किया शांत**

बाबा साहब के प्रति रवैया ठीक नहीं है। चित्र लगाने वाले छात्र के चांटा मारने की धमकी दी गई। जहां बाबा साहब का अपमान होगा वहां सारे समाज का अपमान है। बाबा साहब के अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कार्य किया गया है। कॉलेज स्टाफ द्वारा उसे हटा दिया गया था। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार ने बताया बाबा साहब का चित्र बड़े सम्मान के साथ उनके कार्यालय में लगा हुआ है। एक छात्र ने बिना किसी को बताये बाबा साहब का चित्र लाकर गैलरी में लगा दिया था। घंटों तक कॉलेज में नोकझोंक होने के साथ बवाल होता रहा। समय रहते पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया।

# महिला को बाल पकड़कर पटक-पटककर पीटा

## कानूनगो कार्यालय की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मकान पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले दबंगों ने राजस्व निरीक्षक कार्यालय में महिला के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए भेजा है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव दौरारा निवासी मुकेश त्यागी का कहना है कि उसके मकान पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। कुछ लोग उसके मकान पर कब्जा करने के लिए असलाह लेकर आये थे। इस दौरान एसडीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम पैमाइश करने के लिए मौके पर पहुंच गई थी। गुरुवार को वह पुरानी तहसील में राजस्व निरीक्षण के कार्यालय पर अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए आये थे।कब्जा करने वाले दबंग भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने राजस्व निरीक्षक कार्यालय में महिला को पकड़कर उसके बाल खींचकर पटक पटक कर पीटना शुरू कर दिया। जिससे मुकेश की पत्नी सीटू त्यागी घायल हो गई। उसके बाद दबंग महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हो वहां से फरार हो गये। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

### नीलामी न होने पर विद्यालयों का होगा ध्वस्तीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि जिन जर्जर विद्यालयों की नीलामी नहीं हो सकी है उनके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाये। कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जर्जर विद्यालय भवनों के संबंध में बैठक ली। उन्होंने एबीएसए द्वारा दी गई सूचना के आधार पर जिन विद्यालयों की निलामी लगातार तीन बार में नहीं हो सकी है उनके ध्वस्तीकरण के आदेश दिये। डीएम ने कहा कि यह कार्रवाई ग्राम पंचायत स्तर से नये शासनादेश क्रम में की जानी है। समय से सभी तैयारियां पूरी की जाये। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, बीएसए डा. मोनिका समेत सभी एबीएसए मौजूद रहे।



अमरोहा। चेयरमैन श्रीमति शशि जैन के पुत्र को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

# वकीलों ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

## तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय एक जगह हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सदर तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने नगर पालिकाध्यक्ष शशि जैन से उनके कैंप कार्यालय पर मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपकर नवीन तहसील परिसर में उपनि. बंधक कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय स्थापित कराने की मांग की। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम व तहस. ीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर है। गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं हैं। इन कार्यालयों का निर्माण अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तावित है। जिनकी आपस में दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में है। इससे जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। उनकी मांग है कि नवीन तहसील परिसर में ही उपनिबंधक कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय स्थापित किया जाएं। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए स्थाई चौंबर्स एवं बार भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में महफूज अली, पुष्कर लाल गुप्ता, शौकीन मंसूरी, राजकुमार सिंह, वीरेन्द्र सिंह, खालिद हुसैन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दबंगों ने महिला पर किया जानलेवा हमला

## चकबंदी कार्यालय की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मकान पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले दबंगों ने चकबंदी कार्यालय में महिला पर जान लेवा हमला कर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए भेजा है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव दौरारा निवासी मुकेश त्यागी का कहना है कि उसके मकान पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं। कुछ लोग उसके मकान पर कब्जा करने के लिए असलाह लेकर आये थे। इस दौरान एसडीएम के आदेश पर तहसील की टीम पैमाइश करने के लिए मौके पर पहुंच गई थी। गुरुवार को वह पुरानी तहसील में चकबंदी कार्यालय पर अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए आये थे। कब्जा करने वाले दबंग भी मौके पर पहुंच गये। तथा उन्होंने चकबंदी कार्यालय पर मारपीट करनी शुरू कर दी। दबंगो ने मुकेश की पत्नी सीटू त्यागी पर जानलेवा हमला करते हुए उसके बाल पकड़ कर पटक पटक कर पीटना शुरू कर दिया। जिससे घायल हो बुरी तरह से गई। दबंग इतने बेखौफ व खूंखार हो गये कि उन्होंने यह भी नहीं देखा कि वह सरकारी कार्यालय में महिला के साथ मारपीट कर रहे हैं। कुछ ही देर में चकबंदी कार्यालय मारपीट का अखाड़ा बन गया। आतंक मचाने के बाद दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गये। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

# चक्की पर आटा कम तोलने पर चाकूबाजी

## घटना से मची भगदड़, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चक्की पर आटा कम तोले जाने को लेकर दो पक्षों में चाकूबाजी चलने से तीन लोग घायल हो गये। भीड़भाड़ वाले इलाके में चाकूबाजी चलने से भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौका मुवायना किया है।

गुरुवार की दोपहर नगर के मोहल्ला संभल रोड लालबाग रेतिया में दो पक्षों में दिन दहाड़े सरेराह चाकूबाजी चलने से अफरा तफरी मच गई। मोहल्ला निवासी स्वादेकीन मोहल्ले के ही इब्रा. हिम की चक्की से आटा लेने को आया था। वहां पर दोनों ओर से गाली गलोंच होने लगी। स्वादेकीन का आरोप है कि उसके सर में बाट मार दिया जिससे खून का फवारा बाहर को बहने लगा। दूसरे पक्ष ने चक्की के बाहर फड़ से चाकू उठाकर बिलाल व रहबर पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया। चाकू लगने से रहबर के शरीर से खून बहने लगा। मारपीट में चक्की पर रखे सरसों के तेल को सड़क पर फेंक दिया। कुछ ही देर में मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर मौजूद भीड़ को पुलिस ने वहां से हटा दिया। दोनों पक्ष के घायल कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराने के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेज दिया।

### गलत काम में धकेलना चाहती नंद, दी तहरीर

**जोया**। महिला ने नंदों पर गलत काम करने का आरोप लगाते पुलिस को तहरीर दी है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव साईदाबाद की मढैया निवासी एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर नंदों पर आरोप लगाया कि वह खुद गलत काम करती है तथा उसे भी इसमें शामिल करना चाहती है। उनकी इस करतूत से परेशान होकर उसने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाये थे। जिन्हें उन्होंने तोड़ दिया। विरोध करने पर मारपीट की। किसी तरह वह खुद को बचाकर कोतवाली तक पहुंची। पीड़िता ने दोनों नंदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है। पीड़िता का कहना था कि उसने कई बार अपनी दोनों नंदों को समझाया। लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है।

# सफाई करते समय किसान को सांप ने डसा

## झाड़ फूंक के चक्कर में चली गई जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। घर की सफाई कर रहे किसान को सांप ने डस लिया। परिजन उसे लेकर झाड़ फूंक करने वाले के पास पहुंचे। परन्तु फायदा न होने पर जब अस्पताल आये तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना से घर में कोहराम मच गया। मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव आलमपुरी का है। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले करीब 42 वर्षीय किसान रणवीर सिंह यादव बुधवार को घर की सफाई कर रहे थे। बारिश के कारण आंगन में घास उग आई थी। उसी दौरान झाड़ियों से निकलकर बाहर आए सांप ने उनके हाथ में डस लिया। देखते ही देखते हाथ नीला होने लगा, घबराए परिजनों ने उन्हें सांप के काटने पर झाड़ फूंक करने वाले को दिखाया तो उसने रस्सी से बंद लगाकर घर वापस भेज दिया। जल्दी ठीक होने की बात कहने पर परिजन बेफिक्र हो गए लेकिन रणवीर सिंह की हालत सुधरने के बदले बिगड़ती ही चली गई। देखते ही देखते जहर पूरे शरीर में फैल गया। हालत गंभीर देख परिजन पहले अमरोहा में और फिर बाद में मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने रणबीर सिंह को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# श्याम की भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मंगलवार रात्रि को नगर का माहौल श्याम नाम के रस से सराबोर हो गया। श्री नवदुर्गा शिव मंदिर, टीचर कॉलोनी में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल की ओर से भाद्रपद मास की अजा एकादशी पर भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। जीवनदाता कहे जाने वाले श्याम बाबा की 302वीं पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर लखदातार के दरबार में भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ श्रृंगार दर्शन किए।

भजन संध्या में दीपक शर्मा ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, अर्पित कौशिक ने तेरे दर पे आया बाबा मुझ पे दया करो, मीनू शर्मा ने श्याम के दर पे जा करके ग्यारस अर्जी लगा करके, कृष वर्मा ने छोड़ दे चिंता यार, सांवरिया बैठा है, शौर्य मित्तल ने ष्तू कृपा कर बाबा तेरे दर पे आऊंगा और गोलू सांवरिया ने तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे जैसे भावपूर्ण भजनों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। वहीं देव शर्मा और लक्की अग्रवाल की प्रस्तुतियों पर भी श्रद्धालु भावविभोर होकर थिरक उठे। भजनों की गूंज और बाबा के जयकारों से पूरा पंडाल गूंजायमान हो उठा। हारे के सहारे श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने बाबा को मोरछड़ी का झाड़ा लगाया और द्वादशी के अवसर पर खीर, चूरमा, पकोड़ी, केले, गुड़, चना व बिस्कुट का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस भक्ति संध्या में सर्वेश शर्मा, सुमन, सचिन, नीरज रस्तौगी, पीतम सिंह, विशाल, नूतन, हर्ष, राखी, रिंकी, प्रीति, नरेंद्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भक्तिरस से सराबोर इस आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि हारे का सहारा सिर्फ श्याम बाबा हैं।

# न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट के दोषी को ढाई साल की सजा सुनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। गैंगस्टर एक्ट के दोषी को न्यायालय ने 2 साल 6 महीने की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दोषी गैंगस्टर जमानत पर जेल से बाहर था।

यह मामला डिडौली कोतवाली से जुड़ा है। 27 जनवरी 2023 को तत्कालीन इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार चौहान ने जोया के रहने वाले मोहम्मद सोहेल उर्फ शोएब और जाकिब के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। यह लोग लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया था। फिलहाल दोनों जमाने पर जेल से बाहर थे। इस मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की अदालत में चल रही थी। बृहस्पतिवार को न्यायालय ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए आरोपी जाकिब को दोषी करार दिया। साथ ही उसे दो साल छह महीने की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

# बाबूजी की विरासत बनी है यूपी के विकास की आधारशिला: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 'बाबूजी' (कल्याण सिंह) का पूरा जीवन भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता और जनता की सेवा को समर्पित रहा। उनकी विरासत ही आज यूपी के विकास की आधारशिला बनी है। स्वर्गीय कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हे श्रद्धांजलि देने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि बाबूजी का जन्म अलीगढ़ जिले के एक छोटे से किसान परिवार में हुआ था।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें बचपन में ही राष्ट्रीयता के संस्कार मिले। शिक्षक के रूप में और फिर भाजपा कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपना जीवन भारत माता और भारतीयता के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेश की जनता की ओर से, हर रामभक्त की ओर से और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होने कहा कि भारतीय राजनीति में बाबूजी को जो भी जिम्मेदारी मिली, उन्होंने अपने आदर्शों की अमिट छाप छोड़ी। 1977 में स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी। 1990 में जब प्रदेश की स्थिति बिगड़ी हुई थी, तब उन्होंने कानून का राज स्थापित कर सुशासन का लक्ष्य सामने रखा। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने विरासत और विकास की यात्रा को साथ-साथ आगे बढ़ाने का काम किया। योगी ने कहा कि कांग्रेस ने 1992 में अलोकतांत्रिक तरीके से उनकी सरकार को बर्खास्त किया था। उस कठिन समय में उन्होंने बिना देर किए राम जन्मभूमि आंदोलन के लिए अपने पद का बलिदान दिया। सीएम योगी ने कहा कि जब विवादित ढांचा गिरा, तब कल्याण सिंह जी ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। उन्होंने कहा कि किसी रामभक्त को आंच नहीं आनी चाहिए। उन्होंने साहस दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में जो विकास, सुशासन और सुरक्षा का वातावरण बना है, उसकी आधारशिला बाबूजी ने 1990 और 1996 के कार्यकाल में रखी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज डबल इंजन की सरकार उन्हीं आदर्शों को अंगीकार करते हुए प्रदेश को नई बुलंदियों की ओर ले जा रही है। यही बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई संस्थानों का नाम बाबूजी की स्मृति में रखा गया है। बुलंदशहर मेडिकल कॉलेज, लखनऊ का सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल और राजधानी में स्थापित उनकी भव्य प्रतिमा इसके उदाहरण हैं। कार्यक्रम में उमा भारती ने कहा कि आज कल्याण सिंह जी की स्मृति में हम इकट्ठा हुए और अच्छी-अच्छी खबरें सुनने को मिलीं। अलीगढ़ का नाम बदल गया तथा और भी कुछ जगह का बदल गया। मेरी योगी जी से अपील है कि शांहजहांपुर का नाम भी दो-चार दिन में बदल डालिए। कोशिश कीजिए कि गुलामी की दौर की सारी यादें मिट जायें। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कहते हैं नाम में क्या रखा है, जिसका दिमाग ही गुलामी मानसि. कता का हो वह क्या जानेगा कि नाम में क्या रखा है। नाम की महिमा वही समझेगा जिसमें राष्ट्रीय स्वाभिमान होगा। कल्याण सिंह के मुख्यमंत्री बनते ही उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से कंट्रोल में आई। उनके कार्यकाल के बाद सपा और बसपा के दौर में जो बर्बादी हुई है, भ्रष्टाचारियों और अपराधियों का जो गठजोड़ हुआ उसे अंत में नेस्तनाबूद कर रसातल में पहुंचाने का काम छोटे भाई और गुरु तुल्य योगी आदित्यनाथ ने किया है। उन्होंने कहा कि आज अपराधियों के दिल दहल जाते हैं और यह खुशी की बात है कि बाबूजी के कार्यकाल से चली आ रही परंपरा को योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़ाया। उन्होंने कल्याण सिंह को याद करते हुए कहा कि ये शीश भले कट जाए मगर आपकी मूंछ नीचे नहीं होने देंगे। वहीं, कलाराज मिश्र ने कल्याण सिंह को याद करते हुए कहा कि उनका नाम आते ही लगता है कि वह सामने बैठे हुए हैं। हम लोगों का बड़ा अभिन्न संबंध था जिसका वर्णन शब्दों में नहीं हो सकता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कल्याण सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में पहली बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी थी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की फर्जी पीडिए का युग आने वाला नहीं है अखिलेश यादव केवल बांटने का काम करना जानते हैं। उन्होंने कल्याण सिंह को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि जलालाबाद का नाम बदल कर परशुनाम हो गया है तो अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़ करने में देर नहीं होगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि 2027 में भी भाजपा 2017 वाला निर्णय दोहराने जा रही है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी कल्याण सिंह को याद करते हुए कहा कि पूज्य बाबूजी का नाम पूरे भारत में बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ लिया जाता है। उन्होंने पूरे जीवन सनातन धर्म की पताका के लिए अपना सर्वस्व दांव पर लगाने का काम किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कल्याण सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज उन्हीं के आदर्शों पर चल कर आज बीजेपी लगातार प्रदेश की सरकार चला रही है। पूर्व विधायक व बीजेपी नेता राजवीर सिंह ने कल्याण सिंह के मूल्यों को याद करते हुए कहा कि वह राष्ट्रवाद की सच्ची प्रेरणा थे।

# यूपी सरकार का दावा, उर्वरक की कहीं कोई कमी नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने साफ किया है कि प्रदेश में कहीं भी खाद-उर्वरकों की कमी नहीं है। सभी मंडलों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर कड़ा रुख अपनाया है।




कृषि विभाग ने मंडलवार खाद की उपलब्धता के ताजा आंकड़े जारी किए हैं। कृषि विभाग के अनुसार, प्रदेश में कुल 6.04 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी और 3. 02 लाख मीट्रिक टन एनपीके की उपलब्धता है। इसका अर्थ है कि खरीफ सीजन के दौरान किसानों के लिए खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। मुख्यमंत्री योगी ने किसानों से अपील की है कि वे खाद का अनावश्यक भंडारण न करें। जितनी जरूरत हो, उतनी ही मात्रा में खाद लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और समय-समय पर खाद की उपलब्धता व वितरण पर नजर रख रही है। गौरतलब है कि योगी सरकार किसानों के हित में लगातार कदम उठा रही है। यूरिया का वास्तविक मूल्य 2,174 रुपये प्रति बैग है, लेकिन सब्सिडी के चलते यह किसानों को मात्र 266-50 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। समय से खाद, बीज और सिंचाई सुविधाओं की वजह से प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 737 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। कृषि क्षेत्र से जुड़ा जीएसवीए, जो सपा शासन के दौरान 2 लाख करोड़ रुपये था, अब बढ़कर 7 लाख करोड़ रुपये हो गया है। खरीफ 2024-25 में अब तक 32. 07 लाख मीट्रिक टन खाद की बिक्री हुई है, जो पिछले वर्ष से 4.5 लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी 2025-26 सीजन के लिए सरकार ने 138.78 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4 लाख हेक्टेयर अधिक है।

किसानों को 10 लाख क्विंटल अनुदानित बीज और लगभग 12-80 लाख मिनी किट उपलब्ध कराई जाएंगी, जबकि गन्ना किसानों को दलहन-तिलहन की बोआई के लिए नि:शुल्क बीज दिए जाएंगे। सीमावर्ती जनपदों में खाद-यूरिया की तस्करी रोकने के लिए चौकसी बढ़ाई गई है और कालाबाजारी, जमाखोरी तथा तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है।

# खाने की नली में फंसे दांत को निकाल कर बचायी महिला की जान

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में चिकित्सकों ने खाने की नली में फंसे नकली दांत को निकाल कर एक बुजुर्ग महिला की जान बचा ली।

मुंडेरा में स्थित नारायण स्वरुप हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राजीव सिंह ने बताया कि जानसेन गंज की निवासी पुष्पा देवी (60) के प्राकृतिक दांत टूट कर गिर गये हैं, जिसके बाद उन्होंने नकली दांत लगवाए थे। शुरू में यह कृत्रिम दांत सामान्य रूप से काम कर रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे ढीले पड़ने लगे। बीते दिनों भोजन करते समय अचानक नकली दांत मुंह से निकलकर खाने की नली में फंस गया। मरीज को अचानक तेज दर्द, सांस लेने में दिक्कत, उल्टी और गले में रुकावट जैसी गंभीर समस्या होने लगी। घर वाले घबराकर पहले अन्य जगह ले गए, लेकिन जब हालात बिगड़ने लगी तो तुरंत उन्हें नारायण स्वरुप हॉस्पिटल, प्रयागराज लाया गया। बुजुर्ग महिला मरीज के हॉस्पिटल पहुंचने पर डॉक्टरों ने तुरंत एक्स-रे और एंडोस्कोपी जांच की, जिसमें स्पष्ट हुआ कि नकली दांत खाने की नली में फंसा हुआ है।

## एक नजर

### लखनऊ में आभूषण प्रतिष्ठान में चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के चौक थानांतर्गत एक ज्वेलर्स के यहां तैनात कारीगर द्वारा सहयोगियों संग आभूषण चोरी किये जाने की घटना का खुलासा गुरुवार को पुलिस ने किया है। पुलिस ने प्रकरण में चार आरो. पियों को गिरफ्तार करते हुए 50 लाख रुपए के अर्धनिर्मित आभूषण भी बरामद किया है। एडीसीपी ने गुरुवार को बताया कि चौक में धर्मेन्द्र की ज्वेलर्स की दुकान है। जहां पर जेवर जुडाई वा बनवाई का कार्य होता है। दुकान पर काम करने वाले वजीरगंज निवासी कारीगर अनिल चौधरी 3-4 वर्षों से कार्य कर रहा था। बीते चार अगस्त को करीब 2 बजे वह दुकान से करीब 700 ग्राम सोने के जेवर जो अभी आधे तैयार थे, को लेकर चला गया । घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू की। इस दौरान सीसीटीवी कैमरा भी खंगाला गया। कैमरे में संदिग्ध गतिविधियों के दिखने पर प्रभारी निरीक्षक चौक द्वारा घटना के अनावरण के लिये पुलिस टीम गठित की गयी। इस क्रम में थाना स्थानीय की पुलिस टीम ने बीती रात हुसैनाबाद इंटर कॉलेज के पास से अनिल, यासिर हुसैन, मो मजहर और उमेश कन्नौजिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 50 लाख रुपये का अर्ध-निर्मित के आभूषण (पीली धातु) 563-18 ग्राम बरामद किया है।

### मासूम बच्ची को आवारा कुत्ते ने काटा, 18 टांके लगे

**वाराणसी।** वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र के चंद्रावती गांव में बुधवार को एक मासूम बच्ची को आवारा कुत्ते ने काट लिया। कुत्ते के हमले से बच्ची को गंभीर चोटें आईं, जिसके कारण उसे 18 टांके लगाने पड़े। जानकारी के अनुसार, सुभाष कन्नौजिया की बेटी सोनम (9) अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी एक आवारा कुत्ता उस पर झपट पड़ा। कुत्ते ने बच्ची के गले के पास अपने दांतों से पकड़ लिया। बच्ची की चीख सुनकर परिजनों और ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया। सोनम को तत्काल नरपतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके घावों पर 18 टांके लगाए। सोनम के पिता सुभाष ने बताया कि इस आवारा कुत्ते ने गांव के कई अन्य लोगों को भी पहले काटा है। सोनम कक्षा चार में प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। चिकित्सकों के अनुसार, कुत्ते के काटने से सोनम के शरीर पर कई जगह गहरे जख्म हुए हैं। उसे 15 दिनों तक रेबीज का टीका लगाया जाएगा।

### जौनपुर में स्कूल बस की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव के पास गुरुवार को तेज रफ्तार स्कूल बस की चपेट में आने से इंटर कॉलेज के शिक्षक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिक्षक संतोष बरनवाल (60) प्रतिदिन की तरह अपने घर से बाइक पर सवार होकर केपी इंटर कॉलेज जा रहे थे, जैसे ही वह सोलंकी बिल्डिंग मटेरियल के पास पहुंचे, उसी दौरान बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उमानाथ सिंह विद्यालय की बस सुबह बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी, इधर जौनपुर शहर से अध्यापक संतोष बरनवाल विद्यालय जा रहे थे, जैसे ही वह जाफराबाद फाटक से पहले पहुंचे थे कि उमानाथ सिंह विद्यालय के बस ने उन्हें टक्कर मारते हुए भागने लगी। स्थानीय लोगों व पुलिस ने दौड़ाकर स्कूल बस व चालक को पकड़ा। बस में सवार बच्चों को उतार कर दूसरे बस में बैठाकर स्कूल के लिए भेजा गया। पुलिस ने बस व चालक को हिरासत में लेकर जांच में जुट गई है और शिक्षक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रयागराज में महिला ने बेटे संग की आत्महत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के सोरांव क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक महिला ने अपने छह साल के बेटे के साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना प्रयागराज के गंगापार के सोरांव थाना क्षेत्र के सघनगंज रेलवे स्टेशन के पास की है। ट्रेन के गुजर जाने के बाद आसपास के लोग पहुंचे तो रेलवे ट्रैक पर दोनों के शव पड़े मिले। अब तक महिला और उसके बेटे की शिनाख्त नहीं हो सकी है। लोगो का कहना है कि महिला काफी देर से रेलवे ट्रैक के आसपास घूम रही थी। उसके हाथ में एक पॉलिथीन थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार शवों की शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह आत्महत्या है या किसी और वजह से महिला को यह कदम उठाना पड़ा।

# काशी में बाबा कीनाराम का दो दिवसीय प्राकट्योत्सव आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में अघोर चतुर्दशी के अवसर पर गुरुवार रात्रि से बाबा कीनाराम का 426वां दो दिवसीय प्राकट्योत्सव 21 व 22 अगस्त को हरिश्चंद्र घाट पर मनाया जाएगा।

इस अवसर पर देशभर से आए साधक महाश्मशान पर साधना करेंगे। अघोरपीठ हरिश्चंद्र घाट, काशी के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चंडेश्वर कपाली 'कपाली बाबा' ने बताया कि 21 अगस्त की रात्रि 11 बजे से विशिष्ट श्मशान पीठ पूजन होगा, जो विश्व में केवल काशी के महाश्मशान पर ही आयोजित होता है। यह अघोर परंपरा का एक विशिष्टतम अंग है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव में देश-विदेश से भक्त शामिल होंगे। परंपरागत रूप से काशी की गरिमामयी संगीत परंपरा को संजोते हुए शास्त्रीय वादन, शास्त्रीय, उपशास्त्रीय और लोक गायन को समेटे हुए एक संगीतमय संध्या 'एक शाम महाकाल के नाम' का आयोजन होगा।

# यूपी में 35 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घर लगे स्मार्ट मीटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा एवं बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य सेअभी तक 35 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं जबकि पूरे प्रदेश में लगभग दो करोड़ 73 लाख मीटर लगाए जाने का लक्ष्य है।

उप्र पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ आशीष गोयल का कहना है कि उपभोक्ताओं के परिसरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के बारे में यह गलत भ्रम पैदा किया जा रहा है कि वे तेज चलते हैं, ज्यादा खपत दिखाते हैं, और बिल ज्यादा आता है। जबकि यह केवल वास्तविक खपत दिखाता है। स्मार्ट मीटर पूरी तरह सुरक्षित पारदर्शी और उपभोक्ताओं के हित में है। कारपोरेशन के मुताबिक 15 अगस्त तक स्थापित 3405066 स्मार्ट मीटरों के सापेक्ष 166304



चेक मीटर स्थापित किए गए हैं। स्थापित स्मार्ट मीटरों के सापेक्ष 5 प्रतिशत चेक मीटर स्थापित करने का प्रावधान है। अधिकारियों के मुताबिक उपभोक्ताओं की संतुष्टि के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मीटरों की जांच रिर्पोट से भी उपभोक्ताओं को रूबरू कराया जाए। यह भी सुविधा है कि उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर की रीडिंग पर यदि संदेह हो तो चेक मीटर लगाकर उपभोक्ता की शंका का समाधान कर उन्हें संतुष्ट कर दिया जाए।

गौरतलब है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित होने के उपरांत उपभोक्ता उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अधिकृत मोबा. इल ऐप यूपीपीसीएल स्मार्ट कंज्यूमर ऐप के माध्यम से दिन प्रतिदिन घण्टे-घण्टे की खपत देख सकता है और बिजली खपत पर नियंत्रण रख सकता है। इसके अलावा ऐप के माध्यम से तथा टोल फी हेल्पलाइन नंबर 1912 पर उपभोक्ता शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# पितृपक्ष के मद्देनजर वाराणसी से गया के लिए विशेष बस सेवा शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पितृपक्ष के दौरान पिण्डदान एवं तर्पण के लिए गया जाने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत विशेष परिवहन सेवा शुरू की है।

अंतर्राज्यीय बस संचालन के तहत सारनाथ, वाराणसी से बोधगया बिहार के लिए बस सेवा संचालित होगी। बस का किराया वाराणसी से बिहार तक 465 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार लखनऊ से मुजफ्फपुर के लिए एवं मेरठ से सोनीपत (हरियाणा) के लिए भी बसों का संचालन शुरू किया गया है। यह बसें सप्ताह में सातों दिन चलेगी। इन बसों में यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है। आरामदायक सीटें और दूसरी सुविधाएं भी मिलेगी। परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयायशंकर सिंह ने बताया कि उक्त बस सेवा पितृपक्ष में जाने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत शुरू की गई है। इससे गया जाकर पिण्डदान करने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि वाराणसी (कैंट) से संचालित बस चन्दौली- सासाराम -औरंगाबाद-शेरघाटी-गया (बिहार) तक के लिए संचालित होगी। इस रूट के यात्रियों को इसका सीधा लाभ होगा। वाराणसी स्टेशन से रात्रि 8 बजे चलकर उक्त बस गया, बिहार चार बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार लखनऊ (आलमबाग बस टर्मिनल) से मुजफ्फरपुर का किराया 862 रूपये निर्धारित किया गया है। यह बस सेवा लखनऊ से रात्रि 2 बजे चलकर बाराबंकी, अयोध्या, गोरखपुर, तुमकुही, गोपालगंज होते हुए अगले दिन सुबह 4 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। मेरठ से सोनीपत के लिए चलने वाली बसें दिन में 3 फेरे लगाएंगी। यह बस बघैत डिपों से सुबह 6ः30 बजे, 10ः50 बजे एवं 15ः50 बजें चलकर सोनीपत जाएगी। यात्रियों को आवागमन में आ रही परेशानियों को देखते हुए उप्र राज्य सध्क परिवहन निगम ने सोनीपत (हरियाणा) के लिए बस संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। परिवहन मंत्री ने बताया कि उक्त बस संचालन से प्राइवेट व्हीकल पर श्रद्धालुओं की निर्भरता कम होगी, जो कि उनके खर्च और समय को भी बचाएगी। उन्होंने बताया कि उप्र से बघी संख्या में श्रद्धालु पितृपक्ष में गया जाते है।

# बहराइच में खाद को लेकर सपा का प्रदर्शन

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में खाद की किल्लत व कालाबाजारी का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को यहां जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए, जो किसानों की सहायता नहीं कर पा रही है। कलेक्ट्रेट पहुंचे सपा के जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। प्रदर्शन के दौरान, कार्यकर्ताओं ने यूरिया की बोरी पहनी हुई थी और 'यूरिया चोरों, गद्दी छोड़ो' के नारों से अपनी आवाज उठाई। यादव ने कहा कि यूरिया की कालाबाजारी कर इसे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल भेजा जा रहा है। वर्तमान में खाद केवल उन्हीं को मिल रही है, जो अधिक पैसे देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने बताया कि निजी खाद विक्रेताओं द्वारा किसानों से दोगुने और तीन गुने रेट पर यूरिया बेचा जा रहा है,

जिससे किसानों का शोषण हो रहा है। उन्होंने मांग की कि खाद की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि किसानों की खाद संकट से मुक्ति हो सके। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ नोकझोंक भी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस पीएससी के जवान भी उपस्थित थे।

# एसजीपीजीआई में होगा सोसायटी फॉर इमरजेंसी रेडियोलॉजी का सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नाकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा सोसायटी फॉर इमरजेंसी रेडियोलॉजी के 12वां वार्षिक सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक आयोजित होगा।

सम्मेलन में भारत और विद. ेश से लगभग 500 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। सेरकॉन 2025 आपातकालीन रेडियोलॉजी की विभिन्न उप-विशेषताओं जैसे जीआई (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल) और एमएसके (मस्क्युलोस्केलेटल) इमेजिंग से लेकर हृदयवाहिनी, फेफड़े, न्यूरो और शिशु आपात स्थितियों को कवर करेगा। इस वर्ष की थीम ' फ्राम टियर्स टू ट्विस्ट: मास्टरिंग जीआई एंढ एमएसके इमरजेंसी' पर आधारित होगी। सम्मेलन सामान्य से लेकर दुर्लभ और अक्सर कठिनता से पहचाने जाने वाले निदान संबंधी चुनौतियों पर गहन चर्चा करेगा। 22 अगस्त को आयोजित होने प्री-कॉन्फ्रेंस कौशल संवर्द्धन वर्कशॉप मुख्य आकर्षण होंगे। विश्व-प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. शिवानंद गमनगट्टी और डॉ- अतिन कुमार (एम्स, दिल्ली) ट्रॉमा इमेजिंग और रिपोर्टिंग मानकों के बारीक पहलुओं को स्पष्ट करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में वैज्ञानिक सत्र, इंटरैक्टिव केस डिस्कशन, मुख्य व्याख्यान और विशेषज्ञों द्वारा फिल्म-रीडिंग पैनल आयोजित होंगे। पद्मश्री डॉ- राधा कृष्ण धीमन (निदेशक, एसजीपीजीआई) के नेतृत्व में व डा- अर्चना गुप्ता (आयोजन अध्यक्ष) और डॉ- अनुराधा सिंह (आयोजन सचिव) के कुशल प्रयास से सेरकॉन 2025 केवल यह केवल एक सम्मेलन नहीं, बेहतर रोगी सेवा के लिए कौशल और विज्ञान का एक उत्सव साबित होगा।

# वाराणसी में कॉलोनाइजर की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के सारनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर की अरि. हंतनगर कॉलोनी में गुरुवार को बाइक सवार बदमाशों ने कॉलोनाइजर की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने कॉलोनाइजर महेंद्र गौतम की मौत की पुष्टि की। घटना की सूचना मिलते ही सारनाथ पुलिस, डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार और क्राइम ब्रांच की टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची।

गोली लगने के बाद महेंद्र गौतम को सिंह मेडिकल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महेंद्र गौतम अपने बुद्धा सिटी स्थित घर से साइट पर जा रहे थे, तभी बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गोली मारने के बाद बदमाश रिंग रोड की ओर भाग निकले। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। मृतक के पिता के सेवानिवृत्त अधिकारी होने की जानकारी सामने आई है।

# राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मिलेगा 210 घंटे का कौशल प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी नियमित शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत वर्चुअल बैठक में गुरुवार को सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी नियमित शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना था। यह प्रशिक्षण छात्रों की रुचि एवं जिलाधिकारी द्वारा सुझाए गए सेक्टर और कोर्स के अनुरूप होगा। बैठक में मिशन निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्रों को 210 घंटे के कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसमें 150 घंटे कोर स्किल, 30 घंटे सॉफ्ट स्किल और 30 घंटे इंडस्ट्रियल विजिट शामिल होंगे। सॉफ्ट स्किल और इंडस्ट्रियल विजिट कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने सेक्टर स्किल काउंसिल से अपेक्षा की कि वे इन कोर्सों को शीघ्र डिजाइन कर एनसीवीईटी से अनुमोदन उपरांत उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन को उपलब्ध कराएं। वर्चुअल बैठक में उपस्थित सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ एवं प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि निर्धारित समयसीमा में 210 घंटे की अवधि वाले कोर्स तैयार कर विभाग को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे की इस पहल से पहली बार प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ इंडस्ट्रियल विजिट का अवसर मिलेगा। इससे छात्र-छात्राओं में रोजगारोन्मुखी शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव का विकास होगा।

# डाक्टरी की दुकान चलाने वाले झोलाछाप की हुई मौत

### कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव।** थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर पर डाक्टरी की दुकान चलाने वाले एक झोलाछाप की मौत हो गई परिजनों पड़ौलिया के पूर्व प्रधान व बिनावर थाना क्षेत्र के गांव इकरामनगर पौ गौंटिया निवासी हिस्ट्रीशीटर पर पंचायत के दौरान कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है । थाना बिनावर क्षेत्र के गांव रहमा गौंटिया निवासी इमरान पुत्र दिलावर हुसैन की कुंवर गांव थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में दुकान थी । जहां वह डाक्टरी का काम करते थे इमारन का इकरामनगर पौ गौंटिया निवासी हिस्ट्रीशीटर बब्लू से पुरानी रंजिश चली आ रही है 6 इमारन हुसैनपुर अपनी दुकान पर थे जहां बब्लू पहुंचा और मनमुटाव के कारण गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर जान से मारने धमकी देकर भाग गया जिसके बाद इमरान दोपहर दो बजे दुकान बंद कर घर जा रहा था जहां बिनावर के चौपाल सागर के पास पहुंचते ही बब्लू ने अपने अन्य तीन साथियों के साथ इमरान को घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया ।जिसके बाद इमारन ने बिनावर थाने पहुंचकर बब्लू व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था ।तभी से इमरान मुकदमे की पैरवी कर रहा था । और आरोपी लगातार पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे थे । परिजनों का कहना है कि पड़ौलिया के पूर्व प्रधान मुख्तयार के द्वारा फोन द्वारा इमरान को समझौते



के लिए बुलाया गया था ।जब इमरान दोपहर के समय पड़ौलिया पूर्व प्रधान के यहां पहुंचे तो वहां पर बब्लू सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। प्रधान के यहां पंचायत हुई आरोप है कि इस दौरान कोल्डड्रिंक मंगाई गई और सभी ने कोल्डड्रिंक पी परिजनों का आरोप है कि जिस गिलास में इमरान को कोल्डड्रिंक दी गई वह गिलास सभी से अलग था । पंचायत के बाद इमारन अपने घर पहुंचा तो उसकी हालत बिगड़ने लगी उसने पंचायत में कोल्डड्रिंक पीने की बात परिजनों को बताई हालत ज्यादा खघ्राब होने पर परिजनों ने इमरान को मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां देर रात इमरान की मौत हो गई । परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी । इस संबंध में इंस्पेक्टर वीपी सिंह का कहना कि झोलाछाप की मौत हुई है।

परिजन पड़ौलिया में एक पंचायत के दौरान कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं अभी तहरीर नहीं मिली है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तहरीर आने के बाद कार्यवाही की जाएगी । इमरान किसान यूनियन महात्मा टिकेत गुट के जगत ब्लाक से ब्लाक अध्यक्ष थे जहां इमरान की मौत के बाद किसान यूनियन में शोक की लहर है उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है ।इस मौके पर एडवोकेट दिनेश मौर्य सहित उनके साथी मौजूद रहे ।।

# सपा ने की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र के गांव सिरसावा में समाजवादी पार्टी की पीडीए की पंचायत आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिकारों की रक्षा के लिए तैयार रहने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न काफी बढ़ गया है। श्री सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य आगामी त्रिस्तरीय चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। इस अवसर पर सुभाष सक्सेना, हरीश



यादव, सोबरन सिंह, सेवाराम, ओमकार सिंह, नन्हे यादव, सौदान सिंह, कृष्ण पाल, संजय मीना, जसवीर यादव, धर्मवीर, देशपाल, गौतम शर्मा, परमकांत, मुकेश सिंह, सत्यभान प्रजापति, मो. अयाज, विज. ेंद्र सिंह, उमेश यादव, मो. इरम, सुनील यादव, संजीव, ऋषिपाल सिंह, चिरंजीलाल मीना, मो.आलम, विकास यादव आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन हेतु दुकान निर्माण एवं संचालन योजना में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण व संचालन योजनान्तर्गत जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक है, तथा स्वरोजगार करने के इच्छुक हैं व जिन्हे पूर्व में इस योजना का लाभ नही मिला है, ऐसे दिव्यांगजन को रुपए 10000 दुकान संचालन हेतु एवं रुपए 20000 दुकान निर्माण किये जाने हेतु प्रदान किये जाते है। इच्छुक दिव्यांगजन पोर्टल https% @@divyang-jandukan-upsdc-gov-पद पर लॉगिन कर स्वयं ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन साइबर कैफे, निजी इन्टरनेट केन्द्र, अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से किया होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम (यू०डी० आईडी कार्ड) एवं सक्षम प्रधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र (गरीबी रेखा से दुगनी), बैंक खाता सम्बन्धी पास बुक, निवास प्रमाण पत्र, तथा आधार कार्ड की छायाप्रति को स्वप्रमाणित कर अपलोड किया जाना अनिवार्य है व चयनित पात्र लाभार्थी द्वारा रुपए 10000 के ऋण हेतु रुपए 320 व रुपए 20000 के ऋण हेतु रुपए 600 का स्टाप पेपर पर अनुबन्ध पत्र जमा किया जाना अनिवार्य है। साथ ही ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र की हार्ड कापी समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन बदायूँ के कक्ष सं0 103 में जमा करना होगा।

## अन-फीडिंग वर्ल्ड बैंक परियोजना शुरू, छोटे घरों व किसी भी आवश्यकता के लिए मिलेगा ब्याज मुक्त ऋण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अनफीडिंग वर्ल्ड बैंक एक अर्न्तराज्यीय परियोजना है, जो गैर संगठित क्षेत्रों के सभी किसानों, स्वयं सहायता समूहों, महिलाओं एवं अन्य सभी जरूरतमंद समूहों को, सीएसआर वेलफेयर फन्ड से, अनफीडिंग वर्ल्ड बैंक जीरो डिपोजिट आरडी एकाउन्ट के द्वारा उनके सभी चिकित्सा, शिक्षा, निश्चित रोजगार प्रशिक्षण एवं अन्य आवश्यक चयनित बिलों के भुगतान एवं छोटे घरों के लिये 2.40 लाख रूपए तथा किसी भी आवश्यकता के लिये, बिना ब्याज के ऋण, बिना किसी औपचारिकता के कैश सहायता के रूप में दुनिया में पहली बार बिल्कूल फ्री उपलब्ध करा रही है। प्रस्तावित अन-फीडिंग वर्ल्ड बैंकों के लिये सभी कार्य केवल अन्तर्राज्यीय फन्डिंग एजेन्सी अन फीडिंग वर्ल्ड बैंक परियोजना द्वारा कियें जायेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी अवनीश राय ने दी। डीएम ने बताया कि भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत सभी जरूरतमंद लोगों के लिए अन-फीडिंग वर्ल्ड बैंक परियोजना का केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकास भवन लखनऊ के सभागार में शासन, प्रशासन, मीडिया एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीप जलाकर भव्य शुभारम्भ किया गया था, तथा जिला प्रशासन द्वारा पत्रों के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक सहयोग करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि अनफीडिंग वर्ल्ड बैंक परियोजना, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों एवं महिलाओं के सहायतार्थ उनको, सीएसआर वेलफेयर फन्ड से, छोटे घरों के लिये 2.40 लाख रू० एवं किसी भी आवश्यकता के लिये।

बिना ब्याज के ऋण, बिना किसी औपचारिकता के. कैश सहायता के रूप में, उपलब्ध कराने के लिये विशेष रूप से संचालित की जा रही है। तथा किसी भी लाभार्थी से कोई भी अग्रिम राशी अथवा कोई भी सुविधा शुल्क नही लिया जा रहा है। इसीलिए परियोजना की स्कीमों के सम्बन्ध में किसी भी दावें एवं किसी भी दुष्प्रचार अथवा कानूनी कार्यवाही को, पूर्णतया गैरकानूनी माना जायेगा तथा कोई भी विवाद होने पर, परियोजना का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा। उन्होने बताया कि चयनित लाभार्थियों को, छोटे घरों के लिये 2.40 लाख रुपए एवं बिना किसी ब्याज के ऋण उपलब्ध कराने एवं उसकी रिकवरी के लिए, अनफीडिंग वर्ल्ड बैंक परियोजना के प्रबन्धन के लिए प्रथम चरण में. उत्तर प्रदेश के समस्त विकासखण्डों में, आउटर्सोसिग एजेन्सियों एवं लोन आफीसरों की नियुक्तियाँ, नियमा नुसार, अनुबन्ध के आधार पर की जा रही है। प्रत्येक लोन आफीसर द्वारा, 250 लाभार्थियों का चयन एवं उनके एकाउन्ट खोलने पर 22 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय का भुगतान अनुबन्ध के आधार पर किया जायेगा। समस्त आउटसोर्सिंग एजेन्सयाँ, अपने विकास खण्डों के मीटिंग हालों एवं कार्यालयों का उपयोग, अधिकृत किये जाने पर कर सकेंगें।

## 25 अगस्त को होगा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 25 अगस्त सोमवार को जिला सेवायोजन की ओर से राजकीय डिग्री कालेज नाधाभूड़ सहसवान के प्राचार्य में किया जा रहा है।

जिसमें जैसे एस० आई०एस० सिक्योरिटी कम्पनी देहरादून, भगवती प्रोडक्स प्राइवेट लिमिटेड नोयडा, एसएन स्टाफिंग सॉल्यूशन प्रा0 लि0, मदसन कम्पनी भिवाडी राजस्थान, वी०पी०एल० मोबाईल कम्पनी प्रा०लि० नोयडा, डिक्शन टेक्निलॉजी इन्डिया लिमिटेड कम्पनी, फिलिपकार्ट कम्पनी नोयडा हरियाणा, ब्राईट फयूचर ऑरगेनिक हर्बल एण्ड आर्युवेदिक प्रा०लि०, भारतीय जीवन बीमा निगम बदायूँ सहित लगभग 10 कम्पनियों प्रतिभाग कर रही है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में अभ्यर्थी रोजगार मेला में पहुँचकर रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र की नौकरियों में सुनहरा अवसर पायें।

इस रोजगार मेलें में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आईटीआई एवं जीटीआई उत्तीर्ण समस्त ट्रैडों के अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने की सौगात है। उन्होंने समस्त अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी प्रमाण पत्रों एवं शैक्षिक योग्यता वॉयोडाटा सहित अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस योजना का लाभ उठायें। रोजगार मेला उ०प्र० शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।

## तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** हाल ही में स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान पर चलाया जा रहा कृषक उत्पादन संगठनों, महिला कृषक संघों का क्षमता संवर्धन विषयक तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीते गुरुवार को देर शाम संपन्न हुआ । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बने हुए कृषक उत्पादन संगठन तथा प्रगतिशील कृषकों एवं महिला संगठनों कृषक उत्पादन के संबंध में क्षमता संवर्धन किए जाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग, आजीविका मिशन के कार्मिकों में प्रतिभाग लिया । इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक एवं संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व कृषि विभाग बरेली के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक बीरेंद्र प्रधान ने सभी प्रतिभागियों को आवश्यक विषय पर विस्तृत जानकारी दी । इस कार्यक्रम में गौरव सिंह , धीरेन्द्र , ऋतु सागर , राजेश कुमार , राम सिंह , सूरज पाल सिंह , नरेश कुमार शर्मा , कौशल कुमार चौहान , रीना देवी , सुनीता , निशा , अनीता , शिखा गुप्ता , भावना , लक्ष्मी , यादराम , आकाश पाल , रूमा सिंह , हेमलता , नीलम , सुभाष , लता देवी , कंचन , भूपा देवी , मनोज वर्मा , जुगेंद्र व सोनू कुमार आदि ने प्रतिभाग किया । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव व प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार के निर्देशन में चलाया गया ।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन करे आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अमित कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष: 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की योजनाओं के अन्तर्गत जनसामान्य को आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय iksVZy https% @ @fisheries-up-gov-पद 24 जुलाई से 14 अगस्त 2025 तक खोला गया था। महानिदेशक मत्स्य उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि अब 31 अगस्त 2025 कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति विभिन्न योजनाओं में 31 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की योजना व उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अन्तर्गत अन्तर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास, प्रदर्शनी और सेमिनारों के लिए मत्स्य पालकों, मछुआरों का प्रशिक्षण, भ्रमण कार्यक्रम, योजना में पूर्व के वर्षों में निरस्त, प्रतीक्षारत आवेदन वाले आवेदक पुन: आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में उनके कार्यालय विकास भवन द्वितीय तल कमरा संख्या 325 में सम्पर्क कर सकते हैं।

## मोटापा हमारे लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन रहा है: घनश्याम दास

**आई एम खान,शाह टाइम्स**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई-बसई में गुरुवार को छात्र-छात्राओं को मोटापे से बढ़ते खतरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मोटापे से बचने के लिए जीवन शैली और खान-पान की आदतों में बदलाव करने की अपील की गई। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम दास ने कहा कि मोटापा हमारे लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन रहा है, जिसका कारण जीवन शैली और भोजन में ज्यादा तेल का इस्तेमाल करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भोजन में प्रयोग होने वाले तेल को 10% कम



करने को कहा। व्यायाम प्रवक्ता सुधाकर शर्मा ने कहा कि हमें जंक फूड खाने से बचना है और फाइबर युक्त भोजन का इस्तेमाल करना है।नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए। इस अवसर पर रामाधार शर्मा, प्रकाश वीर, विश्वेश पाठक, मनोज कुमार, आनंद सिंह, राकेश कुमार शर्मा, विपिन शर्मा, रऊफ अहमद, अंकित सिंह, कामेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, रेनू, शिवानी, साक्षी, अंशिका, अमित पाराशरी, आशीष आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरदीप सिंह ने किया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया जागरुकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज ।** विकासखंड वजीरगंज के गांव सुरसैना में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की तरह से सतर्कता जागरूक अभियान चलाकर ग्रामीणों को बैंक के अधिकारियों द्वारा बैंक के लेने देन के समय एवं सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मेरठ से आए अधिकारी सुरेन्द्र सिंह रावत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की खाता धारको के लिए बैंक से लेन देन ध्यान पूर्वक करना चाहिए समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त करते रहना ।

चाहिए जिससे लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके इस अवसर पर शाखा प्रबंधक पवन कुमार बैंक मित्र जयपाल दिवाकर सदस्य जिला पंचायत राम सिंह प्रजापति बैंक मित्र के साथ-साथ अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी मेले में जादूगर जुगनू ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बगरैन।** कस्बे में बिसौली रोड स्थित काली माता मंदिर पर चल रहे पांच दिवसीय जन्माष्टमी मेले में आए विश्व विख्यात जादूगर जुगनू ने अपनी शानदार कला का प्रदर्शन किया। जादूगर के हैरतअंगेज करतबों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक की भीड़ उमड़ पड़ी, और जुगनू जादूगर ने अपने जादू से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जुगनू जादूँगर के हैरतअंगेज शो कस्बे के मेले में बनाए गए विशेष मंच पर जैसे ही जुगनू जादूगर ने अपनी प्रस्तुति शुरू



की, पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने एक बाद एक ऐसे करतब दिखाए, जिन्होंने दशकों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि यह कैसे संभव है। हवा में उड़ती हुई लड़की जादूगर ने एक लड़की को हवा में उड़ाकर दिखाया, जिससे सभी दर्शक हैरान रह गए। अचानक गायब होना और प्रकट होना, जुगनू जादूगर ने पलक झपकते ही खुद को गायब करके दिखाया और फिर कुछ ही देर में मंच के दूसरे कोने से प्रकट हो गए। जादूगर जुगनू के शो के दौरान दर्शकों का उत्साह चरम पर था। बच्चे खास तौर पर उनके जादू से बहुत खुश हुए और अपनी सीट से खड़े होकर तालियां बजा रहे थे।

यह जादू का शो जन्माष्टमी मेले का सबसे बड़ा आकर्षण साबित हुआ, मेला अध्यक्ष राजीव कुमार पाराशरी ने बताया कि जुगनू जादूगर जैसे कलाकार को बुलाने का मकसद मेले को और भी मनोरंजक बनाना है जादूगर जुगनू ने भी कस्बा बगरैन के लोगों के प्यार और समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया।

## एक नजर

### कॉलेज में बताए गए नशे के दुष्परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम बताये गये कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में तेजी से फंस रही है, जिससे



न केवल उनका अपना जीवन प्रभावित हो रहा है बल्कि पूरा समाज भी इसकी मार झेल रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशीले पदार्थों से परहेज करें एवं स्वस्थ जीवन निर्माण के लिए अपने परिवार एवं समाज के खिलाफ मुहिम चलाएं।बाद में सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने और नशे को रोकने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर कालेज के शिक्षक नीरज चौहान,विपलव भारती ,रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद शर्मा,अश्वनी शर्मा,अनमोल उपाध्याय,विपुल प्रताप सिंह,यशपाल सिंह,दुर्गेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।


**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन / सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

| | | |
|---|---|---|
| अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222 | बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 9412302152 | बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500110219 9411827221 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078 | अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759558639 | |
| आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786 | | |


## पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश व पूर्व राज्यपाल राजस्थान कल्याण सिंह को चतुर्थ पुण्य तिथि पर किया याद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** दिन गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व बाबूजी कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि कस्बा उझानी में मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनकी पुण्यतिथि को बड़े धूमधाम के साथ मनाया। कस्बा उझानी के बरेली मथुरा हाईवे पर कल्याण चौक पर बनी मूर्ति पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला माल्यार्पण किया और बाबूजी को याद किया।

इस अफसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री वीएल वर्मा के पुत्र प्रभात और हर्षवर्धन राजपूत,शहर विधायक पुत्र विश्वजीत गुप्ता, जिला महामंत्री एमपी सिंह, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव,अमित सिंह मंडल अध्यक्ष,ओमपाल सिंह राजपूत मण्डल उपध्यक्ष रामू सिंह के साथ अन्य कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित रहे।

## 22अगस्त 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें टाटा मोटर्स लिमिटेड पंतनगर , उत्तराखण्ड कंपनी के प्रतिनिधि साक्षात्कार लेंगे । जिसमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, वेल्डर, प्लंबर , मैकेनिक डीजल इंजन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, शीट मेटल ,वायरमैन ,आर ए सी,पीपीओ आदि व्यवसाय के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अत: उक्त व्यवसाय के अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 25 वर्ष हो वह अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड, पैन कार्ड ,तीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आदि सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सलारपुर बदायूं में प्रात: 9:00 बजे उपस्थित हों। इस संबंध में कोई मार्ग व्यय आदि दिए नहीं होगा

## 22 अगस्त को नि:शुल्क टूलकिट्स व कौशल सुधार प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग, माटीकला बोर्ड द्वारा संचा. लित नि:शुल्क टूलकिट्स वितरण योजना, 15 दिवसीय माटीकला कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अर्न्तगत जनपद बदायूँ के प्रजापति समाज के परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरो को आधुनिक नि:शुल्क माटीकला इलैक्ट्रिनिक चॉक के चयन हेतु आवे. दको का साक्षात्कार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 22 अगस्त 2025 को प्रात: 10 बजे विकास भवन सभागार बदायूँ एवं हनी बॉक्स टूल किट्स के चयन हेतु आवेदको का साक्षात्कार परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, बरेली मण्डल, बरेली की अध्यक्षता में प्रात: 11:00 बजे विकास भवन सभागार बदायूँ में होना सुनिश्चित हुआ है। जिन आवेदको ने इन योजना में नि:शुल्क टूलकिट्स प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है वह समय साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# चुनरी का फंदा बना फांसी पर झूल गई विवाहिता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** क्लोलड़िया थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। बृहस्पतिवार को उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। उसके गले में चुनरी का फंदा कसा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मायका पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

क्लोलड़िया थाना क्षेत्र के रिछोला गांव निवासी अंगनलाल ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी पूजा का विवाह 26 फरवरी 2025 को कुन्दमन गांव के राम सिंह के साथ किया था। आरोप लगाया कि विवाह के कुछ समय तक तो ठीक ठाक रहा, लेकिन बाद में ससुरालवाले विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे थे।

विवाहिता की सास उर्मिला ने बताया कि तीज के त्यौहार पर पूजा मायके गई थी। मायके से ससुराल आने पर सोने-चांदी के जेवरात लेकर वापस नहीं आई थी। जब उन्होंने जेवर के बारे में जानकारी ली तो नाराज होकर बुरा भला कहने लगी। परिवार के लोग बृहस्पतिवार को खेतों पर चले गए थे। इसी बीच पूजा ने अपने कमरे में जाकर चुनरी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता के भाई करन ने बताया कि पूजा ने उन्हें फोन पर बताया कि ससुराल वाले परेशान करते हैं। प्रताड़ित करते हैं, जिससे वह परेशान हो चुकी है। अब और सहन नहीं कर सकती, इसलिए मरने जा रही हूं। इतने कहते ही उसने फोन काट दिया। करन ने परिजनों के साथ मौके पर देखा तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। उसने आनन-फानन में नीच उतार लिया। कुछ देर बाद उसके ससुराल वाले मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पति और ससुर को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल नवाबगंज अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विवाहिता के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका के मायका पक्ष की ओर से कोई तहरीर अभी तक नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# आमने-सामने से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शाही-शेरगढ़-बहेड़ी मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात में हुआ। ग्रामीणों के अनुसार शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पनवड़िया के निकट 16 वर्षीय नितिन व उनके साथ प्रेमपाल एक ही बाइक से अपने गांव मधुकरपुर आ रहे थे।

वहीं, मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी 25 वर्षीय नेमचंद्र बाइक से अपनी ससुराल शीशगढ़ थाने के गांव भखावा जा रहे थे। पनवड़िया के नजदीक पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की देर रात दोनों की बाइकें आमने-सामने से भिड़ गईं,





जिसमें दोनों ग्रामीण गंभीर घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने अस्पताल भेजा। यहां उपचार के दौरान दोनों बाइक सवार नितिन व नेमचंद की बुधवार को दिन में मौत हो गई।

मृतक नितिन तीन भाई-बहन में सबसे बड़ा था, जो घर के कामकाज में हाथ बंटाता था।

## एक नजर

### पूर्व विधायक के पौत्रों की तलाश में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी/देवरनियां।** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर कठर्रा गांव में हुई आगजनी और फायरिंग के मामले में पुलिस पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के पौत्र शशांक और मयंक वर्मा की तलाश में जुटी है। दोनों के खिलाफ देवरनियां पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं।

आगजनी और फायरिंग की घटना मंगलवार को हुई थी, जब शशांक और मयंक वर्मा ने अपने साथियों के साथ विशाल मेडिकल स्टोर और खाटू श्याम कंफेक्शनरी पर हमला कर दिया था। आरोप है कि रंगदारी न देने पर दोनों दुकानों पर फायरिंग की गई, और आग लगा दी गई। इस मामले में प्रीतम सिंह और राजीव ने अलग-अलग तहरीर देकर शशांक और मयंक वर्मा पर आरोप लगाया है।

देवरनियां कोतवाली पुलिस ने शशांक और मयंक समेत गांव उदरा निवासी मयंक, अर्पित, चेतक समेत अज्ञात के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की हैं। पुलिस ने उनकी तलाश में कई जगह दबिशें दी हैं, लेकिन अभी तक दोनों आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। कोतवाली इंचार्ज नवदीप सिंह ने बताया कि आगजनी और फायरिंग के मामले में दोनों मुकदमे अलग-अलग हुए हैं। अभी जांच चल रही है, और जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।

### दुकान में घुसकर विधवा महिला व उसके पुत्र को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** एक विधवा महिला की जूता चप्पल की दुकान पर पड़ोसी दुकानदारों ने हमला कर दिया। दुकान पर मौजूद महिला के बेटे कुश पिपलानी के साथ मारपीट की गई, और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि जब उसका बेटा कुश दुकान की साफ-सफाई कर रहा था, उसी समय आरोपियों ने मारपीट की।

पड़ोसी दुकानदार ने 6-7 अज्ञात लोगों के साथ मिलकर दुकान में घुसकर कुश के साथ मारपीट की। आरोपियों ने कुश को लात-घूंसों से मारा, और मां-बहन की गंदी गालियां दीं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी दुकानदार अक्सर उनकी दुकान पर आकर गाली-गलौज और लड़ाई-झगड़ा करते हैं। वे उन्हें दुकान बंद कराने की धमकी देते हैं, और मारपीट करने को उतारू रहते हैं। महिला का कहना है कि वह और उसका बेटा सीधी-सादी और कानून का पालन करने वाले लोग हैं, लेकिन पड़ोसी दुकानदारों की धमकी और मारपीट से वे परेशान हैं। महिला ने मामले का शिकायती पत्र पुलिस को देकर कारवाही की मांग की है। इंस्पेक्टर क्राइम अजय सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में दोनों तरफ से तहरीर मिल गई है, जांच कर रहे हैं, जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बीडीए ने रेगलिया गार्डन में अवैध निर्माण किया सील

शाह टाइम्स संवाददाता



**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डोहरा रोड स्थित रेगलिया गार्डन में चल रहे अवैध निर्माण को सील कर दिया। यह निर्माण कार्य रामऔतार अहूजा के नाम से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत कराया जा रहा था। संयुक्त सचिव दीपक कुमार, सहायक अभियंता, अवर अभियंता और प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर भवन को सील किया। प्राधिकरण का कहना है कि बिना अनुमति कराए गए अनाधिकृत निर्माण पर सख्ती जारी रहेगी, और ऐसी किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण ने आमजन को चेतावनी दी है कि संपत्ति खरीदते समय सतर्क रहें। खरीदारी से पहले विक्रेता से मानचित्र स्वीकृति से जुड़े सभी दस्तावेज अवश्य जांच लें, ताकि भविष्य में किसी कानूनी कार्रवाई का सामना न करना पड़े।

### बाहर वाली के चक्कर में पति करता है मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** दूसरी महिला के चक्कर में पति अपनी पत्नी को मारता पीटता है। वह उसके साथ न रहकर बहन और भाभी के यहां रहता है, और पत्नी बच्चों को खर्चा भी नहीं दे रहा है। पीड़ित महिला ने अपने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। विवाहिता पूजा पत्नी मुकेश निवासी मिन्तरपुर का कहना है कि उसके पति मुकेश पुत्र रामलाल ने 18 अगस्त को सुबह 4 बजे घर में घुसकर पंखे, दरवाजे फर्नीचर, नल व टायलेट आदि चीजें तोड़ दी हैं। उस समय वह जन्माष्टमी के मौके पर मायके भोजीपुरा पीपलसाना में गई हुई थी। उसके पति का दूसरी महिला के साथ नाजायज सम्बंध हैं। जिससे पीड़ित को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पति आए दिन उसको मारपीट कर गन्दी-गन्दी गलियां देता है, और जान से मारने की धमकी देता है। पीड़ित की 2 साल की पुत्री मिस्ती सिंह है। उसका पति मुकेश पुत्री व उसे घर का खर्चा भी नहीं देता है। वह अपनी बड़ी बहन और बड़ी भाभी के घर पर रहता है। भाभी व बहन के कहने पर अपनी उसे मारता है। उसके विवाह को 3 साल हो गए हैं और एक साल से ससुराल में अपनी पुत्री साथ अकेले रह रही है। वह ससुराल में ही रहना चाहती है, लेकिन पति उसके साथ नहीं रहना चाहता है। उसने थाने में तहरीर देकर अपनी समस्या का समाधान करने व पति पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति मुकेश पुत्र रामलाल निवासी मिंतरपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाबा अलखनाथ का प्रवेश द्वार होगा भव्य, 12 करोड़ रुपये की लागत से संवरेगी मंदिर की सूरत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बाबा अलखनाथ मंदिर भक्तों को जल्द ही नए रूप में नजर आएगा। पर्यटन विभाग की परियोजना के लिए प्रदेश सरकार ने 12 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की है। इस बजट से मंदिर का सुंदरीकरण कराने के साथ ही ओपन थिएटर, वैदिक लाइब्रेरी सहित अन्य कार्य भी कराए जाएंगे।

नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत नाथ मंदिरों को संवारने का काम किया जा रहा है। पर्यटन विभाग के मुताबिक इस परियोजना के तहत अलखनाथ मंदिर परिसर में कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य किए जाएंगे। यहां एक पार्किंग क्षेत्र बनाया जाएगा। इसके साथ ही ओपन थियेटर, परिसर में फूल व प्रसाद के लिए नई दुकानें, एक बड़ा बहुउद्देशीय हॉल और वैदिक लाइब्रेरी बनाने के साथ ही प्रवेश द्वार भी आकर्षक बनाया जाएगा।

बाबा अलखनाथ मंदिर में सालभर श्रद्धालु आते हैं। सावन माह में यह संख्या कई गुना तक बढ़ जाती है। मौजूदा समय में यहां सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही थी, खासकर पार्किंग की। नई परियोजना से इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा। उप निदेशक पर्यटन रविंद्र कुमार ने बताया कि अलखनाथ मंदिर बरेली ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहचान है। बजट मिलने के बाद अब यहां जल्द काम शुरू होगा।

# डीएम ने की गौवंश आश्रय स्थलों की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन व प्रबंधन की समीक्षा

- गौशाला स्थापना व संचालन हेतु बनायी गयी समितियों के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को पशुपालन विभाग की जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में गौवंश आश्रय स्थलों की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन व प्रबंधन के आदि के सम्बन्ध में समस्त सम्बंधित अधिकारियों को विस्तार से जानकारी देते हुए दायित्वों के निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विकासखंड स्तरीय, तहसील स्तरीय, एवं जिला स्तरीय समितियां जो गौशालाओं के संचालन हेतु शासन द्वारा बनाई गई हैं, के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि विकासखण्ड स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की स्थापना की गयी है, जिसमें खण्ड विकास अधिकारी अध्यक्ष, सदस्य के रुप में संबंधित पशु चिकित्साधिकारी उपाध्यक्ष व संबंधित ग्राम प्रधान, संबंधित पशुधन प्रसार अधिकारी, वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि), संबंधित राजस्व निरीक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव, सदस्य के रुप में सम्मिलित हैं।

इसी प्रकार तहसील स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति में उपजिलाधिकारी अध्यक्ष व पुलिस उपाधीक्षक, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार, समस्त नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, उप संभागीय अधिकारी (कृषि प्रसार) सदस्य तथा उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव के रुप में सम्मिलित हैं।

जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष हैं, व सदस्य के रुप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, समस्त उप जिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, प्रभागीय वनाधिकारी (सामाजिक वानिकी), जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, डीडीएम (नाबार्ड), सदस्य सचिव मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जनप्रतिनिधिगण हैं। मण्डल स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की अध्यक्ष मण्डलायुक्त, सदस्य पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, स्थानीय निकाय, नगर विकास विभाग के मण्डल स्तरीय शीर्षस्थ अधिकारी, सदस्य सचिव अपर निदेशक पशुपालन विभाग, सदस्य उप निदेशक पंचायती राज विभाग, मुख्य अभियंता, सम्बंधित मण्डल, सिंचाई विभाग, वन संरक्षक वन विभाग, उप निदेशक कृषि विभाग, अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों से संबंधित अन्य सुसंगत विभागों के मण्डल स्तरीय शीर्षस्थ अधिकारीगण हैं। बैठक में उक्त समितियों के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से चर्चा की गई, तथा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक समिति प्रतिमाह समीक्षा बैठक कर स्थानीय स्तर पर संचालन में आ रही समस्याओं का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करेंगी। इसके अतिरिक्त गौशालाओं के निरीक्षण के लिए नामित नोडल अधिकारी गौशाला का नियमित निरीक्षण करें, एवं निरीक्षण में पाई गई कमियों को संबंधित विभागों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए गौशाला पर पाई गई कमियों को सही करना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सहभागिता में दिए गए गौवंशों का सत्यापन अवश्य करा लिया जाए, जिससे उसी के अनुरूप धनराशि की डिमांड की जाए। गौआश्रय स्थलों पर बाउंड्रीवाल का निर्माण, विद्युतीकरण, अतिरिक्त पशु शेड की आवश्यकता, गोचर भूमि पर हरा चारा बोया जा रहा है या नहीं, और हरा चारा गौशालाओं में भेजा जा रहा है या नहीं, जिन गौशालाओं के सम्पर्क मार्ग की स्थिति खराब हो गयी उक्त बिन्दुओं पर निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाए। जिससे उक्तानुसार धनराशि की मांग करते हुए कार्य कराया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, उप जिलाधिकारी आंवला एवं फरीदपुर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी, नामित नोडल अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ब्रह्मदेव स्थल की रातों रात बनाई दीवार मुस्लिम समुदाय ने किया विरोध



- एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ डाला डेरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर का विवाद थमने के बाद गुरुवार को ग्राम फाजिलपुर में दो समुदाय आमने-सामने आ गए। ग्राम में ब्रह्मदेव स्थल की दीवार बनाए जाने को लेकर मुस्लिम समुदाय ने इसका विरोध किया। सूचना पर सुबह करीब साढ़े 9 बजे पहुंची। पुलिस ने निर्माण कार्य रोके जाने के साथ ही शिकायतकर्ता सहित पांच लोगों को हिरासत में ले लिया है। ग्राम में एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, कोतवाल भारी पुलिस और पीएसी बल के साथ ग्राम में जमें हुए हैं।

ग्राम में बने ब्रह्मदेव स्थल पर रात करीब साढ़े दस बजे ग्राम के कुछ लोगों ने दीवार बनाना शुरू किया था, जिसकी भनक ग्राम के दूसरे समुदाय को लगी, जिसकी सूचना ग्राम के लोगों ने पहले हल्का दरोगा सचिन चौधरी को दी। जिस पर पहली बार उनका फोन ही नहीं उठा, दोबारा किया तो भी फोन नहीं उठा। बाद में करीब आधा घंटे बाद हलका दरोगा का फोन वापस आया, जिसपर ग्राम के लोगों ने दीवार बनाए जाने की जानकारी दी। जिसपर हलका दरोगा ने आने से इनकार करते हुए कहा कि इसमें हम क्या कर सकते हैं।

उन्होंने 112 को फोन करने की सलाह दी। उसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 को इसकी सूचना दी, जिसपर 112 पहुंची, लेकिन निर्माण कार्य नहीं रोका गया। इसकी सूचना एलआईओ को दी, जिसपर करीब साढ़े 9 बजे पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया, हालांकि दीवार तब तक पूरी हो चुकी थी।

इसके बाद एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्र, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ गांव जा पहुंचे। आरोप है कि मुस्लिम समुदाय ने देवस्थान पर लगी शिवलिंग को खंडित कर दिया, जिसे बाद में पुलिस ने एक ब्राह्मण को बुलाकर इसे ठीक कराया।

कुछ देर गांव में तीन गाड़ी पीएसी जा पहुंची, जिसने गांव में फ्लैग मार्च किया।

### 2005 से चला आ रहा है विवाद

थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर का यह विवाद कोई नया नहीं है, यह विवाद 2005 से चला आ रहा है। वर्ष 2017 में इस ब्रह्मदेव स्थल पर फर्श डाले जाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसका तत्कालीन ग्राम प्रधान रमेश चन्द की मौजूदगी में फर्श डाले जाने के बाद ग्राम में कोई भी नया काम न किए जाने को लेकर दोनों समुदाय के बीच लिखित समझौता हुआ था, जिसमें ग्राम प्रधान रमेश चंद के साथ कुलेंद्रपाल, सुरेंद्र पाल, उमाकांत, जानकी प्रसाद दूसरे समुदाय के मुख्तियार अहमद, मेंहदी हसन, मोबीन अहमद, मुमताज अहमद आदि शामिल रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले ब्रह्मदेव स्थल पर बीम डाले जाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसे शिकायत किए जाने पर रुकवा दिया गया था।

### हलका दरोगा की भूमिका संदिग्ध, एक वर्ग ने लगाए उत्पीड़न के आरोप

ग्राम के हलका दरोगा की भूमिका संदिग्ध नजर आई है, ग्राम के मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोगों ने बताया कि हलका दरोगा ही ग्राम में विवाद पैदा कर रहे हैं, और जब इसका विरोध किया जाता है तो उल्टे उन्हें ही दरोगा द्वारा हड़काया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते दरोगा कोई कार्यवाही करते तो ग्राम में यह विवाद सामने नहीं आता। उन्होंने आला अधिकारियों से तत्काल ही हलका दरोगा के कार्यों की जांच कर ग्राम से हटाए जाने की मांग की है।

# माहम स्टूडियो का भव्य उद्घाटन महिलाओं के लिए ब्रांडेड लेडीज सूट का नया विकल्प



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** नगर के मीना बाजार में स्थित माहम स्टूडियो का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल बहेड़ी के अध्यक्ष सलीम रहवर और बहेड़ी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नसीम अहमद ने संयुक्त रूप से शोरूम का उद्घाटन किया। माहम स्टूडियो में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के ब्रांडेड लेडीज सूट का कलेक्शन उपलब्ध है।

माहम स्टूडियो में महिलाओं के लिए आधुनिक और ब्रांडेड परिधानों का शानदार विकल्प प्रदान किया जाएगा। शोरूम के मालिक मोहम्मद शोएब और मोहम्मद असजद ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया, और कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता और नवीनतम फैशन प्रदान करना है।

उद्घाटन समारोह में व्यापार मंडल के वसीम आइडिया, नदीम फैंसी, तय्यब कासमी, हाजी सादिक, लईक शेरी, बबलू अमीर, उमर रशीद, फारूख वाजिद, जिरार हिना, नासिर सहर, रॉबर्ट जाफरी सहित अन्य कई व्यापारी साथी मौजूद रहे। इन सभी ने शोरूम के सफल भविष्य की कामना की, और कहा कि इस तरह के नए व्यवसाय क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ाते हैं।

शोरूम के मालिक ने कहा कि माहम स्टूडियो महिलाओं के लिए एक नया और आकर्षक विकल्प प्रदान करेगा। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता और नवीनतम फैशन प्रदान करना है। हमें विश्वास है कि माहम स्टूडियो बहेड़ी के फैशन जगत में एक नया आयाम स्थापित करेगा।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# अगले साल उर्स में शिरकत का इरादा लेकर जायरीन की वापसी शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी में शिरकत के लिए देश दुनिया से लाखों जायरीन बरेली पहुँचे थे। कुल शरीफ के बाद बड़ी संख्या में अकीदतमंद घर वापसी के लिए रवाना हो रहे हैं। जायरीन की वापसी का सिलसिला आज भी जारी है। जायरीन नम आँखों के साथ दरगाह पर आखिरी सलामी देने व दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां से इजाजत लेकर इस उम्मीद के साथ रवाना हुए कि अगर जिंदगी रही तो अगले साल उर्स में फिर शिरकत करने पहुँचेंगे।

नासिर कुरैशी ने बताया कि इस दौरान बड़ी तादात में अकीदतमंद सिलसिला-ए-आलिया कादरिया रजविया के बुजुर्ग हजरत सुब्हानी मियां व हजरत अहसन मियां से मुरीद हुए। वहीं उर्स की कामयाबी और अमन-ओ-सुकून के साथ संपन्न होने पर तहरीक तहफ्फुज-ए-सुन्नियत (टीटीएस) की टीम ने मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी, मौलाना बशीर उल कादरी व मौलाना जाहिद रजा कयादत में दरगाह पर गुलपोशी व फातिहाख्वानी कर दुआ की। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने उर्स में खिदमत करने वाले सभी वालिंटियर, लंगर, सबील कमेटियों समेत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रेलवे व मीडिया का शुक्रिया अदा किया।इस मौके पर राशिद अली खान, अजमल नूरी, शाहिद नूरी, परवेज नूरी, औररंगजेब नूरी, नासिर कुरैशी, ताहिर अल्वी, सय्यद फैजान अली, मंजूर रजा, मुजाहिद बेग, नफीस खान, शान रजा, तारिक सईद, हाजी शारिक नूरी, आलेनबी, युनुस गद्दी, इरशाद रजा, आसिफ रजा, गजाली रजा, इशरत नूरी, जुहैब रजा, काशिफ रजा, सय्यद एजाज, काशिफ सुब्हानी, गौहर खान, अब्दुल वाजिद नूरी, नईम नूरी, हाजी अब्बास, हाजी अजहर बेग, फारूक खान, शारिक बरकाती, मोहसिन रजा, जुबैर रजा, सबलू अल्वी, शहजाद पहलवान, गफूर पहलवान, फैज कुरैशी, यूनुस साबरी, सुहैल रजा, शाद रजा, जीशान रजा, सऊद रजा, रोमान खान, हाजी फय्याज, आदिल रजा, अरबाज रजा, साकिब रजा, मिर्जा जुनैद, जुनैद रजा चिश्ती, आसिम नूरी, साजिद नूरी, मुस्तकीम नूरी, अयान कुरैशी, अश्मीर रजा, फैजी रजा, अजमल रजा, समी खान, आरिफ नूरी, साकिब खान, मिराज खान आदि लोग मौजूद रहे।

### साप्ताहिक बंदी के बाबजूद खुला रहा बाजार साप्ताहिक बंदी बेअसर

**ठाकुरद्वारा।** नगर साप्ताहिक बंदी के दौरान गुरुवार को नगर के सभी बाजार खुले रहे। इसे लेकर श्रमिकों और व्यापारियों में तीव्र आक्रोश रहा। पिछले कई सप्ताह से नगर में साप्ताहिक बंदी मजाक बनकर रह गई है। पूर्व में लेबर ऑफिसर की सख्ती के चलते नगर के शत-प्रतिशत बाजार बंद रहते थे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी समय-समय पर छापे मारकर व्यापारियों का चालान करते रहते थे। पिछले कई माह से श्रम प्रवर्तन अधिकारी के तहसील मुख्यालय न पहुंचने से व्यापारियों के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। प्रत्येक गुरुवार को नगर के शत-प्रतिशत बाजार खुले नजर आते हैं। गुरुवार को भी नगर के गंज बाजार, बुध बाजार, कदीर तिराहा, तिकोनिया बस स्टैड, बाबूरामपाल सिंह द्वार, कमालपुरी चौराहा, शगुन चौराहा, अस्पताल रोड , मौहल्ला ताली , बड़ा बाजार ,मीना बाजार आदि खुले रहे और लोगों की काफी भीड़ नजर आई। इससे दुकानो पर काम रहे मजूदरो और जो नियम अनुसार प्रतिष्ठन खोलने वाले व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। जिसमें रेडीमेड कपड़ों की दुकान, जनरल स्टोर, जुता चप्पल, मोबाइल सहित अन्य प्रतिष्ठान अन्य दिनों की तरह ही खुले रहे। व्यापारियों का कहना कि साप्ताहिक बंदी के दिन पूरे सप्ताह का घरेलू काम या दुकान के लिए सामान की खरीदारी कर लेते है। माह करीब चार दिन विद्युत बिल की भी बचत हो जाती थी लेकिन श्रम प्रवर्तन अधिकारी की लापरवाही सेबाजार खुलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रजापति समाज को मजबूत करने का किया आह्वान

**बिलारी।** तहसील क्षेत्र के गांव मोहनपुर में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की तिरपाल चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के प्रदेश महासचिव अमित प्रजापति, जिला अध्यक्ष देवीलाल प्रजापति आदि मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल रहे। इस बीच समाज की एकता व मजबूती पर बोल दिया गया और युवाओं को शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में मजबूत होने का संकल्प दिलाया गया ताकि देश सेवा में समाज को आगे लाया जा सके। गुरुवार को मोहनपुर गांव में हुई तिरपाल बैठक में बोलते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि हम सभी को जरूरी है कि युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाए। इसके अलावा शिक्षा पर बल दें ताकि समाज की तरक्की हो सके। इस मौके पर डॉक्टर प्रदीप गोला प्रजापति ने संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया, वहीं राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ का विस्तार किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा कहा कि समाज की तरक्की तभी हो सकती है जब युवा शिक्षा को अपनाएगा । इस मौके पर ललित प्रजापति ने आए हुए अतिथियों का फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विशाल प्रजापति,अंकित प्रजापति, राहुल दक्ष, बंटी प्रजापति,मोनू प्रजापति, अनिल प्रजापति, राहुल प्रजापति, अर्पण प्रजापति, कपिल प्रजापति, उमेश प्रजापति, शिव कुमार प्रजापति, अमित प्रजापति आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# ससुर की हत्या के आरोपी दामाद सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** पति-पत्नी के बीच दहेज को लेकर चल रहे विवाद में पंचायत लेकर आए ससुराल वालों पर दामाद ने हमला कर ससुर को मौत के घाट उतार दिया जिसमे चार अन्य लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था उसमें हत्या के आरोपी दामाद सहित चार लोगों के खिलाफ मृतक के छोटे भाई ने मुकदमा दर्ज कराया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलई बड़ा गांव निवासी नदीम पुत्र सीतार अहमद की शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व जनपद मुरादाबाद के ग्राम सिरस खेड़ा थाना मुंडा पांडे निवासी अफसर अली की पुत्री अरमाना के साथ हुई थी उसकी एक बेटी भी है दोनों का दहेज को लेकर पारिवारिक रिश्ता पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रहा था जिसको लेकर कई बार पंचायत का दौर भी चल चुका है नारा. जगी के बीच बीते अप्रैल माह में नदीम अपनी पत्नी को ससुराल से बुलाकर ले आया था और उसके कुछ समय बाद फिर से ही मारपीट शुरू कर दी थी बीती शाम करीब 5 बजे नदीम के ससुर अफसर अली, सास मुख्तरी, अफसर अली की बहन शन्नो और बहनोंई इस्लाम नदीम के घर पहुंचे और अपनी लड़की को ले जाने को कहने लगे इस पर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई बात गाली गलौज से मारपीट तक पहुंच गई जो बाद में खूनी संघर्ष में बदल गई दोनों ओर से एक दूसरे पर हमला शुरू हो गया जिसमें नदीम पत्नी अरमाना,ससुर अफसर अली पुत्र अख्तर अली सास मुख्तरी और अफसर अली की बहन शन्नो और बहनोई इस्लाम गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर भेजा जहां पर डॉक्टरों ने अफसर अली को मृत् घोषित कर दिया और घायलों को बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया घटना की रिपोर्ट मृतक के छोटे भाई असगर अली ने दामाद नदीम अहमद पुत्र जुम्मा कदीम अहमद पुत्र जुम्मा, रुखसाना और रुखसार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है उधर पुलिस ने हत्या के आरोपी नदीम को गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी है पुलिस ने हत्या आरोपी नदीम पुत्र सितार अहमद और रुखसाना पत्नी सितार अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर संबंधित न्यायालय को भेजा हत्या आरोपी नदीम की निशानदेही पर एक तमंचा 32 वोर और रुखसाना की निशान देही पर फावड़ा और घटनास्थल थे खाली कारतूस भी वरामद किए हैं।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, एक घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** कोतवाली अंतर्गत चोकी दढ़ियाल क्षेत्र में जटपुरा की नहर पर आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालकों मुरसलीन रजा(25) पुत्र इसरार और दिनेश (45) पुत्र बांके सिंह की मौत हो गई।जबकि एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे चोकी दढ़ियाल क्षेत्र अंतर्गत जटपुरा की नहर पर दो बाइकों की आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गयी।जिसमें बाइक चालक मुरसलीन रजा व बाइक पर साथ बैठी चाची नसरीन (45) पत्नी अबरार तथा आकिब (15) पुत्र अबरार निवासी चक लोहर्रा मिलक थाना भगतपुर मुरादाबाद और दूसरी बाइक पर सवार दिनेश निवासी कुंडेश्वरी थाना टाण्डा गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां चिकित्सकों ने मुरसलीन रजा व दिनेश को मृत घोषित कर दिया,जबकि नसरीन के गम्भीर चोट आई है,जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जबकि हादसे में आकिब को मामूली चोट आई है।बताते हैं कि मुर. सलीन अपनी चाची व चचेरे भाई के साथ लांबाखेड़ा स्थित अपने एक रिश्तेदार की मौत में शामिल होने जा रहा था।बाकी दिनेश जरूरी काम निपटाकर अपने घर कुंडेश्वरी लौट रहा था।हादसे की सूचना पर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजन भी मौके पर पहुंच गए,जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# लड़ाई झगड़ा करने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर तीन का किया चालान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** रामगंगा नदी के पुल के नीचे नगर निवासी बाबूराम पुत्र सोहन उम्र 24 वर्ष,गौरव पुत्र धर्मसिंह उम्र 26 वर्ष,संजय पुत्र रामभरोसे उम्र 39 वर्ष तथा शाहरुख पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम जटपुरा के साथ जाल डालकर मछलियां पकड़ने को लेकर आमदा फसाद कर रहे थे। पुलिस ने उपरोक्त तीन अभियुक्तगण बाबूराम ,गौरव,संजय को गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अंतर्गत संबंधित धाराओ में विधिक कार्यवाही कर न्यायालय शाहाबाद में पेशी हेतु भेजा।

# कमरों के ताले तोड़कर दो भाईयों के घर से सोने चांदी के जेवर सहित लाखों रुपये की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चोरों ने दो भाईयो के घर से कमरों के तारे तोड़कर सोने चांदी के आभूषण सहित लाखो रुपए चुरा ले गये। ई रिक्शा चालक व उसके छोटे भाई के घर मे कमरों के ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण सहित लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को दे दी गई है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की है। सोनू व जितेंद्र पुत्र नारायन सिंह निवासी मोहल्ला चाऊपुरा के घर मे अज्ञात चोर बुधवार की रात दीवार के सहारे घर मे घुस गये चोरों ने सोनू के कमरों का ताला तोड़कर कमर मे रखे एक लाख दो हजार पांच सो रूपए नगद व सोने चांदी के आभूषण व जितेंद्र के घर से से भी पन्द्रह हजार रूपए नगद सोने चांदी के आभूषण ले गए। ओर संदूक बाहर जगंल मे फेंककर फरार हो गए बुधवार की रात गर्मी होने की वजह से सोनू व जितेंद्र अपने मकान की छत पर परिवार सहित सोया हुआ था रात मे किसी समय चोर दीवार के सहारे सोनू व जितेंद्र के घर मे घुस गए ओर कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर संदूक में रखे एक लाख दो हजार पांच सो रूपए नगद ओर सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए सुबह चार बजे के करीब सोनू जब हल्द्वानी जाने के लिए उठा तब उसने देखा कि गेट खुला हुआ है ओर कमरे भी खुला पड़ा है सोनू ने कमरे मे जाकर देखा तब कमरे मे सामान बिखरा पड़ा है ओर कमरे मे रखा संदूक गायब है जिसमे रुपए व सामान रखा था यह देखकर उसके होश उड़ गये ओर परिवार मे चीख पुकार मच गई जब जितेंद्र ने अपने कमरे की तरफ देखा तब वह भी खुला पड़ा था ओर सामान गायब था चोरी की सूचना लगते ही आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए ओर संदूक की तलाश किया तब कुछ ही दूरी पर संदूक पड़ा मिल गया जिसमे रखे आभूषण व रुपए गायब थे सूचना पाकर 112 पुलिस और चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल मे लग गई। चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को दे दी गई है लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नही की है।

### बड़गांव में रास्ता निकालने को लेकर लड़ाई झगड़े के मामले में

# पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना पुलिस ने गुरुवार को शादाब खान पुत्र पुत्तन खान लगभग 39 वर्ष निवासी ग्राम बड़ागांव थाना सैफनी जनपद रामपुर को रास्ता निकालने को लेकर लड़ाई झगड़ा करने के मामले में धारा 170/126/135 बी एन एस एस में पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही कर न्यायालय शाहाबाद पेशी हेतु भेजा।

# पटवाई में फिर अतिक्रमण हटाने का नोटिस स्वयं हटाएं या जेसीबी से हटा दिया जाएगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई।** पटवाई में अतिक्रमण जोरों पर है। शाहबाद रामपुर रोड चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी की जगह में बनी दुकानें व घरों पर लाल निशान लगा दिए गए थे। अब सहायक अभियंता मनोहर प्रसाद ने पटवाई पहुंचकर 15 दिन का नोटिस चिपकाया है। और कहां है 15 दिन के अंदर स्वयं अपनी दुकानों को हटाते हैं तो ठीक नहीं तो 15 दिन के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

शाहाबाद रामपुर रोड चौड़ीकरण को लेकर रोडों पर बनीं अवैध तरीके से पीडब्ल्यूडी की जगह पर दुकान व घरों को हटाया जा रहा है। 2 महीने पहले शाहबाद रामपुर रोड पर मदरसा जो तालाब की जगह में था और उसके आगे 14 दुकान थी जो पीडब्ल्यूडी की जगह में बनी हुई थी। जिसे प्रशासन ने जेसीबी से हटा दिया गया। वहीं कुछ दिन बाद प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी की जगह में बनी मस्जिद और थाना कार्यालय को भी जेसीबी द्वारा हटा दिया गया। 10 जुलाई 2025 को प्रशासन ने थाने के सामने पीडब्ल्यूडी की जगह में बने दुकान व कुछ घरों पर लाल निशान लगाए थे। और अवैध कब्जे को हटाने का आद. ेश दिया था। लेकिन लोगों ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया 20 अगस्त 2025 को पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सहायक अभियंता मनोहर प्रसाद दोपहर के टाइम पटवाई पहुंचे और लगे हुए लाल निशाने पर नोटिस चिपकाए गया और 15 दिन का टाइम दिया गया है बताया कि 15 दिन के अंदर स्वयं कब्ज हटाते हैं तो ठीक नहीं तो प्रशासन 15 दिन के बाद कार्रवाई करेगा और जेसीबी द्वारा अवैध तरीके से बने दुकान व घरों को हटा दिया जाएगा।

# विधायक ने नरपत नगर प्रतिनिधि वसीम अहमद एडवोकेट को बनाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** गुरुवार को विधायक कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने नगर पंचायत नरपत नगर दुंदावाला का अपना प्रतिनिधि बदला नवनियुक्त प्रतिनिधि शेख वसीम अहमद एडवोकेट को बनाया गया है।जबकि विधायक की अनुपस्थिति में नगर पंचायत नरपत नगर की बोर्ड की बैठक बैठ सकेंगे वसीम अहमद के प्रतिनिधि बनने पर नरपत नगर में खुशी का माहौल है।लोगो ने उन्हें मुबारक बाद दी है।

# प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों के विलंब से आने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

## जिलाधिकारी से की लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



विद्यालय में अध्यापकों के विलंब से आने पर हंगामा करते ग्रामीण।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उत्तराखंड की सीमा से सटे प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों के विलंब से आने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और अध्यापकों पर शिक्षण कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया। गुरुवार को तमाम ग्रामीण हसनपुर उत्तरी के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में एकत्र हो गए और अध्यापकों के आने का इंतजार करने लगे चूंकि सीमा से सटे अधिकांश विद्यालयों में तैनात अध्यापक उत्तराखंड के शहरों में निवास करते हैं जो समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। गुरुवार को भी कई अध्यापिकाएं विद्यालय में विलंब से पहुंची जिससे अभिभावकों का पारा। चढ़ गया और उन्होंने शिक्षिकाओं के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया काफी देर तक हंगामा होता रहा व मुश्किल विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के समझाने पर ग्रामीण शांत हुए उन्होंने जिलाधिकारी से लापरवाह अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हंगामा करने वालों में मनोज बाल्मीकि राजेंद्र कुमार मौर्य पंकज कुमार, रोहिताश मौर्य मिस्किन जहां, अशोक मौर्य, अंकित प्रमोद अभिषेक वाल्मीकि, मानसिंह हरीश पाल आदि शामिल रहे।

# किशोरी को घर पर अकेला पाकर युवक ने किया दुष्कर्म

- **शिकायत करने पर जान से मारने की दी धमकी आरोपी युवक पुलिस की पकड़ से बाहर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव में किशोरी को अकेला पाकर गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया। किशोरी की माने पुलिस को नामजद तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। चौकी क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को किशोरी घर पर अकेली थी और उसकी विधवा मां घर से बाहर थी तभी मौका पाकर गांव का एक युवक उसके घर में घुस गया और अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा इसके बाद उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया शोर शराबा होने पर युवक भागने में सफल हो गया विधवा मां जब घर लौटी तो किशोरी ने मां को आप बीती सुनाई। किशोरी की मां ने पास पड़ोस के लोगों को घटना से अवगत कराया। और किशोरी को लेकर कई लोगों के साथ पुलिस चौकी पहुंची और पुलिस को घटनाक्रम से अवगत कराया किशोरी की मां ने इस मामले में पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने अभी किशोरी किशोरी के साथ हुए घटनाक्रम की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इधर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# दर्जनों ने की राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता ग्रहण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाफिज फैयाज हसन गुड्डू के कार्यालय पर महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय अध्यक्ष मुरादाबाद मंडल प्रभारी एडवोकेट शशिवाला तथा उनके साथ मंडल अध्यक्ष तराना बेगम, मनजीत कौर, कुलदीप कौर, नीरज कुमारी क्षेत्रीय सचिव प्रेमवती तारावती को क्षेत्रीय अध्यक्ष मंडल प्रभारी एडवोकेट शशिवाला ने संबोधित किया और जयंत चौधरी का निर्देश पर पर सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत 30 महिलाओं को राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की सदस्यता ग्रहण कराई। वहीं राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू ने तमाम लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव रों. हलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू ने बोलते हुए कहा जनपद रामपुर के हर तहसील हर ब्लॉक में रोज जाकर नए सदस्य बनाने का संकल्प लिया है जो बराबर जारी रहेगा। मोहम्मद उस्मान ने कहा कि कमरे में बैठकर संगठन नहीं चलता है। संगठन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में घूम कर चलता है क्योंकि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी जी के साफ निर्देश है कि ज्यादा से ज्यादा पूरे भारत के अंदर सदस्य बनना है जिसे हम पालन कर रहे हैं। हम राष्ट्रीय लोक दल वादी है हमारे खून के अंदर राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा है। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक दिल नवाज खान जी के निर्देश पर प्रमुख प्रदेश महासचिव दिलप्रीत को. हली जी के आदेश पर गांव-गांव जाकर राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करना है। कार्यक्रम में महफूज खान, सुरेंद्र सिंह, व मंजू खान, मुनाजिर हुसैन, फुरकान अली, मोहम्मद मुस्तकीम, फरीद, ताज मोहम्मद, रिजवान अली, रहमत अली, अफाक, समीर, कुर्बान अली, समीर, एडवोकेट शशिवाला मौजूद रहीं, संचालन प्रदेश महासचिव रोहिलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान द्वारा किया गया।

# शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी, आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के करनपुर गांव निवासी चरन सिंह पुत्र फूल सिंह ने पुलिस अधीक्षक रामपुर को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

पीड़ित का कहना है कि पीड़ित ने एक प्लाट ग्राम खरसोल मैं दिनांक 13.12.2024 को रामपाल पुत्र कृपाल से गाटा संख्या 209, 212 से खरीदा था और बह इसका मालिक काबिज है। लेकिन उक्त गाँव निवासी शाकिर पुत्र मातूरी जो अवैध वसूली व रंगदारी का काम करता है।

इसने एक महिला को साथ रख रखा है। जब कही भी निर्माण होता है तो बह उस महिला को आगे बढा देता है यह पहले भी कई लोगो से पैसे ले चुका है शाकिर नाम का व्यक्ति पेसो की डिमांड करता है और नही देने पर उस महिला से एससी एक्ट का मुक. दमा लिखवाने की धमकी देता है। अभी दो दिन पहले पीड़ित अपने प्लाट पर काम करने के लिए गया तो शाकिर नाम के व्यक्ति ने पीड़ित से चार लाख रूपए की डिमांड की तो पीड़ित ने उसे देने से मना कर दिया इसकी रिकॉर्डिंग भी पीड़ित के पास है।

तभी इसने उस महिला को पीड़ित के प्लाट पर बुला लिया और वह महिला पीड़ित से झगडा करने लगी तो पीड़ित ने 112 नंबर को काल करके वहां पर बुलबा लिया तो बह महिला और शाकिर नाम का व्यक्ति वहां से भाग गए लेकिन प्लाट में काम न करने की लगातार धमकी दे रहे है।

पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# सड़क निर्माण को लेकर जांच अधिकारियों के सामने मोहल्ले वालों ने हंगामा कर ठेकेदार के खिलाफ किया प्रदर्शन

- **जांच अधिकारियो पर लगाया साठगांठ का आरोप**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** के मोहल्ला चाऊपुरा मे नगर पंचायत द्वारा भग दो सौ पचास मीटर अलीगंज जाने वाले सड़क का निर्माण कराया गया था। जिसमे मानक के अनुरूप सामग्री नही लगाई गई थी जो कि दो महा मे ही उखड़ना शुरू हो गई थी और सड़क का पानी का ढाल भी ईदगाह की तरफ को कर दिया। जिसकी शिकायत सभासद साहेबा नूर ने जिला अधिकारी से की थी जिसकी जांच कर ने के लिए बृहस्पतिवार को जांच अधिकारी सड़क निर्माण की जांच करने जब पहुंचे तब वहा पर मौजूद मोहल्ले वालो ने सड़क निर्माण मे मानक अनुरूप सामग्री न लगाने का आरोप लगाया मोहल्ले वालो का आरोप है कि सड़क अभी से उखड़ना शुरू हो गई है मोहल्ले वालो ने जांच अधिकारी के सामने हंगामा कर ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन किया प्रदर्शन करने वालो मे जलीस अंसारी, राहत जान, फिरासत हुसैन, नन्ने मिस्त्री मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हनीफ गामा पहलवान नादिर हुसैन, दानिश अंसारी मोहम्मद अकरम, ज्याउल हक, अर्जुन, बृजपाल, मोहम्मद शकील, जाहिद, सद्दाम, नवाब मोहम्मद आजम मोहम्मद सलीम राशिद, वाजिद सहित दर्जनों मोहल्ले वाले शामिल रहे।

# विवाहिता को बहला फुसलाकर को लेकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** नगर मे एक विवाहिता को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है घटना की तहरीर विवाहिता के पति ने कोतवाली में दी है। नगर के मोहल्ला अस्दुल्लापुर निकट आनंद आश्रम निवासी प्रमोद पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने कोतवाली प्रभारी को तहरी देते हुए बताया कि 20 अगस्त को उसकी पत्नी घर पर अकेली थी घर वाले कहीं सब गए हुए थे। तब रंजीत पुत्र विशंभर निवासी ग्राम बसई तहसील मीरगंज बरेली उसे बहला फुसलाकर अपने साथ शादी करने का झांसा देकर ले गया। उसके 2 साल की एक पुत्री भी है जो उसे अपने साथ ले गई और साथ में घर में रखा पांच पेडल सोने वाला मंगलसूत्र, डेढ़ तोला सोने की चेन, एक जोड़ झाले सोने के, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ चांदी की जेवरी और घर में रखे दस हजार रूपये नकद भी साथ लेकर गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने मनीषा को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए निकाला कैंडल मार्च



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन (पंजीकृत) संगठन के पदाधिकारियों ने हरियाणा प्रदेश की बहन टीचर मनीषा को न्याय दिलाने के लिए केमरी चौराहा, पटेल नगर,से डॉ अंबेडकर पार्क तक बिलासपुर में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। बहन हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल अभी जिंदा है। बहन टीचर मनीषा को न्याय दो न्याय दो। संगठन शासन प्रशासन से मांग करता है दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा की मांग की। पीड़ित परिवार डरा और सहमा हुआ है तथा शासन प्रशासन पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने को कहा । किसी भी परिस्थिति में परिवार को डराया व धमकाया ना जाए अन्यथा बहुजन समाज बहुत जल्द एक बड़ा आंदोलन करने को विवश हो जाएगा। इस श्रद्धांजलि में उपस्थित एडवोकेट सत्यपाल सिंह बादल प्रदेश सचिव राजेश खन्ना मंडल प्रभारी सुरेश कुमार जिला कोषाध्यक्ष अशोक बाबू, विपिन कुमार विधानसभा अध्यक्ष, अनमोल सागर, बॉबी, बादल, अंकित, राहुल ,विनोद, प्रमोद, अरविंद गौतम ,निखिल गौतम ,अंकित गौतम ,सोनू सागर, बिजेंद्र पाल सागर, रंजीत सागर, रजत शिव रोहित अमित आकाश विनोद कुमार अमित कुमार आदि।

# पुलिस ने 20 और 15 हजार के इनामी पकड़े

**■ एक को जम्मू कश्मीर से पकड़ा और दूसरे को गाजियाबाद से किया गिरफ्तार**





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत एक्शन लिया गया है। इसमें एक वांछित आरोपी को थाना सेक्टर-24 और दूसरे को थाना फेज-3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों काफी लंबे समय से वांछित चल रहे थे।

सेक्टर 24 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित मोहम्मद अशरफ भट्ट को श्रीनगर से स्थानीय पुलिस टीम को साथ लेकर हिरासत में लिया गया। अशरफ भट् की गिरफ्तारी के लिए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गौतम बुधनगर द्वारा एनबी डब्ल्यू जारी किया गया था। पुलिस उपायुक्त नोएडा के आदेश पर इस पर 20 हजार का इनाम था। इसकी ट्रांजिट रिमांड को लेकर कोर्ट में पेश किया गया। इसकी उम्र करीब 70 साल है। आरोपी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर का रहने वाला है। इस पर दिल्ली क्राइम ब्रांच समेत नोएडा और गाजियाबाद में मुकदमे हैं।

**केस-2:** थाना फेस 3 पुलिस ने बीट पुलिसिंग व गोपनीय व इलेक्ट्रॉनिक सूचना के आधार पर गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15000 रुपए का इनामी बदमाश शहजाद उर्फ मनीष पुत्र रईशुद्दीन को शाल. ीमार गार्डन गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। शहजाद विभिन्न थाना क्षेत्रों से टॉवरों से आर आरयू व अन्य चोरियां करता है। बदमाश पहले भी जेल जा चुका है। ये एक संगठित गिरोह चलाता था, जिसने चोरी जैसे जघन्य अपराध किए। अवैध संपत्ति अर्जित की है। इस पर नोएडा में पांच से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप सपा ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** समाजवादी महिला सभा की अध्यक्ष डॉक्टर शशि यादव के नेतृत्व में गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी दफ्तर में चुनाव आयुक्त के लिए ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची से यादव, मुस्लिम, मौर्य, प्रजापति और बघेल जैसी पिछड़ी जातियों के नाम हटाए गए हैं।

राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि- उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में नाम काटने को लेकर समाजवादी पार्टी ने 18 हजार शपथपत्र दिए थे। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार ने एक का भी जवाब नहीं दिया है।

समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष डॉक्टर शशि यादव ने मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठाए। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से दोषी अधिकारियों को दंडित करने की मांग की है।

साथ ही यह भी मांग की है कि भविष्य में किसी वैध मतदाता का नाम अवैध तरीके से न हटाया जाए।

## 25वीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-107 स्थित लोटस-300 सोसाइटी की 25वीं मंजिल पर रस्सी के सहारे पुताई कर रहा मजदूर संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों ने सेक्टर-39 थाने में अभी तक शिकायत नहीं दी है। इलाज के दौरान हुई मौत 18 अगस्त को दोपहर दो बजे के करीब जब वह लोटस-300 सोसाइटी की 25वीं मंजिल पर रस्सी से बने झूले के सहारे पुताई कर रहा। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया। नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान 20 अगस्त को उसकी मौत हो गई। मृतक का गुरुवार को रामपुर में अंतिम संस्कार किया गया।

# पांचं लाख टन वेस्ट निपटारा के लिए टेंडर जारी होगा

**■ आईआईटी ने टेंडर दस्तावेज को किया अप्रूव, 12 महीने में जमीन को करना है साफ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-145 अस्थाई डंप साइट को खाली कराया जाना है। ड्रोन सर्वे में सामने आया था कि अब भी करीब 3.53 लाख टन वेस्ट डंपिंग साइट पर है। रोजाना करीब 1200 टन वेस्ट और आ रहा है। ये वेस्ट सेक्टर और गांवों का है। प्राधिकरण ने बताया कि 5 लाख टन वेस्ट का निपटारा प्राधिकरण कराएगा। इसके बाद ही जमीन को रि क्लेम किया जा सकता है। इसके लिए प्राधिकरण ने एनआईटी जारी करने से पहले आईआईटी रूढ़की को इसकी जांच के लिए भेजा था। वहां से अप्रूवल आ गया है। अब टेंडर से कंपनी का चयन किया जाएगा।

वर्तमान में डंप साइट पर कूड़े का निपटारा अल्फा थर्म लिमिटेड कंपनी कर रही है। कंपनी बायोरेमीडियेशन पद्यति से कूड़े का निपटारा करती है। 30 नवंबर 2022 को कंपनी के साथ एग्रीमेंट किया गया। जून 2024 तक 5 लाख टन और वेरिएशन के बाद अतिरिक्त 5 लाख टन यानी कुल 10 लाख टन वेस्ट का निपटारा कर चुकी है। इसके बाद भी साइट पर 3.53 लाख टन वेस्ट पड़ा है। इसमें से 1.50 लाख टन वेस्ट का निपटारा अल्फा थम कंपनी कर रही है। बाकी 2.03 लाख टन और रोजाना वेस्ट का निपटारा चयनित होने वाली कंपनी करेगी।

**69 हजार वर्गमीटर जमीन रि क्लेम:** बारिश की वजह से काम धीमा हो गया था। लेकिन इसके थमते वेस्ट के निपटारे का काम तेज गति से होगा। प्राधिकरण ने बताया कि एक दिन की बारिश के बाद अगले सात दिनों तक वेस्ट गीला होने से इसके निपटारा करने में समय लगता है। जिससे वेस्ट के निपटारा होने में समय लगेगा। एक बार पूरा वेस्ट का निपटारा हो जाएगा तो जमीन को रि क्लेम किया जा सकेगा। वर्तमान में करीब 69 हजार 900 वर्गमीटर जमीन को रि क्लेम किया जा चुका है।

**12 महीने में शिफ्ट हो जाएगी साइट:** प्राधिकरण ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के अस्तौली में वेस्ट से टोरीफाइड चारकोल बनाने के लिए एनटीपीसी और बायो सीएनजी के लिए एनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट पहले किया जा चुका है। करीब 12 ये दोनों प्लांट शुरू हो जाएंगे। जिसके बाद नोएडा का वेस्ट का निपटारा वहां किया जाने लगेगा। इससे पहले सेक्टर-145 की अस्थाई डंपिंग साइट को क्लीन कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### रोड और नदी के किनारे कूड़ा डालने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, एक लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर ज्यू के पास सर्विस रोड पर हॉर्टिकल्चर वेस्ट डालते हुए एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़ लिया। उसे जब्त करते हुए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दूसरा जुर्माना कुलेसरा के पास हिंडन नदी के किनारे कूड़ा फेंकने पर लगाया गया। इस पर भी 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ट्रैक्टर -ट्राली के मालिक के द्वारा भुगतान किए जाने पर ही छोड़ा जाएगा। प्राधिकरण के महाप्रबंधक स्वास्थ्य आरके भारती ने कहा है कि कोई भी इधर-उधर कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया तो उस पर तगड़ा जुर्माना लगाया जाएगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बिजली विभाग से उपभोक्ताओं की मांग कस्बे में ही बनाया जाए छोटा कार्यालय

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर कस्बे के लोग बिजली बिल जमा करने आदि समस्याओं के समाधान के लिए परेशान हैं। विभाग ने बिजली कार्यालय को कस्बे से करीब 2 किमी दूर बनाया हुआ है। कार्यालय तक जाने के लिए निजी वाहन के अलावा कोई अन्य साधन की व्यवस्था नही है। बिजली उपभोक्ताओं ने कस्बे में ही बिजली बिल जमा करने आदि समस्याओं के लिए छोटा कार्यालय बनाने की मांग की है।

कस्बे में 10 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। बिजली आपूर्ति दनकौर सिकंदराबाद रोड पर स्थित बिजली घर से की जाती है। बिजली घर के पास ही विभाग का कार्यालय बना हुआ है, जोकि कस्बे से करीब 2 किमी दूर है। इसी कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए एसडीओ समेत अन्य कर्मचारी बैठते हैं। समाजसेवी अनुज नागर ने बताया कि पहले लोगों की मांग पर विभाग ने नगर पंचायत के कार्यालय परिसर में बिजली बिल जमा करने के लिए एक काउंटर खोल दिया था लेकिन अब उसे बंद कर दिया गया है। उसके बाद से हर छोटी बड़ी समस्या के समाधान के लिए 2 किमी चलकर जाना पड़ता है। कस्बे में कोई भी बिजली से जुड़ी घटना होने पर बिजली कर्मियों को कस्बे तक आने में समय लग जाता है। इसलिए विभाग को कस्बे में ही एक कार्यालय बनाना चाहिए जिससे कि कस्बावासियों को परेशानी ना हो।

### सड़क पार कर रही महिला को ऑटो ने टक्कर मारी, हालत गंभीर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट में एटीएस गोल चक्कर के समीप सड़क पार कर रही महिला को ऑटो ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हिंडन के डूब क्षेत्र की कॉलोनी में रामसहाय परिवार के साथ रहते हैं। रामसहाय ने पुलिस को बताया कि बीते शुक्रवार की शाम उनकी पत्नी रीना देवी हिंडन के रास्ते की तरफ जा रही थीं। एटीएस गोल चक्कर के समीप सड़क पार करते समय एक ऑटो ने रीना को टक्कर मार दी। हादसे में घायल रीना को पहले नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली रेफर किया गया। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। इस मामले में रामसहाय ने आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

### इंटरनेशनल कराटे सेमिनार में जुटेंगे 50 ब्लैक बेल्ट विजेता और 300 खिलाड़ी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-10 स्थित सर्वोत्तम इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय दूसरे इंटरनेशनल कराटे और टेक्निकल सेमिनार होगा। प्रतियोगिता के डैन ग्रेडिंग स्पर्धा में कई राज्यों के 50 से अधिक ब्लैक बेल्ट विजेता हिस्सा लेंगे। क्यू ग्रेडिंग में एनसीआर से 300 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

उत्तर प्रदेश शितोरियो कराटे एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 23 और 24 अगस्त को सेमिनार होगा। इसमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और झारखंड से लगभग 50 ब्लैक बेल्ट विजेता हिस्सा लेंगे स 24 अगस्त को कलर बेल्ट यानी का एग्जाम होगा। इसमें एनसीआर से 300 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## विधायक ने किया सद्भावना मंडप का उद्घाटन व सड़क का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी क्षेत्र में विकास को लेकर कोई भी गांव, नगर, मोहल्ला अछूता नहीं रहेगा। सभी जगह विकास की गंगा बहाई जा रही है। लोगों की जरूरतों के मुताबिक विकास हो रहा है। यह बातें दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने बृहस्पतिवार को वार्ड संख्या-15 के गढ़ी गांव स्थित सद्भावना मंडप के उद्घाटन के समय कही। वह स्वर्गीय नाथू शाह जी मार्ग के निर्माण के लोकार्पण पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दादरी नगर में सद्भावना मंडप का निर्माण कार्य 2.34 करोड़ की लागत से कराया गया है। इसमें शादी समारोह एवं अन्य आयोजन कराए जा सकेंगे। गरीब और मध्यम वर्ग के लोग फार्महाउस संचालकों की लूट से बचकर अपने आयोजन अच्छे से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सबका विकास सबका साथ को लेकर एक समान विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नाली, सड़क, खड़ंजे, विद्युतीकरण आदि का विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

क्षेत्र में बसाई जा रही ही नई कॉलोनियों में भी विकास कार्य कराए जाने के लिए चिन्हित किया जा रहा है। वहां विकास कार्य कर कॉलोनियों की समस्या का समाधान किया जा सके। विधानसभा क्षेत्र में खेल स्टेडियम, अस्पताल, कॉलेज, आईटीआई समेत अन्य शिक्षण संस्थाओं का भी निर्माण किया जा रहा है। क्षेत्र का नौजवान शिक्षा और खेल में रुचि रखकर क्षेत्र का नाम प्रदेश और देश में रोशन कर सके।

## डंपर ने बाइक को मारी टक्कर

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सिकंदराबाद रेलवे रोड स्थित नाले के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मंडी श्यामनगर निवासी विशाल (22) और प्रियांशु (17) के रूप में हुई है। दोनों संजय प्रजा. पति के पुत्र थे। हादसे के समय दोनों भाई सिकंदराबाद की नवीन फल-सब्जी मंडी जा रहे थे। पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत फरार हो गया। दोपहर में दोनों का शव घर पहुंचा और अंतिम संस्कार कर दिया गया। विशाल सब्जी का व्यवसाय करता था।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ड्रोन और लेजर प्रतिबंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर आपदा प्रबंधन और एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन को लेकर आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बैठक की। बैठक में एयरपोर्ट एनवायर्नमेंट मैनेजमेंट कमेटी, एअरोड्रोम कमेटी एवं एयरपोर्ट इमरजेंसी प्लानिंग कमेटी के अधिकारी उपस्थित रहे।

एयरपोर्ट पर वर्तमान में क्या स्थिति है। कितना काम हो गया है। कितना बचा है। इस पर अधिकारियों ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन किया। जिलाधिकारी ने कहा- एयरपोर्ट के 20 किमी के दायरे में बिना एनओसी किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। जलभराव रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पक्षियों एवं आवारा जानवरों की गतिविधियों को कंट्रोल किया जाए। ताकि विमान संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए।

**ड्रोन लेजर पर प्रतिबंध:** ड्रोन एवं लेजर लाइट जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। आसपास और ग्रामीण इलाकों में इससे संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जाए। AEMC, AC एवं AEPC समितियों व अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग को और अधिक मजबूत किया जाए। आपदा प्रबंधन योजनाओं, आपातक. ालीन मेडिकल सुविधा, अग्निशमन एवं बचाव कार्य, पुलिस सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा संगठनों की भागीदारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की।

**आपदा प्रबंधन पहली प्राथमिकता:** मेधा रूपम ने कहा- एयरपोर्ट का सुरक्षित संचालन एवं आपदा प्रबंधन ही हमारी पहली प्राथमिकता है। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय पर प्रगति से अवगत कराते रहें। ताकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय एवं सुरक्षित एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा सके।

# यमुना का जलस्तर बढ़ा, 15 एकड़ फसल डूबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों और गरीब परिवारों को भारी नुकसान हुआ है। गुलवाली गांव के पास यमुना का पानी खेतों में घुस गया। इससे 15 एकड़ में लगी सब्जी और धान की फसल नष्ट हो गई।

यमुना के पुश्ते के पास रहने वाले झुग्गी-झोपड़ी के परिवारों की स्थिति सबसे खराब रही। अचानक पानी बढ़ने से कई परिवार अपने घरों में फंस गए। प्रशासन से कोई मदद नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने टायरों के ट्यूबों से लोगों को बाहर निकाला।

एक दर्जन से अधिक परिवारों को पूरी रात पुश्ते पर बितानी पड़ी। प्रभावित लोगों ने प्रशासन पर लाप. रवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रशासन ने न तो उन्हें सुरक्षित निकालने की व्यवस्था की और न ही भोजन का इंतजाम किया। लोगों को खुद ही हर समस्या से जूझना पड़ा।

अब यमुना का जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। लेकिन इस घटना में किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। कई परिवार बेघर हो गए हैं। यह स्थिति बाढ़ से निपटने की प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़े करती है। भविष्य में ऐसी आपदाओं से बचाव के लिए बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता है।

## तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब में चल रही है तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का बृहस्पतिवार को समापन किया गया,समापन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा मौजूद रहे, जिन्होंने फोटो गैलरी में लगी विभिन्न तस्वीरों का अवलोकन किया और उन्हें खींचने वाले फोटो जर्नलिस्ट की तारीफ की, गौरततलब है कि तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में करीब 50 से भी अधिक दिल्ली एनसीआर के फोटो जर्नलिस्ट द्वारा विभिन्न मुद्दों और पहलुओं पर खींची हुई तस्वीरों का प्रदर्शन किया गया था, तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी को देखने के लिए काफी संख्या में शहरवासी नोएडा मीडिया क्लब की फोटो गैलरी में मौजूद रहे, समापन दिवस के अवसर पर डॉक्टर महेश शर्मा द्वारा फोटो प्रदर्शनी में हिस्सा लेने वाले फोटो जर्नलिस्ट को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया उन्होंने कहा की पत्रकार समाज का आईना होता है और पत्रकारों के लिए ऐसे कार्यक्रम करने के लिए मीडिया क्लब को साधुवाद, ऐसे कार्यक्रमों के जरिए पत्रकारों को प्रोत्साहन मिलता है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री भी मौजूद रहे ,उन्होंने कहा कि फोटो एक ऐसा माध्यम है जो हजार शब्दों से भी ज्यादा भाव अपने अंदर रखता है ,इसके लिए कई बार फोटो जर्नलिस्ट को कई कई घंटों तक मेहनत करनी पड़ती है तब जाकर एक फोटो कैमरे में कैद हो पाती है।

## श्रीमद् भागवत कथा के बाद राष्ट्रीय शब्दावली कवि सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शब्दावली दर्पण न्यूज एवं हनुमंत सेवा धाम के संयुक्त तत्वावधान में बरोला सेक्टर 49 नोएडा में राष्ट्रीय शब्दावली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन विगत सप्ताह से चल रही ष्श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर उसी मंच पर किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के बाद विशाल भंडारा, व तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जन भर कवियों ने धार्मिक मंच को सांस्कृतिक मंच में परिवर्तित कर दिया। दूरदराज से आए कवि व कवित्रियों में मुख्य रूप से मथुरा के जयप्रकाश रावत ने कार्यक्रम अध्यक्ष की भूमिका निभाई तो वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य विभूति कुमार सक्सेना तथा बरेली के कवि व कार्यकारी अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा श्च्यवनश विशिष्ट अतिथि की भूमिका में विद्यमान रहे। राष्ट्रीय कवि पंचायत मंच के संस्थापक एवं भारत सरकार से सम्मानित कवि व लेखक पूर्व राजपत्रित अधिकारी पं० साहित्य कुमार चंचल श्साधकश तथा श्हनुमंत सेवा धामश के अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह भाटी के इस संयुक्त आयोजन व संयोजन की शुरुआत गाजियाबाद से पधारी देश की प्रसिद्ध कवित्री पूनम माहेश्वरी के मधुर कंठ से प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना से हुई, जबकि कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन पंडित साहित्य कुमार चंचल श्साधकश तथा नेहा जैन श्नेहश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। चौधरी सुंदर सिंह भाटी व उनकी समिति द्वारा उपस्थित सभी रचनाकारों का उनके सिर पर साफा / पगड़ी बांधकर तथा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया।

# डीएम ने एक्स प्रोफाइल को किया इनएक्टिव

**■ मुख्य चुनाव आयुक्त की है बेटी, प्रेस वार्ता के बाद से हो रही थी ट्रोल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम अपनी एक्स प्रोफाइल को ही इनएक्टिव कर दिया है। रुपम ने सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम अकाउंट डिएक्टिवेट कर लिए हैं। मेधा रूपम ने यह फैसला एक सप्ताह से हो रही ट्रोलिंग की वजह से लिया है। सोशल मीडिया पर मेधा रुपम उस वक्त लोगों के निशाने पर आ गईं।

जब उनके पिता और भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों पर एक प्रेस वार्ता की। ज्ञानेश कुमार की प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर उनकी बेटी और भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी पै मेधा रूपम के साथ-साथ दामाद एवं सहारनपुर के जिलाधिकारी मनीष बंसल को भी ट्रोल किया जाने लगा।

**दो बार मिली पोस्टिंग:** सोशल मीडिया पर लोगों ने यहां तक लिखा कि आखिर किस आधार पर मेधा रुपम को नोएडा में दो बार पोस्टिंग मिली। बता दें गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी नियुक्त होने से पहले मेधा रुपम, साल 2023-2024 तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बतौर एसीईओ अपनी सेवाएं दे चुकीं है। 2014 बैच की आईएएस अधिकारी मेधा रूपम को उत्तर प्रदेश सरकार ने 28 जुलाई 2025 को गौतमबुद्ध नगर का जिलाधिकारी नियुक्त किया था।

**पति को भी किया ट्रोल:** वहीं उनके पति मनीष बंसल की बात करें तो इसी साल जून 25 जून को सहारनपुर का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया।

उधर, सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग से परेशान अकाउंट्स डिएक्टिवेट करने के बाद मेधा रुपम ने कहा कि अभी तक शिकायत नहीं की है। रुपम ने कहा कि लेकिन भविष्य में निश्चित तौर पर शिकायत करा के कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## साइबर अपराधों से बचाव के लिए डायट में प्रशिक्षण

**■ फिशिंग, फ्रॉड और हैकिंग से सुरक्षा के गुर सिखाए, हेल्पलाइन की जानकारी दी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेट नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर हेल्प डेस्क थाना दनकौर के सहयोग से गुरुवार को यह कार्यक्रम हुआ। इसमें प्रशिक्षु शिक्षकों और स्टाफ को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीके बताए गए।

उपनिरीक्षक अनुराग शर्मा ने साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फिशिंग ईमेल, नकली कॉल और यूपीआई धोखाधड़ी के बारे में बताया। क्यूआर कोड से होने वाली धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग और ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड की जानकारी भी दी गई। साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की सलाह दी गई। इसके अलावा पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने का तरीका भी बताया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने यह ज्ञान विद्यालयों और समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# एशिया कप में भारत-पाक मैच को हरी झंडी

**● सरकार ने इजाजत दी, कहा-मल्टीनेशन टूर्नामेंट खेलने से नहीं रोकेंगे, द्विपक्षीय सीरीज आयोजित नहीं होगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होगा। भारत सरकार ने गुरुवार को इसकी अनुमति दे दी है। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी। खेल मंत्रालय के अधिकारी ने एक लेटर साझा किया, यह भारत सरकार की नई स्पोर्ट्स पालिसी है, जिसे गुरुवार को ही जारी किया गया है। यह लेटर खेल मंत्रालय ने जारी किया है। इसमें मीटिंग में लिए गए फैसले की जानकारी दी गई है। लेटर में लिखा है- इंटरनेशनल और मल्टीनेशनल इवेंट्स (चाहे भारत में हों या विदेश में) में भारत इंटरनेशनल खेल संस्थाओं के नियमों और अपने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा। भारतीय टीमें और भारतीय खिलाड़ी उन इंटरनेशनल इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी शामिल होंगे। यह ठीक वैसा ही है, जैसे भारत में होने वाले मल्टीनेशनल इवेंट्स में पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। 2 दिन पहले 19 अगस्त को बीसीसीआई ने एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। इसमें सूर्यकुमार यादव को कप्तान और शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया था। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुक. ाबले हो सकते है। पहला मैच 14 सितम्बर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा मैच-एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान की




दूसरी भिड़ंत हो सकती है। तीसरा मैच- अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद क्रिकेट एशिया कप में भारत के पाकिस्तान से खेलने का विरोध हो रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान बिहार के राजगीर में भारत की मेजबानी में हो रहे हाकी एशिया कप से हट गया है। इस संबंध में मानसून सत्र में लोकसभा में भी सवाल उठा था। पूर्व क्रिकेटर्स की भारतीय टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान से खेलने से इन्कार कर दिया था। वहीं बीसीसीआई ने बताए न खेलने के 4 नुकसान, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने भारत पर बड़ा हमला किया था। इस घटना के कुछ ही महीनों बाद भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट सीरीज खेलनी थी। विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू किया। वे पूछते - जो पाकिस्तान हमारा खून बहा रहा है उसके साथ हम क्रिकेट क्यों खेलना चाहते हैं? इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से खेल मंत्रालय को निर्देश आता है कि वे बीसीसीआई को कह दें कि भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगी। यह वाकया 2008 का है। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने 26 नवंबर को मुंबई में बड़ा हमला किया था। इसके बाद दिसंबर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज पर रोक लगा दी थी। अब सीधा 2025 में लौटते हैं। पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया है। पिछले 22 अप्रैल को वहां से आए आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी। इसके बाद मांग उठने लगी है कि भारत को अब न सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज बल्कि एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे मल्टीनेशन इवेंट में भी पाकिस्तान का बायकाट करना चाहिए। 9 सितम्बर से यूएई में एशिया कप होना है। भारतीय टीम घोषित हो गई है और इस टूर्नामेंट में तीन भारत-पाकिस्तान मैच संभव हैं। पाकिस्तान से खेलने पर सरकार ने गुरुवार को कहा है कि मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। हालांकि, बीसीसीआई भी नहीं चाहता कि भारत एशिया कप में पाकिस्तान का बायकाट करे। दैनिक भास्कर ने इस मुद्दे पर बीसीसीआई के दो शीर्ष अधिकारियों से इसकी वजह पूछी। दोनों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर 4 ऐसे कारण बताए जिनकी वजह से बीसीसीआई चाहता है कि एशिया कप हो और इसमें भारत-पाक मुकाबले भी खेले जाएं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**कजाकिस्तान।** भारत के रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता और किरण जाधव ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। यहां आयोजित स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने कुल मिलाकर 1892.5 अंक हासिल किए, जिसमें पाटिल 632-3 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे, जिससे वह क्वालीफाइंग राउंड में भी शीर्ष पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। अर्जुन बाबूता ने 631.6 अंक हासिल करते हुए प्रिलिमिनरी स्टेज में 4वों स्थान हासिल किया और पदक राउंड में भी जगह बनाई। लेकिन 628.6 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे किरण आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

### ईरानी-वावसोरी फिर बने यूएस ओपन मिश्रित युगल चैंपियन

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इगा स्वियाटेक और कैस्पर रूड की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन मिश्रित युगल का अपना खिताब बरकरार रखा। इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने बुधवार रात को मिश्रित युगल मुकाबले के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा व नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-3, 5-7, 10-6 से हराया। इससे पहले स्वियाटेक व रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला और जैक को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी व वाव सोरी ने डेनियल व हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया।

# बीसीसीआई ने अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वे जून 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था। अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे आस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। आईपीएल 2025 से पहले कान्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर का कान्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा। बीसीसीआई ने उनका



**● बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर काई बयान नहीं आया है, अजीत अगरकर को 2023 में टीम का सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया था**

कान्ट्रैक्ट जून 2026 तक बढ़ा दिया था और उन्होंने कुछ महीने पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं। अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बाल पर अर्द्धशतक जमाया था। अगरकर ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 23 मुकाबलों में यह कारनामा किया था। फिलहाल, सिलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सितम्बर में होने वाली एनुअल जरनल बाडी मीटिंग के बाद सीनियर सिलेक्शन कमेटी में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। शरत सितम्बर 2021 में जूनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे और जनवरी 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमेटी में प्रमोट हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड उनकी जगह किसी नए चेहरे को नियुक्त कर सकता है।

**● आईसीसी ने रैंकिंग में हुई गलती पर सफाई दी**

# गलती की जांच हो रही: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसलि (आईसीसी) ने बुधवार (20 अगस्त) को खिलाड़ियों की रैंकिंग अपडेट की, लेकिन इसमें एक बड़ा ब्लंडर कर दिया। वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब थे। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे।

हालांकि, आईसीसी ने चार घंटे बाद ही गलती में सुधार किया और रैंकिंग अपडेट कर दी। अब आईसीसी ने इस मामले में सफाई दी है। काउंसिल ने विजडन से कहा, इस हफ्ते की रैंकिंग में कई दिक्कतें आई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि कुछ ही देर बाद टेक्निकल गड़बड़ियां ठीक कर दी गईं और रैंकिंग को दोबारा

**● वनडे रैंकिंग में रोहित-कोहली के नाम शामिल नहीं थे गलती में सुधार किया**

अपडेट किया गया। इसमें इनएक्टिव खिलाड़ियों को हटा दिया गया और रोहित शर्मा, विराट कोहली को पिछले हफ्ते वाली ही पोजिशन पर बरकरार रखा गया। पहले भी हो चुकी हैं गलतियां आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। आईसीसी रैंकिंग में 2 बड़ी गलतियां, दोनों बार भारत नंबर-1 बना इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की रैंकिंग में पहले भी गलतियां हो चुकी हैं। 2 मामलों में तो टीम इंडिया को टेस्ट की नंबर-1 टीम बता दिया गया था। बाद में गलती सुधार किया गया। पहली - भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब आईसीसी की आफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया।

# महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**● भारत को पूल 'बी' में रखा गया है जहां उसके मुकाबला जापान, थाईलैंड, सिंगापुर से होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

चीन के हांग्जो में पांच से 14 सितंबर तक होने वाला इस टूर्नामेंट की विजेता टीम 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगी। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा।

टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी, उसके बाद छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। सलीमा टेटे की अगुवाई वाली इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतु. लित मिश्रण है, जिसमें गोलक. ीपर बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम पोस्ट के नीचे गहराई प्रदान करेंगी।

रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, लालरेम. सियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे मजबूत नाम हैं, जो रचनात्मकता और स्थिरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी और उभरते सितारे नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल का मिश्रण शामिल है।

# रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

**● यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि पुजारा का अनुभव टीम के लिए एक बड़ा अनुभव होगा**

**मुंबई, वार्ता।** अजिंक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन से पहले टीम की कप्तानी छोड़ दी। वहीं अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि वह आगामी सीजन के लिए उपलब्ध हैं।

सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुजारा की उपलब्धता की पुष्टि की। एससीए के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने आगामी रणजी सीजन में खेलने के लिए अपनी तत्परता का संकेत दिया है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि उनका अनुभव टीम के लिए एक बड़ा फायदा होगा। भारत के लिए 103 टेस्ट मैच खेल चुके लाल गेंद के दिग्गज 37 वर्षीय पुजारा अब अपने गृह राज्य के लिए केवल बहु-दिवसीय मैचों में ही खेलते हैं। पुजारा ने पिछले सीजन में सात मैचों में 40-2 की औसत से 402 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल था, जब सौराष्ट्र को गुजरात के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

जून 2023 में द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से वह भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं। हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए पुजारा को दलीप ट्रॉफी से बाहर कर दिया था। एससीए के एक अधिकारी ने कहा कि सौराष्ट्र को पुजारा के अनुभव से लाभ मिलने की उम्मीद है। रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से शुरू हो रही है,



जिसमें सौराष्ट्र अपने पहले मैच में कर्नाटक से भिड़ेगा।

इस बीच, रहाणे ने एक बयान जारी कर कहा कि अब समय आ गया है कि मुंबई टीम की कमान एक युवा कप्तान के हाथों में दी जाए। उन्होंने कहा कि मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सीजन नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी नहीं रखने का फैसला किया है। रहाणे ने कहा कि मैं एक खिलाड़ी के तौर पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई क्रिकेट के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हम और अधिक ट्रॉफियां जीत सकें। इस सीजन का बेसब्री से इंतजार है।

# इंग्लैंड की विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित

**● ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया गया है**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए नेट शिवर-ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया है। मई में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद से ही नाइट ने क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह विश्वकप के लिए फिट होने के लिए अच्छी तरह से रिकवरी कर रही हैं। इसके अलावा करीब सात महीने से समय से टीम से बाहर चल रही डैनी वायट-हॉज की भी विश्वकप टीम में वापसी हुई है जिससे इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती मिलेगी। वायट-हॉज ने अंतिम बार एकदिवसीय प्रारूप में जनवरी में ऐशेज के दौरान खेला था। चयनकर्ताओं ने 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्वकप को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड की टीम में चार स्पिनर को शामिल किया है और माया बाउचियर, एलिस डेविड्सन-रिचर्ड्स और केट क्रॉस को विश्व कप दल में जगह नहीं मिल पाई है। सोफी एक्लस्टोन स्पिन आक्रमण की अगुवाई करेंगी और बाएं हाथ की स्पिनर ललसी स्मिथ, ऑफ स्पिनर चार्ली डीन और लेग स्पिनर सारा ग्लेन उनका साथ देंगी। लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर और एम आरलट पर तेजी गेंदबा. जी का दरमदार होगा। वनडे विश्वकप में इंग्लैंड की टीम:- एम आरलट, टैमी बोमॉन्ट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सोफी एक्लस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी, हीथर नाइट, एमा लैंब, नेट शिवर-ब्रंट (कप्तान), लिंसी व डैनी वायट-हॉज।

# सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में भारत चिर-प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश से भिड़ने के लिए तैयार

**● नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरूआत के बाद इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच बाकी है**

**भूटान, वार्ता।** सैफ अंडर17 महिला चैंपियनशिप 2025 में नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरुआत के बाद, इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच और बाकी हैं, मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन की राय में, 'पांच परफेक्ट मैच।

अगला मुकाबला बड़ा है। यंग टाइग्रेसेस का सामना 22 अगस्त को यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे बांग्लादेश से होगा। वे इस टूर्नामेंट के इतिहास की दो सबसे सफल टीमें रही हैं, जिन्होंने चार फाइनल खेले हैं और दो-दो जीते हैं।

बांग्लादेश ने पिछले साल पेनल्टी शूटआउट में भारत से सैफ अंडर16 महिला चैंपियनशिप का खिताब छीन लिया था। और चूंकि कई खिलाड़ी मौजूदा अंडर-17 टीम का हिस्सा हैं, इसलिए यह मैच यंग टाइग्रेसेस के लिए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों से बदला लेने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भारत की तरह, बांग्लादेश ने भी बुधवार शाम मेजबान भूटान को 3-1 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की।

हालांकि भारत की 7-0 की जीत आरामदायक लग सकती है, लेकिन शुरुआती 15 मिनट में ऐसा नहीं लगा, कम से कम तब, जब कुछ घबराहट भरे पल आए और गोलकीपर मुन्नी को कुछ बार एक्शन में आना पड़ा। लेकिन राजस्थान की 15 वर्षीय खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरी और सहज थी, और उसने एक योग्य क्लीन शीट हासिल की। एलेक्ज़ेंडरसन ने कहा कि 7-0 से जीतना, जाहिर है, एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन सच कहूं तो, मैं अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं था।

# प्रेस्टविज का कहर, इंडिया ए की पारी लड़खड़ाई

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्षा प्रभावित इकलौते टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए की जॉर्जिया प्रेस्टविज (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे गुरुवार को इंडिया ए की टीम पहले दिन लड़खड़ा गई। यहां एलन बॉर्डर मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए को लगातार बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पघ और न्यूनतम 100 ओवरों में से केवल 23-2 ओवर का ही खेल हो पाया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने मौसम का पूरा फायदा उठाया। प्रेस्टविज ने नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया को दूसरे ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने दूसरे ओवर की पांचवी गेंद पर सलामी बल्लेबाज नंदिनी कश्यप (शून्य) और अगली ही गेंद पर धारा गुज्जर (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इंडिया ए का तीसरा विकेट 10वें ओवर में तेजल हसबनिस (नौ) के रूप में गिरा। उन्हें सियाना जिंजर ने मिल्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद अगले ही ओवर में प्रेस्टविज ने स्टार ओपनर शेफाली वर्मा को एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की झोली में चौथा विकेट डाल दिया। शेफाली ने 38 गेंदों में 35 रन की पारी में आठ चौके लगाए। इस समय भारत का स्कोर चार विकेट पर 44 रन था। ऐसे संकट के समय तनुश्री सरकार ने राघवी बिष्ट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

# गिल के उपकप्तान बनने से संजू की जगह को खतरा

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शुभमन गिल का बतौर उप-कप्तान टी-20 टीम में वापसी करना संजू सैमसन की प्लेइंग-इलेविन में जगह पर बड़ा खतरा साबित हो सकता है। अब जब गिल उप-कप्तान हैं तो जाहिर है प्लेइंग-इलेविन में उनका स्थान करीब-करीब तय है, गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा। गिल लाल गेंद में तो पहले नंबर-3 और अब नंबर-4 पर खेलते हैं लेकिन सफेद गेंद में वह एक ओपनर हैं। यानी वह अगर प्लेइंग-इलेविन में आते हैं जिसकी संभावना प्रबल है तो फिर उनके लिए अभिषेक शर्मा या सैमसन में से किसी एक को अपना स्थान देना होगा। भारत के लिए पिछले 12 टी-20 से लगातार अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ही पारी का आगाज

**● शुभमन गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा**

कर रही है। अभिषेक और सैमसन की सलामी साझेदारी ने इस दौरान 22-25 की औसत से 267 रन बनाए हैं, जिसमें एक ही बार दोनों के बीच 50+ की साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने 9-82 की रन रेट से आक्रामक शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इन 12 मैचों में 10 बार भारत के सिर जीत का सेहरा बंधा है और इनमें से तीन बार सैमसन (2) और अभिषेक (1) में से कोई प्लेयर ऑफ द मैच रहा है। अभिषेक ने इस दौरान एक तो सैमसन ने तीन शतक भी जड़े हैं। अब ऐसे आंकड़ों के बावजूद इस सलामी जोड़ी को छेड़ना या तोड़ना हैरान जरूर कर सकता है। लेकिन भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की







सोच कुछ अलग है, उन्होंने कहा कि सैमसन पारी का आगाज तब कर रहे थे जब सीनियर खिलाड़ी नहीं खेल रहे थे। अगरकर का यह बयान इशारा कर रहा है कि गिल के आने के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव लगभग तय है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि गिल अगर ओपन करेंगे तो उनके सलामी साझेदार सैमसन होंगे या अभिषेक। टीम मैनेजमेंट के हाल के फैसले और सोच को समझने की कोशिश की जाए तो इसका जवाब ज्यादा मुश्किल नहीं है। एक तो ये कि टीम मैनेजमेंट अब वैसे खिलाड़ियों को तरजीह देती है जो बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी विकल्प दे सकें। अभिषेक इस श्रेणी में सटीक बैठते हैं क्योंकि वह एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिन गें. दबाज भी हैं। दूसरा उनका मौजूदा फॉर्म और बेजोड़ स्ट्राइक रेट विपक्षी टीम को हक्का बक्का कर देता है। अभिषेक ने भारत के लिए आखिरी टी-20 में 54 गेंदों पर 135 रनों की आतिशी पारी खेली थी।

# देर आयद, दुरुस्त आयद

संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा में पास कर दिया गया। सरकार को देर से ही सही, लेकिन लोगों के पैसों को सुरक्षित रखने के लिए बिल लाना ही पड़ा, क्योंकि यह लत देश के लोगों की आर्थिक स्थिति को खराब कर रही थी, जिसकी वजह से हर चौथे घर में झगड़े होते रहते हैं। अब देखना यह है कि सरकार इस बिल को किस प्रकार अमल में लाती है और इसकी जिम्मेदारी किसको दी जाती है। अगर इस बिल का सही क्रियान्वयन हुआ, तो यह लोगों के लिए अच्छा साबित होगा और यदि किसी ऐसे अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई, जो भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है, तो इस बिल की आड़ में और ज्यादा भ्रष्टाचार पनपने लगेगा, इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम उठाना है।

सत्र की शुरुआत 21 जुलाई से हुई थी। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर इस सत्र में बहुत कम कामकाज हुआ है। एक महीने लंबे सत्र के दौरान लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पास किए, लेकिन बार-बार व्यवधान, स्थगन और बायकॉट जारी रहा। आखिरी दिन की कार्यवाही के दौरान सदन में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। इसके साथ लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस बिल का मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग इन ऑनलाइन मनी गेम्स के चक्कर में फंसकर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक गंवा देते हैं। केंद्र सरकार ऑनलाइन गेमिंग से लोगों को हो रहे वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए यह बिल लाई है। इसका नाम प्रमोशन एंड रेग्युलेशन आफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं, बल्कि एक सामा. जिक संकट बन चुकी है।

एक अनुमान के अनुसार इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। कई तो आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। ऑनलाइन गेम ने देशभर में युवाओं को पूरी तरह से जकड़ लिया है। बर्बादी का ऑनलाइन खेल इन दिनों इंटरनेट पर खुलेआम चल रहा है। इसके अलावा गेम के द्वारा ऑनलाइन पैसा कमाने का धंधा भी जोरों पर है। खुलकर कहा जाए तो ऑनलाइन गेम खेलने का धन्धा कह सकते है। इंटरनेट का ज्ञान रखने वाले लड़के हो या लड़की इसी तरह से पैसा कमाने के लिए अग्रसर हो रहे है। हालंकि मिडल क्लास के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह महंगा मोबाइल फोन लैपटॉप और रिचार्ज का पैसा उपलब्ध करा सके। इसलिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये गलत काम करने के लिए प्रेरित होते हैं और अंततः आज की युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर चलने लगती है और शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए इन ऑनलाइन गेम का सहारा लेती है।

## डर सबको लगता है



एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो हफ्ते रहे, मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था, आईएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं, इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली, यह एक अलग ही अनुभव था, अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा, डर सबको लगता है, लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है, जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं, ह्यूमन स्पेस मिशन को अंजाम देने का फायदा सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है, वहां रहकर जो अतिरिक्त ज्ञान हमें मिलता है, वह अमूल्य है।

**-शुभांशु शुक्ला**
**इंडियन एस्ट्रोनाट**

# विश्वास की परीक्षा





**एस.वाई. कुरैशी**

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है।

पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुनः अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की जीवनरेखा हैं, और मतदाता सूची उसका मूल आधार है। यदि सही, सटीक, अद्यतन और विश्वसनीय मतदाता सूची नहीं हो, तो लोकतंत्र गंभीर खतरे में पड़ सकता है। विशेष रूप से हमारे जैसे विशाल और विविध देश में, जहां मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है, मतदाता सूची का सटीक और निरंतर अद्यतन एक असाधारण तार्किक और लोकतांत्रिक अभ्यास है। यह एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का व्यावहारिक रूप है।

भारत का चुनाव आयोग ECI, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का संवैधानिक दायित्व सौंपा गया है, दशकों से इस जिम्मेदारी को निभा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बार-बार यह दोहराया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव मूलभूत संवैधानिक अधिकार हैं और मतदाता सूची की सटीकता इस प्रक्रिया की आत्मा है।

पारदर्शिता हमेशा से चुनाव आयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। मतदाता सूची सभी के लिए खुली रहती है, आपत्तियों के लिए आमंत्रित किया जाता है और सभी हितधारकों को भाग लेने का अवसर दिया जाता है। चुनाव आयोग का यह खुलापन इसे वर्षों से भारी सार्वजनिक भरोसा दिलाता रहा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज CSDS द्वारा 2000-2009 के बीच किए गए सर्वेक्षणों में, चुनाव आयोग को भारत की सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक संस्था पाया गया, जिसकी विश्वसनीयता 85-87 प्रतिशत तक रही। 2007 का एक महत्वपूर्ण प्रयोग SAD मतदाता, मतदाता सूची प्रबंधन में सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में से एक 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान हुआ। उस समय चुनाव आयोग ने एक नई समस्या का समाधान करने के लिए एक अभिनव तरीका अपनाया। समस्या थी SAD - Shifted Absent Dead, यानी स्थानांतरित, अनुपस्थित और मृत मतदाता। इन्हें हटाना विवाद और गड़बड़ी का कारण बन सकता था, इसलिए चुनाव आयोग ने इनके नाम हटाने की बजाय एक अलग सूची बनाई। इस सूची के मतदाताओं को एक विशेष पहचान दी गई और उन्हें मतदान केंद्र पर सत्यापन के बाद ही वोट डालने की अनुमति दी गई। इन लोगों की जिम्मेदारी प्रेसाइडिंग ऑफिसर को दी गई। जब SAD मतदाता मतदान करने आते, तो अधिकारी उनके कागजातों की जांच करता और फिर तय करता कि उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाए या नहीं। इस प्रक्रिया से 2007 का प्रयोग बहुत सफल रहा। गुजरात में SAD मतदाताओं में से 42 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह प्रभावी था।

**2011 से आगे- राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

2011 में चुनाव आयोग ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसका उद्देश्य था लोकतंत्र की भावना को बढ़ावा देना और मतदाता भागीदारी में सुधार लाना। हर साल, नए मतदाताओं को शामिल करना और जागरूक बनाना आयोग की प्राथमिकता रही है। हाल के वर्षों में, चुनाव आयोग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया, स्पेशल समरी रिवीजन SSR इस प्रक्रिया के तहत हर साल मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है। लेकिन 2023-24 में, बिहार की मतदाता सूची से जुड़े एक विवाद ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए। रिपोर्टों के अनुसार, बिहार की मतदाता सूची में संशोधन के दौरान 65 लाख नामों को हटाया गया, जिनमें से 22 लाख दोहराए गए, 36 लाख स्थाई रूप से गुम हो गए और 7 लाख संदिग्ध डुप्लीकेट पाए गए। इससे लोगों के बीच चिंता और अविश्वास फैल गया।

जब इन परिवर्तनों पर जनता को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, तो पारदर्शिता पर प्रश्न उठे। अंततः 14 अगस्त 2024 को चुनाव आयोग को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना पड़ा कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए गए हैं, लेकिन फिर भी नामों की विस्तृत सूची, कारण और सत्यापन के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए।

**विश्वास बहाल करने की आवश्यकता**

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है। पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुनः अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

(लेखक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# कॉफी पाउडर में कॉकरोच: मन में बढ़ता संकट

**कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट और अन्य खाद्य पदार्थों में पशु-आधारित सामग्री का मिश्रण न केवल एक स्वास्थ्य संकट है, बल्कि यह शाकाहारी लोगों के विश्वास और मूल्यों पर भी हमला है। यह समय है कि हम खाद्य मिलावट के खिलाफ एकजुट हों और अपने भोजन की शुद्धता और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सरकार, खाद्य कंपनियों और उपभोक्ताओं को मिलकर इस समस्या का समाधान करना होगा ताकि हमारा भोजन और पेय न केवल स्वादिष्ट हो, बल्कि शुद्ध और नैतिक भी हो। कॉफी का एक कप हमें ताजगी और खुशी देता है, और यह हमारा अधिकार है कि यह शाकाहारी और सुरक्षित रहे।**



**रजनीश कपूर**

भारत में कॉफी और चाय न केवल एक पेय हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक मेलजोल और रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। सुबह की ताजगी हो या दोस्तों के साथ गपशप, कॉफी का एक कप हमें जोड़ता है। लेकिन क्या हो अगर यह कॉफी, जिसे हम शुद्ध और शाकाहारी मानते हैं, वास्तव में शाकाहारी न हो? हाल ही में सोशल मीडिया में कुछ खबरों और अध्ययनों ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि कॉफी पाउडर में कॉकरोच जैसे कीड़ों की मिलावट हो सकती है। यह न केवल खाद्य सुरक्षा का सवाल उठाता है, बल्कि उन लाखों शाकाहारी लोगों के विश्वास को भी तोड़ता है जो अपने आहार को लेकर सजग रहते हैं। पेयों और खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की समस्या एक गंभीर मुद्दा है जिसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।

कॉफी पाउडर में कॉकरोच की मौजूदगी का विचार ही किसी के लिए भी घृणित हो सकता है। लेकिन यह केवल एक डरावनी कहानी नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है जो खाद्य प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण की कमियों को उजागर करती है। कुछ अध्ययनों और उपभोक्ता शिकायतों के अनुसार, सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले कॉफी पाउडर में कीड़े, कॉकरोचों के अवशेष और अन्य अशुद्धियां पाई गई हैं। यह समस्या विशेष रूप से उन ब्रांडों में देखी गई है जो लागत कम करने के लिए निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं या जिनके उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं होता। कॉकरोच जैसे कीड़े न केवल कॉफी को अशुद्ध करते हैं, बल्कि इसे शाकाहारी पेय की श्रेणी से बाहर भी ले जाते हैं। भारत जैसे देश में, जहां शाकाहार न केवल एक आहार है, बल्कि एक धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्य भी है, यह एक गंभीर मुद्दा है। शाकाहारी लोग अपने भोजन और पेय में पशु-आधारित सामग्री से बचते हैं, लेकिन ऐसी मिलावट उनकी पसंद और विश्वास का उल्लंघन करती है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि नैतिकता और विश्वास का भी सवाल है। वहीं यदि कोई कॉफी के साबुत बीन्स को स्वयं ही पीस कर कॉफी बनाए तो उसमें मिलावट का डर नहीं रहता। कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट केवल एक उदाहरण है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या भारत में लंबे समय से चली आ रही है। दूध, मसाले, शहद, घी और यहां तक कि अनाज जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थ भी मिलावट का शिकार हैं। उदाहरण के लिए, दूध में पानी, यूरिया या डिटर्जेंट मिलाने की खबरें आम हैं। मसालों में कृत्रिम रंग, चूरा या ईंट का पाउडर मिलाया जाता है। शहद में चीनी का सिरप और घी में वनस्पति तेल की मिलावट कोई नई बात नहीं है। इनमें से कई मिलावटें न केवल शाकाहारी भोजन को प्रभावित करती हैं, बल्कि कुछ मामलों में पशु-आधारित सामग्री भी शामिल हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ सस्ते घी ब्रांडों में पशु वसा द्धंदपउंसजिक्र की मिलावट भी पाई गई है, जिसे शाकाहारी लोग पूरी तरह से अस्वीकार करते हैं। इसी तरह, कुछ मिठाइयों और बेकरी उत्पादों में अंडे या पशु-आधारित जेलाटिन का उपयोग होता है, जिसे पैकेजिंग पर स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता। यह शाक. ाहारी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा धोखा है, जो अपने भोजन को लेकर सावधानी बरतते हैं। मिलावट का प्रभाव केवल स्वाद या गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। कॉकरोच और अन्य कीड़े बैक्टीरिया और रोगजनकों के वाहक हो सकते हैं, जो कॉफी के सेवन से पेट की बीमारियों, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, मिलावटी खाद्य पदार्थों में रासायनिक पदार्थों का उपयोग, जैसे कृत्रिम रंग या संरक्षक, दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कैंसर, गुर्दे की बीमारी और हृदय रोगों को जन्म दे सकता है।

नैतिक दृष्टिकोण से, यह उपभोक्ताओं के साथ विश्वासघात है। शाकाहारी लोग अपने आहार को लेकर इसलिए सजग रहते हैं क्योंकि यह उनकी धार्मिक, सांस्कृतिक या पर्यावरणीय मान्यताओं का हिस्सा है। जब उन्हें पता चलता है कि उनके द्वारा खाया या पिया गया भोजन शाकाहारी नहीं है, तो यह उनके विश्वास और मूल्यों पर चोट करता है। इसके अलावा, यह खाद्य कंपनियों और नियामक संस्थानों पर सवाल उठाता है कि वे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं।

मिलावट की समस्या के कई कारण हैं। पहला, लागत कम करने की होड़ में कुछ निर्माता निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करते हैं। दूसरा, खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन न होना और निरीक्षण की कमी। तीसरा, उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी, जिसके कारण वे सस्ते और मिलावटी उत्पादों को खरीद लेते हैं। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब सभी हितधारक मिलकर काम करें। सरकार को खाद्य सुरक्षा मानकों को और सख्त करना चाहिए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। खाद्य कंपनियों को पारदर्शिता बरतनी चाहिए और अपने उत्पादों की सामग्री को स्पष्ट रूप से पैकेजिंग पर उल्लेख करना चाहिए। उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा और विश्वसनीय ब्रांडों को चुनना होगा। इसके अलावा, शाकाहारी लोग अपने भोजन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए घर पर कॉफी बीन्स को पीसने या प्रमाणित शाकाहारी उत्पादों का उपयोग करने जैसे विकल्प चुन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत



**के.सी. त्यागी**

जैसे-जैसे राजनीतिक अस्थिरता गहराती जा रही है और वैश्विक शक्तियां गाजा के भविष्य पर बहस कर रही हैं, लाखों फलस्तीनी अनिश्चित और भयावह भविष्य का सामना कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2003 को हमास लड़ाकों ने सफलतापूर्वक इजराइल पर एक बड़ा हमला किया, लेकिन इसकी जो कीमत फिलिस्तीनियों को चुकानी पड़ रही है, वह दिल दहला देने वाली है। इस युद्ध से हुई तबाही से उबरने में फिलिस्तीन को सदियों लग सकते हैं। यह युद्ध 15 महीनों से अधिक समय तक चला, और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, फलस्तीन को फिर से बनाने में 350 से अधिक वर्ष लग सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, सिर्फ पहले चार महीनों में हुए नुकसान की कीमत लगभग 18.5 अरब डॉलर आंकी गई है। फिलहाल, गाजा की लगभग 69 प्रतिशत संरचनाएं या तो पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हैं। केवल गाजा क्षेत्र में 50 मिलियन टन से अधिक मलबा जमा हो चुका है, जिसे साफ करने में भी 15 साल से अधिक का समय लग सकता है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक की रिपोर्टों के अनुसार, गाजा में जमा मलबा मिस्र के ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा के आकार से लगभग 12 गुना बड़ा है। यदि प्रतिदिन 100 ट्रक लगातार मलबा साफ करें, तब भी इसे पूरी तरह हटाने में 15 साल से अधिक का समय लगेगा।



**मानव जीवन की भयावह कीमत**

गाजा में तबाही के कारण तीन पीढ़ियां अपने स्थाई घर खो चुकी हैं और उन्हें लंबे समय तक विस्थापित रहना होगा। अब तक 58,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 44 प्रतिशत बच्चे हैं। जो बच्चे जीवित बचे हैं, वे भी बेहद खराब परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं। वे लगातार बीमारियों, तनाव, आघात, अवसाद और भय से जूझ रहे हैं। फिलिस्तीन के बच्चों पर किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 96 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि वे अब जीवित नहीं रहना चाहते। जिन बच्चों ने 16 वर्ष की आयु पूरी की, उनमें 72 प्रतिशत लड़कियां और 68 प्रतिशत लड़के आत्महत्या के विचार व्यक्त करते हैं। नीदरलैंड्स की एक संस्था वर्ल्ड चाइल्ड अलायंस ने रिपोर्ट दी है कि 92 प्रतिशत माता-पिता ने अपने बच्चों को लगातार हिंसा और युद्ध से बचाने में असमर्थता व्यक्त की है।

**अर्थव्यवस्था का पतन**

विश्व बैंक का अनुमान है कि केवल पहले चार महीनों में गाजा की अर्थव्यवस्था को जितना नुकसान हुआ, वह वेस्ट बैंक और गाजा की संयुक्त वार्षिक अर्थव्यवस्था के बराबर है। प्रमुख सड़कें गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, पानी और बिजली की आपूर्ति ठप हो चुकी है, और अस्पतालों की कार्यक्षमता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।

**राजनीतिक अस्थिरता और वैश्विक प्रतिक्रिया**

इस स्थिति ने फिलिस्तीन के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल पैदा कर दी है। फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने इस्तीफा दे दिया और अपने इस्तीफे में स्वीकार किया कि गाजा के लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में किए गए सैन्य अभियानों और इजराइल के हमलों ने इस मानवीय संकट को और गहरा बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम संकल्प का समर्थन 158 देशों ने किया, लेकिन जमीनी हालात में कोई बदलाव नहीं आया। गाजा के पुनर्निर्माण में अब अरब देशों, यूरा. ेपीय संघ और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन राजनीतिक टकराव और प्रतिबंध पुनर्निर्माण को धीमा कर रहे हैं।

**रोजगार, विस्थापन और भुखमरी**

हमास के हमले के बाद इजराइल ने लगभग 80,000 फिलिस्तीनी मजदूरों के परमिट रद्द कर दिए, जिससे बेरोजगारी 40 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं, मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत बढ़ गई और भोजन तथा ईंधन की कीमतें दोगुनी हो गईं। इसके अलावा, अमेरिका और यूरोपीय देशों ने गाजा के लिए वित्तीय सहायता सीमित कर दी है। इसने मानवीय संकट को और भी गंभीर बना दिया है। गाजा में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ध्वस्त हो चुकी हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, और लोग भूख से मर रहे हैं।

**क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक कूटनीति**

कई अरब देश, जैसे सऊदी अरब, कतर, जॉर्डन और तुर्की, इजराइल के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। वहीं, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देश हमास के खिलाफ खड़े हैं। यह राजनीतिक विभाजन गाजा संकट को और भी जटिल बना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक इजराइल और फिलिस्तीन के बीच एक व्यापक शांति समझौता नहीं होता, तब तक यह संकट और गहराता जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि यदि गाजा में पुनर्निर्माण और राहत कार्य तुरंत शुरू नहीं हुए, तो आने वाले वर्षों में मानवीय त्रासदी और भी भयावह हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार

## जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना

**मास्को।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। वैसे, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। इसलिए, ईमानदारी से कहूं तो जो तर्क मीडिया की ओर से दिया गया है, वह हमें पूरी तरह से उलझाने वाला और अस्पष्ट लगता है। इससे पूर्व रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष एस, जयशंकर के साथ बैठक की। इस दौरान



**कहा: चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं, यूरोपीय संघ एलएनजी का सबसे बड़ा खरीदार है**

उन्होंने कहा, हमें आपको मास्को में देखकर खुशी हो रही है। मुझे पता है कि आपका कल का दिन व्यस्त था। आपने उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव के साथ व्यापार और आर्थिक मामलों की अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की, जो सफल रही। लावरोव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज हमें राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। हम अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी-20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है, जहां सभी मौजूदा और भविष्य के शक्ति केंद्र देश आपस में सहयोग, समझौते और संतुलित दृष्टिकोण से काम कर सकते हैं। रूस ऐसे संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। मुझे आपसे मिलकर खुशी हो रही है और मुझे आज की चर्चाओं से अच्छे परिणाम की उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आज की बैठक हमारे लिए एक अवसर है कि हम अपने राजनीतिक संबंधों पर चर्चा करें।

### टैरिफ पर अमेरिका पर पलटवार के लिए यूरेशिया बनेगा ब्रम्हास्त्र

**मास्को।** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका से तनाव के बीच भारत का दोस्त रूस एक बार फिर आगे आया है। दरअसल, भारत और रूसी नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो गई है। इस बाबत बुधवार को दोनों पक्षों ने टर्म्स आफ़ रेफरेंस पर हस्ताक्षर भी किए। यह समझौता भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के मास्को दौरे के दौरान भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भाडू और ईएईयू की व्यापार नीति विभाग के उप निदेशक मिखाइल चेरेकैव के बीच हुआ। इस मौके पर दोनों पक्षों ने वार्ता की औपचारिक शुरुआत की रूपरेखा और भविष्य की संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

## अमेरिका ने आईसीसी कर्मचारियों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में कार्यरत चार कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगा दिए। ये लोग दोनों देशों की सहमति के बिना अमेरिकी और इज़रायली कर्मियों की जांच, गिरफ्तारी, हिरासत या मुकदमा चलाने के लिए आईसीसी द्वारा की गई कार्रवाइयों में सीधे तौर पर शामिल थे। अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों की आईसीसी की जांच को अधिकृत करने और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए आईसीसी द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने को अधिकृत करने के लिए दो आईसीसी न्यायाधीशों को नामित किया गया था।



भारत-रूस व्यापार मंच के दौरान रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और अन्य के साथ केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड महिला भारत से गिरफ्तार

**■ अपने ही छह साल के बेटे की हत्या का आरोप, दो करोड़ का इनाम था सिंडी राड्रिगेज सिंह पर**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने टेक्सास की एक मोस्ट वांटेड महिला को भारत से गिरफ्तार किया है। सिंडी राड्रिगेज सिंह नाम की इस महिला पर अपने ही 6 साल के बेटे बेटे नोएल रोड्रिग्ज की हत्या का आरोप है। एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने एक्स पर बताया कि सिंडी ने अपने ठिकाने के बारे में झूठ बोला था और फिर भारत भाग गई थी। भारतीय अधिकारियों और इंटरपोल की मदद से एफबीआई ने 20 अगस्त 2025 को भारत में सिंडी को हिरासत में लिया। उसे अमेरिका वापस भेज दिया गया है, जहां उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। सिंडी एफबीआई की टाप 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ों की लिस्ट में शामिल थी। एफबीआई ने उनकी खबर देने वाले को 2.50 लाख डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) इनाम का ऐलान की थी। काश पटेल के मुताबिक, वह पिछले 7 महीनों में गिरफ्तार होने वाली चौथी मोस्ट वांटेड भगोड़ी है। जांच के दौरान सिंडी ने दावा किया था कि नोएल नवम्बर 2022 से अपने पिता के साथ मेक्सिको में है। लेकिन दो दिन बाद वह अपने पति अर्शदीप और छह बच्चों के साथ भारत के लिए फ्लाइट में देखी गई, जिसमें नोएल नहीं था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने सिंडी के गिरफ्तारी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। टेक्सास अधिकारियों ने नवम्बर 2023 में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई ने गाजा से 155 फलस्तीनियों को सुरक्षित निकाला

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर गाजा से 155 घायल और बीमार फलस्तीनी लोगों को सुरक्षित निकाला है। यूएई की विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूएई चिकित्सा कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अबु धाबी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवा दिया है, जबकि अन्य बीमारों और उनके परिजनों को एमिरेट्स ह्यूमैनिटेरियन सिटी में रखा गया है, जहां उनको आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### मिस्र ने गाजा में राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे

**काहिरा।** मिस्र ने 27 जुलाई से 17 अगस्त के बीच केरेम शालोम सीमा के माध्यम से गाजा पट्टी में मानवीय राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे हैं। मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक सांख्यिकीय चार्ट में यह जानकारी दी गई है। चार्ट में दिखाया गया है कि राहत सामग्री से लदे लगभग 5000 ट्रक अभी भी गाजा में प्रवेश करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### यांगून में भूकंप के तेज झटके लगे

**यांगून।** म्यांमार के यांगून शहर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार लगभग आज पूर्वाह्न नौ बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए।

# भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती: निक्की हेली

## संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत ने ट्रम्प को चेताया: भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रम्प प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी।

निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और लोकतांत्रिक साझेदार माने। भारत-अमेरिका के रास्ते अलग लेकिन मंजिल एक निक्की ने आर्टिकल की शुरुआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा: जुलाई 1982 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए



**निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ व उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा**

डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। निक्की ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाए जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका-भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीधे पीएम मोदी से बात करें और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाएं। निक्की बोलीं: ट्रम्प प्रशासन के दो मकसद, पूरा करने के लिए भारत की जरूरत ट्रम्प प्रशासन की विदेश नीति के दो बड़े मकसद हैं। पहला चीन को पीछे छोड़ना और ताकत के जरिए दुनिया में शांति कायम करना। इन दोनों मकसद को पाने के लिए भारत के साथ रिश्ते सुधारना बेहद जरूरी है। भारत को चीन जैसा विरोधी मानकर सजा देना सही नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक और अहम साझेदार है। अगर अमेरिका भारत के साथ ऐसे ही टकराव जारी रखता है, तो यह रिश्तों के लिए खतरनाक होगा। एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को रोकने में भारत ही सबसे मजबूत देश है। अगर अमेरिका ने इस साझेदारी को कमजोर कर दिया तो यह एक बड़ी रणनीतिक भूल होगी। अभी के समय में भारत की अहमियत और भी बढ़ जाती है।

## अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का बुधवार को निधन हो गया। वे 88 साल के थे। कैप्रियो लंबे समय से पैंक्रियाटिक कैंसर से लड़ रहे थे। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर उनकी मौत की जानकारी दी। कैप्रियो अपने कोर्ट शो 'काट इन प्रोविडेंस' से दुनियाभर में मशहूर हुए। यह शो 2018 से 2020 तक चला और कई डेटाइम एमी अवाड्र्स के लिए नामिनेट हुआ। उनकी दया और इंसानियत भरे फैसलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं। उन्होंने कई बार गरीब परिवारों के चालान माफ किए और लोगों को हौसला बढ़ाया। जज फ्रैंक कैप्रियो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनके इंस्टाग्राम पर उनके 34 लाख फालोअर्स हैं। उनके वीडियो को ऑनलाइन अरबों बार देखा गया। कैप्रियो ने रविवार को ही इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया था।

# इमरान खान को मिली आठ मामलों में जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई 2023 के दंगों से जुड़े 8 मामलों में जमानत दे दी। इमरान खान के समर्थकों ने 9 मई को रावलपिंडी में सेना के जनरल हेडक्वार्टर्स (जीएचआईक्यू) और लाहौर में सैन्य अधिकारियों के घर पर हमला किया था। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने इस दंगे की साजिश रची थी।

इमरान की जमानत का फैसला मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने सुनाया। इमरान फिलहाल रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद भी इमरान जेल से रिहा नहीं होंगे, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं और वे 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की



**मिलिट्री हेडक्वॉर्टर पर हमले का केस भी शामिल, लेकिन जेल से रिहा नहीं होंगे पूर्व पाक पीएम**

अडियाला जेल में बंद हैं। लाहौर की एक काउंटर टेररिज्म अदालत ने नवम्बर 2024 में इमरान को इन मामलों में जमानत देने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद, लाहौर हाई कोर्ट ने भी 24 जून को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इमरान खान ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इमरान की तरफ से वकील ने दलील दी थी कि दंगों के वक्त वे नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में थे, इसलिए घटनाओं में शामिल होना मुमकिन नहीं था।

# आईसीसी और फ्रांस ने डोनाल्ड ट्रम्प को घेरा

**नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी करने वालों जजों पर प्रतिबंध के मामले ने पकड़ा तूल**

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है।

अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है।बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में आईसीसी ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की चिंता किए बगैर वह अपने काम को जारी रखेगा। साथ ही आईसीसी ने अपने 125 सदस्य देशों से अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपने कार्य के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए भी आह्वान किया। आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि ये प्रतिबंध निष्पक्ष न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता पर खुला हमला है। ये प्रतिबंध न्यायालय के सदस्य देशों, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और सबसे बढ़कर, दुनिया भर के लाखों निर्दोष पीड़ितों का अपमान हैं।

# भारत-चीन लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार करेंगे

## नेपाल ने सीमा विवाद को लेकर विरोध जताया, भारत बोला: यहा से 1954 से ट्रेड हो रहा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ। बातचीत में लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया। नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है।

उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। इस पर



भारत नेलिखित जवाब में कहा कि लिपुलेख के रास्ते 1954 से व्यापार हो रहा है, जो हाल के सालों में कोरोना और अन्य वजहों से रुका था। अब दोनों देशों ने इसे फिर शुरू करने का फैसला किया है। भारत का कहना है कि नेपाल के क्षेत्रीय दावे ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। ये एकतरफा दावे मान्य नहीं हैं। भारत ने नेपाल के साथ सीमा विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से हल करने की इच्छा जताई है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सितम्बर में भारत दौरे पर आएंगे। वे 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेने के बाद 16 सितम्बर को भारत पहुंचेंगे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे और प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की।

## चीन ने अफगान-पाक से आतंकवाद पर की चर्चा

**काबुल।** चीन के विदेश मंत्री यांग वी ने कहा है कि आम सहमति पर आधारित व्यापक उपायों से आतंकवाद के मूल कारणों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने यह बात यहां अफगानिस्तान और पाकिस्तान से साथ त्रिपक्षीय बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तीनों पक्षों को सहयोग विस्तार, सुरक्षा वार्ता तंत्र, कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सहयोग को गहरा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के प्रयासों को मजबूत करना चाहिए।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

# यूक्रेन पर रूस का साल का सबसे बड़ा हमला

**■ 574 ड्रोंस और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर**

**कीव।** यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रानिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं। बीते हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी। ट्रम्प ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरोपीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD (होम्यापैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108